मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम




वर्ष : 2 अंक: 168 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

मंगलवार, 09 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


# संसद में हसा-हसाकर विपक्ष को खूब सुना गए पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने विपक्षी सांसदों पर अपने खास अंदाज में पलटवार किया। भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाने को लेकर खासकर तृणमूल के सांसद डेरेक ओ ब्रायन और कांग्रेस सांसद प्रताप सिंह बाजवा के भाषण और नाम का जिक्र कर उन्होंने कुछ ऐसा कहा कि खुद बाजवा मुस्कुरा पड़े। मोदी ने कहा कि विपक्षी सांसदों ने चर्चा के दौरान लोकतंत्र पर उपदेश दिए, लेकिन वह उनसे सहमत नहीं हैं। अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद गुलाम नबी आजाद की तारीफ करते हुए उनपर तंज भी कसा।



पीएम मोदी ने तंज कसते हुए कहा- 'मुझपर भी कितना हमला हुआ। हर प्रकार से जो भी कहा जा सकता है, कहा गया, लेकिन मुझे बहुत आनंद हुआ कि मैं कम से कम आपके काम तो आया। देखिए एक तो कोरोना के कारण ज्यादा जाना-आना होता नहीं होगा... फंसे रहते होंगे... और घर में भी किचकिच चलती होगी। अब इतना गुस्सा यहां निकाल दिया तो आपका मन कितना हल्का हो गया। आप घर के अंदर कितनी खुशी-चैन से समय बिताते होंगे। तो ये आनंद जो आपको मिला है... इसके लिए मैं काम आया ये भी मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। और मैं चाहूंगा कि ये आनंद लगातार लेते रहिए। चर्चा करते रहिए... लगातार चर्चा करते रहिए... सदन को जीवंत बनाकर रखिए। मोदी है मौका लीजिए'

पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का एक कथन पढ़ा जिसमें उन्होंने कृषि से जुड़े एक बड़े बाजार की वकालत की थी। पीएम मोदी ने कहा, 'मजा ये है जो लोग पॉलिटिकल बयानबाजी करते हैं उछल-उछल के, उनकी सरकारों ने भी अपने-अपने राज्यों में थोड़ा-बहुत तो किया ही है। किसी ने कानूनों की मंशा पर सवाल नहीं उठाए हैं। शिकायत ये है कि तरीका ठीक नहीं था... जल्दी कर दिया... ये रहता है। वो तो परिवार में शादी होती है तो फूफी नाराज होकर कहती है.. मुझे कहां बुलाया.. वो तो रहता है... इतना बड़ा परिवार है तो वो तो रहता ही है।' पीएम मोदी ने सदन में कांग्रेस सांसद गुलाम नबी आजाद की प्रशंसा करते हुए उनपर तंज भी कसा। पीएम मोदी ने कहा कि गुलाम नबी जी ने कई मसलों पर सरकार की प्रशंसा की, लेकिन मुझे डर है कि उनकी पार्टी इसे G-23 के संबंध में ना ले ले।


पीएम मोदी ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा- 'हम लोग कुछ शब्दों से बड़े परिचित हैं। श्रमजीवी, बुद्धिजीवी, ये सारे शब्दों से परिचित हैं, लेकिन मैं देख रहा हूं कि पिछले कुछ समय से इस देश में एक नई जमात पैदा हो गई है और वो है आंदोलनजीवी। ये जमात आप देखोगे वकीलों का आंदोलन है, वहां नजर आएंगे... स्टूडेंट का आंदोलन है वो वहां नजर आएंगे... मजदूरों का आंदोलन है वो वहां नजर आएंगे... कभी पर्दे के पीछे कभी पर्दे के आगे। ये पूरी टोली है जो आंदोलनजीवी है। वो आंदोलन के बिना जी नहीं सकते हैं। हमें ऐसे लोगों को पहचानना होगा। ये आंदोलनजीवी दरअसल परजीवी होते हैं।' कांग्रेस सांसद प्रताप सिंह बाजवा को सुनाते हुए पीएम मोदी ने कहा- कांग्रेस के बाजवा साहब काफी अच्छा बता रहे थे। इतना लंबा खींचकर बता रहे थे कि मुझे लग रहा था कि बस थोड़ी देर में ये इमर्जेंसी तक पहुंच जाएंगे। मुझे लग रहा था क बस एक कदम बाकी है और वह 84 तक पहुंच जाएंगे। लेकिन वह बहां तक नहीं पहुंचे। खैर कांग्रेस देश को बहुत निराश करती है, आपने भी बहुत निराश किया ।

पीएम मोदी ने विपक्षी सांसदों के भाषण पर जमकर चुटकी ली। डेरेक ओ ब्रायन के शब्दों का जिक्र कर मोदी ने कहा कि मुझे लग रहा था कि वे बंगाल की बात बता रहे हैं या फिर देश की बात बता रहे हैं। स्वाभाविक है कि वहां जो देखते-सुनते हों वहां की बात गलती से यहां बता दी हो।

अपने संबोधन की शुरूआत में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को धन्यवाद देते हुए पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर तंज कसा। उन्होंने कहा, 'अच्छा होता कि अगर सभी सदस्य राष्ट्रपति जी का भाषण सुन पाते, लेकिन फिर भी राष्ट्रपति जी का अभिभाषण इतना शक्तिशाली था कि लोगों तक पहुंच गया।'

# भारतीय सेना ने पाक की नापाक हरकतों को सीमित किया: राजनाथ

**नई दिल्ली।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा 'भारतीय सेना की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान की ओर से की जाने वाली हरकतों को सीमा तक सीमित कर दिया है।' रक्षा मंत्री ने बताया '2020 में संघर्ष-विराम उल्लंघन की 4629 घटनाएं हुईं। पाकिस्तान की ओर से इस तरह की गतिविधियों को अंजाम देने का उद्देश्य भारत में शांति को बाधित करना है।' उन्होंने बताया 'पाकिस्तान की ओर से होने वाली संघर्ष-विराम उल्लंघन की घटनाओं को रोकने के लिए भारतीय पक्ष अपनी ओर से समुचित कदम उठाता है।' इसका ब्यौरा देने से इंकार करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में आतंकवादियों का प्रवेश कराने, कई बार भारत में सक्रिय आतंकवादियों को यहां से निकालने के लिए और भारत में शांति की स्थिति को बाधित करने के लिए भी सीमा पार से संघर्ष-विराम का उल्लंघन किया जाता है।'




सिंह ने बताया 'जहां तक भारत की ओर से की जाने वाली कार्रवाई का सवाल है... यह तो पाकिस्तान सरकार का दिल ही बता सकता है कि भारत की सेना का प्रत्युत्तर क्या और कैसा है ? भारतीय सेना ने उनकी ओर से की जाने वाली गतिविधियों को सीमा तक सीमित कर दिया है।' पूरक प्रश्न पूछते हुए सदन में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य गुलाम नबी आजाद ने कहा 'वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान ही संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाएं क्यों बढ़ी हैं ? क्या इसके लिए विदेश नीति जिम्मेदार है ?' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सीमा जम्मू से लगती है कश्मीर से नहीं। उन्होंने कहा 'अक्सर कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ कराई जाती है और जम्मू में संघर्षविराम उल्लंघन होता है। इससे जम्मू के पांच जिलों में खास तौर पर प्रभाव पड़ता है। वहां के लोगों को मुआवजा मिलना चाहिए।' राजनाथ ने बताया ह्यजान माल के नुकसान पर राज्य सरकार की ओर से मुआवजा देने की परंपरा चली आ रही है। पहले मुआवजे की राशि बहुत ही कम थी। पहले केवल तीन पशुओं के मारे जाने पर मुआवजा दिया जाता था। अब यह राशि बढ़ा दी गई है और हर तरह के नुकसान पर मुआवजा दिया जाता है।'

सिंह ने बताया 'सीमा पर 14,000 से अधिक बंकर बनाने का लक्ष्य रखा गया था जिनमें से अधिकतर बंकर तैयार किए जा चुके हैं। खतरे की आशंका होते ही नागरिकों को अन्यत्र ले जाया जाता है।' उन्होंने कहा ह्यसीमा पार से संघर्ष-विराम उल्लंघन अक्सर इसलिए किया जाता है क्योंकि उनका भारत में पठानकोट हमला, उरी हमला जैसी बड़ी घटनाओं को अंजाम देने का इरादा होता है। भारतीय सेनाएं अपनी ओर से सीमा पर पूरी तरह सतर्कता बरतती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 2030 तक भारतीय रेलवे विश्व की पहली प्रदूषण मुक्त रेलवे बन जाएगी: पीयूष गोयल



नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जिस तरह से आत्मनिर्भर बजट में प्रस्ताव रखे गए हैं। उससे भारतीय रेलवे वर्ष 2030 तक विश्व की पहली प्रदूषण रहित रेलवे बन जाएगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने ये बातें कहीं। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल और मीडिया प्रमुख नवीन कुमार भी उपस्थित थे। पीयूष गोयल ने भारतीय रेलवे के आने वाले समय की योजनाओं के बारे में बात करते हुए कहा कि अगले तीन सालों में सभी ट्रेनें डीजल मुक्त हो जाएगी, जिसके कारण पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने में सहायता मिलेगी। रेलवे को पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने और जनता को बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जो कार्यक्रम तैयार किया गया है। उससे वर्ष 2030 तक रेलवे अनेक मार्गों पर बुलेट और सेमी बुलेट सेवा देने में कामयाब हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का काम अहमदाबाद की ओर से शुरू करने के लिए निविदायें दी जा चुकी हैं। गुजरात में परियोजना के लिए जरूरी भूमि में 90 प्रतिशत का अधिग्रहण किया जा चुका है। महाराष्ट्र में भूमि न मिलने के कारण इस परियोजना का काम लगभग ठप है, इसमें तेजी लाने के लिए राज्य सरकार से वार्ता की जा रही है। इसके अलावा देश में 7 मार्गों पर सभी बुलेट ट्रेन सेवा देने की तैयारियां भी जारी है। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिजली और नवीकरण ऊर्जा के सबसे बड़े समर्थकों में से एक हैं।

### मोदी सरकार किसानों को कमजोर ना समझे: मंत्री

जयपुर। राज्य सरकार में परिवहन कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास में किसानों की तीनों मांगों को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि किसानों के आंदोलन को आज तीन महीने होने जा रहे है और उनकी मांगों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी टस से मस नहीं हो रहे है उन्होने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और लोकतंत्र में किसानों को कमजोर समझने की भूल कर रही है ।उन्होने कहा कि किसानों की जायज मांगों के लिए कांग्रेस उनके साथ खडी है उन्होने मोदी सरकार के कृषि मंत्रालय पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई दौरो की बातचीत के बावजूद किसानों की मांग ज्यो की त्यो खडी है इससे स्पष्ट होता है कि केन्द्र सरकार लोकतंत्र का खुला उल्लांघन कर रही है लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार को जिद्द नीं करनी चाहये। उन्होने कहा कि किसान धरने प्रदर्शन शुरू करने से पहले ही तीनों कानून वापसी की मांग पर अडे है और मोदी सरकार को किसानों के हित की चिंता ना होकर अपनी जिद्द और उस जिद्द के पीछे के मकसद को फलीभूत करने को राजहठ को छोड देना चाहिये।

उत्तराखंड संकट

# सेना ने दिखाई सक्रियता, तपोवन में बंद सुरंग खोली, रेस्क्यू जारी

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में ग्लेशियर टूटने के बाद आई भीषण आपदा में सबसे अधिक प्रभावित हुए जोशीमठ के तपोवन में भारतीय सेना के जवानों ने इंजीनियर टास्क फोर्स के साथ मिलकर सुरंग को खोल दिया है। आपदा की चपेट में आने के 24 घंटे बाद भी यहां बचाव कार्य चल रहा है। भारतीय सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'जनरेटर और सर्च लाइट लगाकर पूरी रात बचाव कार्य जारी रहा।'



फंसे हुए लोगों को निकालने के बाद साइट पर सेना द्वारा बनाए गए फील्ड अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। सूरज उगने से पहले ही भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर बचाव टीमों को लेकर यहां आ गए थे। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'ऊंचे इलाकों की जांच भी की जा रही है, ताकि पता चल सके कि कहीं फिर से हिमस्खलन का खतरा तो नहीं है। 'तपोवन के पास धौलीगंगा नदी में आई बाढ़ के कारण नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) लिमिटेड परियोजना के बहने से करीब 150 लोगों के मारे जाने की आशंका है।

एनटीपीसी ने एक बयान में कहा, 'उत्तराखंड में तपोवन के पास ग्लेशियर टूटने से हमारे निमाणार्धीन जलविद्युत परियोजना के एक हिस्से को नुकसान हुआ है। बचाव कार्य जारी है। जिला प्रशासन और पुलिस की मदद से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। 'बता दें कि जोशीमठ के पास ऋषि गंगा नदी में रविवार सुबह 10.45 बजे के आसपास बाढ़ आ गई थी। ग्लेशियर का एक बड़ा हिस्सा नदी में गिरने के कारण इसमें पानी की मात्रा तेजी से बढ़ गई थी। इसके कारण रेनी गांव के पास ऋषि गंगा पनबिजली परियोजना तबाह हो गई। जोशीमठ-मलारी राजमार्ग पर बॉर्डर रोड ऑगेर्नाइजेशन (बीआरओ) का पुल भी बह गया है।

स्थानीय प्रशासन ने कहा, 6 चरवाहे अपने पशुओं के साथ बाढ़ में बह गए थे, उन्हें बचा लिया गया था। ऋषि गंगा नदी रेनी गांव के पास धौली गंगा से मिलती है, जिसके कारण धौली गंगा में भी बाढ़ आ गई थी, जिसमें गांव के 6 घर बह गए। नदी के दूसरी तरफ के गांवों को जोड़ने वाले दो पुल भी इस आपदा में बह गए। बीआरओ ऋषिकेश-जोशीमठ-मान मार्ग को साफ करके खोलने में कामयाब रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राज्य के अधिकारी इस क्षेत्र में सेना के साथ बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। केंद्र सरकार स्थिति की निगरानी कर रही है और फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए सभी एजेंसियां काम कर रही हैं।

# अप्रैल से मोदी सरकार बदल सकती है काम के घंटे और रिटायरमेंट के नियम

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2021 से आपकी ग्रेच्युटी, पीएफ और काम के घंटों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और भविष्य निधि पीएफ मद में बढ़ोतरी होगी। वहीं, हाथ में आने वाला पैसा टेक होम सैलरी घटेगा। यहां तक कि कंपनियों की बैलेंस शीट भी प्रभावित होगी। इसकी वजह है पिछले साल संसद में पास किए गए तीन मजदूरी संहिता विधेयक (कोड ऑन वेजेज बिल)। इन विधेयकों के इस साल 1 अप्रैल से लागू होने की संभावना है। वेज मजदूरी की नई परिभाषा के तहत भत्ते कुल सैलेरी के अधिकतम 50 फीसदी होंगे। इसका मतलब है कि मूल वेतन सरकारी नौकरियों में मूल वेतन और महंगाई भत्ता अप्रैल से कुल वेतन का 50 फीसदी या अधिक होना चाहिए। गौरतलब है कि देश के 73 साल के इतिहास में पहली बार इस प्रकार से श्रम कानून में बदलाव किए जा रहे हैं। सरकार का दावा है कि नियोक्ता और श्रमिक दोनों के लिए फायदेमंद साबित होंगे। नए ड्राफ्ट कानून में कामकाज के अधिकतम घंटों को बढ़ाकर 12 करने का प्रस्ताव पेश किया है। ओएसच कोड के ड्राफ्ट नियमों में 15 से 30 मिनट के बीच के अतिरिक्त कामकाज को भी 30 मिनट गिनकर ओवरटाइम में शामिल करने का प्रावधान है। मौजूदा नियम में 30 मिनट से कम समय को ओवरटाइम योग्य नहीं माना जाता है। ड्राफ्ट नियमों में किसी भी कर्मचारी से 5 घंटे से ज्यादा लगातार काम कराने को प्रतिबंधित किया गया है। कर्मचारियों को हर पांच घंटे के बाद आधा घंटे का विश्राम देने के निर्देश भी ड्राफ्ट नियमों में शामिल हैं। नए ड्राफ्ट रूल के अनुसार, मूल वेतन कुल वेतन का 50% या अधिक होना चाहिए। इससे ज्यादातर कर्मचारियों की वेतन संरचना बदलेगी, क्योंकि वेतन का गैर-भत्ते वाला हिस्सा आमतौर पर कुल सैलेरी के 50 फीसदी से कम होता है। वहीं कुल वेतन में भत्तों का हिस्सा और भी अधिक हो जाता है। मूल वेतन बढ़ने से आपका पीएफ भी बढ़ेगा। पीएफ मूल वेतन पर आधारित होता है। मूल वेतन बढ़ने से पीएफ बढ़ेगा, जिसका मतलब है कि टेक-होम या हाथ में आने वाला वेतन में कटौती होगी। ग्रेच्युटी और पीएफ में योगदान बढ़ने से रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली राशि में इजाफा होगा। इससे लोगों को रिटायरमेंट के बाद सुखद जीवन जीने में आसानी होगी। उच्च-भुगतान वाले अधिकारियों के वेतन संरचना में सबसे अधिक बदलाव आएगा और इसके चलते वो ही सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। पीएफ और ग्रेच्युटी बढ़ने से कंपनियों की लागत में भी वृद्धि होगी। क्योंकि उन्हें भी कर्मचारियों के लिए पीएफ में ज्यादा योगदान देना पड़ेगा। इन चीजों से कंपनियों की बैलेंस शीट भी प्रभावित होगी।

# पीएम तीनों कृषि कानून वापस ले और सांसद-विधायक अपनी पेंशन छोड़ दें तो हम आंदोलन खत्म कर देंगे: राकेश टिकैत

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आज भी किसान आंदोलन की गूंज रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में सोमवार को अपने संबोधन में किसानों से आंदोलन खत्म करने की अपील की। पीएम की अपील पर भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार एमएसपी पर कानून बना दे। तीनों कृषि कानून वापस ले ले तो हम आंदोलन खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर कानून बने यह किसानों के लिए फायदेमंद होगा। टिकैत ने कहा कि अगर पीएम मोदी बातचीत करना चाहते हैं तो हमारा मोर्चा और कमेटी बातचीत करने के लिए तैयार हैं। हमारा पंच भी वहीं है और मंच भी वहीं हैं। टिकैत ने कहा कि अभी एमएसपी पर कानून नहीं होने से व्यापारी किसानों को लूट रहे हैं। टिकैत ने कहा कि हमने कब कहा है कि एमएसपी खत्म हो रहा है। हम कह रहे हैं कि इस पर एक कानून बनना चाहिए। टिकैत ने कहा कि देश में भूख से व्यापार करने वालों को बाहर निकाला जाएगा। देश में अनाज की कीमत भूख से तय नहीं होगी।



टिकैत ने कहा कि पीएम ने जिस तरह से लोगों से गैस सब्सिडी छोड़ने की अपील की उसी तरह से उन्हें अपील करनी चाहिए कि विधायक और सांसद अपनी पेंशन छोड़े। ऐसा करने पर यह मोर्चा धन्यवाद करेगा। इससे पहले पीएम मोदी ने राज्यसभा में सदन को संबोधित करते हुए किसानों से आंदोलन खत्म करने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था बनी रहेगी। पीएम ने कहा कि एमएसपी था, एमएसपी है और एमएसपी रहेगा। किसानों को आंदोलन खत्म करना चाहिए। पेंशन छोड़ने की अपील पर भाजपा की तरफ से त्वरित प्रतिक्रिया व्यक्त की गई।

# किसानों के हित के खिलाफ कोई काम नहीं होगा: सीएम नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि किसानों के हित के खिलाफ कोई काम नहीं होगा, ऐसा मुझे पूरा भरोसा है। केंद्र सरकार और किसानों के बीच बातचीत से जो सहमति बनेगी उससे सभी लोग संतुष्ट होंगे। राजधानी पटना के पीएमसीएच परिसर में पत्रकारों के द्वारा कृषि कानून पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए सीएम नीतीश ने ये बातें कहीं।



इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएमसीएच के पुनर्विकास परियोजना का शिलान्यास किया। यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल होगा, जिसमें 5462 बेड का होंगे। तीन चरणों में नए भवनों का निर्माण पूरा होगा, जिसकी लागत 5540 करोड़ की होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पीएमसीएच का नया भवन पांच साल में तैयार हो जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका निर्माण कार्य पूरा होने का लक्ष्य सात साल रखा गया है, पर आप लोग इसे पांच सालों में पूरा कर दें, तो बेहतर होगा। इसके लिए राज्य सरकार हर तरफ से निर्माण एजेंसी को सहयोग करेगी। संसद के बजट सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में संबोधित किया। यहां पीएम मोदी ने किसान आंदोलन में शामिल बाहरी लोगों को लेकर कहा कि श्रमजीवी और बुद्धिजीवियों के बीच एक नई जमात अब सामने आ रही है जिनका नाम आंदोलनजीवी। ये छात्रों का आंदोलन हो या किसानों का या और कोई हर जगह पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि ये आंदोलनजीवी लोगों को गुमराह करने का काम करते हैं। उन्होंने किसानों का समर्थन देने वाले विदेशियों पर भी तंज कसा।

# लता मंगेशकर, सचिन तेंदुलकर, अक्षय कुमार समेत अन्य सेलिब्रिटीज के ट्वीट्स की होगी जांच: राज ठाकरे

**मुम्बई।** किसान आंदोलन के समर्थन में पॉप स्टार सिंगर रिहाना के ट्वीट करने के बाद बॉलीवुड-खेल से जुड़ीं विभिन्न हस्तियों द्वारा ट्वीट्स किए जाने के मामले में उद्धव सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। महाराष्ट्र सरकार ने इन सेलिब्रिटीज द्वारा ट्वीट्स किए जाने को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय द्वारा प्रतिक्रिया दिए जाने के बाद बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार, अजय देवगन, लता मंगेशकर, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर समेत कई हस्तियों ने ट्वीट्स किए थे। बता दें कि सचिन तेंदुलकर और लता मंगेशकर को भारत रत्न के सम्मान से भी नवाजा जा चुका है।

महाराष्ट्र सरकार ने इन ट्वीट्स के खिलाफ इंटेलिजेंस विभाग को जांच करने के लिए कहा है। इन ट्वीट्स की शिकायत कांग्रेस ने की थी और आरोप लगाया था कि ज्यादातर ट्वीट्स का एक ही पैटर्न था। राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कांग्रेस के डेलिगेशन को यह आश्वासन दिया कि महाराष्ट्र पुलिस का इंटेलिजेंस विभाग भारतीय हस्तियों के ट्वीट्स की जांच करेगा और पता करेगा कि क्या इस तरह के ट्वीट के लिए बीजेपी ने कोई दबाव डाला था।



इससे पहले, एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने भी सितारों के ट्वीट्स करने को लेकर सरकार पर हमला बोला था। राज ठाकरे ने कहा था कि केंद्र सरकार को लता मंगेशकर और सचिन तेंदुलकर को उसके रुख के समर्थन में ट्वीट करने के लिए नहीं कहना चाहिए था और उनकी प्रतिष्ठा को दाव पर नहीं लगाना चाहिए था। अब उन्हें सोशल मिडिया पर ट्रॉलिंग का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को अपने अभियान के लिए अक्षय कुमार जैसे अभिनेताओं का इस्तेमाल ही सीमित रखाना चाहिए। दरअसल, किसान आंदोलन के समर्थन में पॉप स्टार सिंगर रिहाना के एक ट्वीट करने के बाद कई अन्य विदेशी हस्तियों ने ट्वीट्स किए थे। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा था कि जल्दबाजी में कॉमेंट करने से पहले तथ्यों की जांच की जानी चाहिए।

वहीं, इसके तुरंत बाद दिनभर कई सेलिब्रिटीज ने ट्वीट करने शुरू कर दिए थे। सचिन तेंदुलकर ने लिखा था, 'भारत की संप्रभुता से किसी भी तरह से समझौता नहीं किया जा सकता है। बाहरी ताकतें देख सकती हैं, लेकिन इसमें हिस्सा नहीं ले सकती हैं। भारतीय भारत को जानते हैं और भारत को लेकर फैसले ले सकते हैं। एक देश के तौर पर हम एक रहते हैं।' अक्षय कुमार का कहना था कि इस मुद्दे को सुलझाने के लिए सरकार की कोशिशें स्पष्ट दिख रही हैं। अजय देवगन ने ट्वीट कर लोगों से आग्रह किया कि वे भारत या भारतीय नीतियों के खिलाफ झूठे प्रचार से सावधान रहें। वहीं, भारत रत्न लता मंगेशकर ने कहा था कि मुझे पूरा विश्वास है कि जिन मुद्दों या समस्याओं का हम सामना कर रहे हैं, हम लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए, उनका समाधान करने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं।

# दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की मुस्तैदी से दो झपटमार पकड़े

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों में, दक्षिण पश्चिम जिले में विशेष रूप से महिलाओं के साथ पर्स , मोबाइल इत्यादि छीनने की कई घटनाएं सामने आईं। ऐसा पता चला कि दो स्नैचर काली पल्सर बाइक पर सवार होकर इलाके में स्नैचिंग को अंजाम दे रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक पुलिस आयुक्त वसंत कुञ्ज की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय सिंह नेगी थाना प्रमुख के नेतृत्व में गठित टीम में इंस्पेक्टर रोहित ,एसआई जसबीर, एएसआई रामनिवास, एचसी मुनेश, एचसी रविंदर, कॉन्स्टेबल जग प्रवेश , संदीप, प्रवीण एवं अजय को शामिल किया गया था ।जांच के दौरान, टीम ने आस-पास के पुलिस स्टेशनों में होने वाली इस प्रकार की घटनाओं की जानकारी एकत्र करना शुरू कर दिया।जांच करने पर यह पता चला कि ये बाइक वाले स्नैचर काले रंग की 220 सीसी बाइक का इस्तेमाल कर रहे हैं। टीम ने अपराधियों का सुराग पाने के लिए तकनीकी और मैनुअल पहलुओं पर काम किया। जेल से रिहा किए गए अपराधियों के जानकारियों को टटोला और इस प्रकार की घटनाओं में पहले से शामिल अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापे मारे गए।

पिछले 6 फरवरी को, लाल मंदिर, रूचि विहार, रंगपुरी के पास एक जाल बिछाया गया और एक काले रंग की पल्सर बाइक पर दो व्यक्तियों ने पंजीकरण संख्या डीएल 7 एस सीए 7128 को रूचि विहार की ओर आते हुए देखा। पुलिस पार्टी ने उन्हें चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया लेकिन दोनों बाइक सवारों ने मौके से भागने की कोशिश की। टीम ने तुरंत कार्रवाई की और दोनों आरोपी हिमांशु बिष्ट और मोहम्मद यूसुफ को पकड़ लिया ।उनकी निजी तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो बटन सक्रिय चाकू बरामद किए गए। जिस बाइक पर वे सवार थे, वह आरोपी हिमांशु के नाम से रजिस्टर्ड पाई गई।उल्लेखनीय है कि विभिन्न मामलों में अलग अलग थानों में हिमांशु के खिलाफ 5 एवं मोहम्मद यूसुफ के खिलाफ 11 एफआईआर दर्ज है उनके पास से पुलिस ने दो बटन चाकू , एक छीना हुआ पर्स विभिन कागजात के साथ , दो पेन ड्राइव , एक सोने का पेंडेंटल , एक सोने की नोज पिन , एक चोरी की एक पैशन मोटर साइकिल , चोरी की एक पल्सर काळा रंग की मोटर साइकिल और पांच मेट्रो कार्ड्स बरामद हुए।

# अवैध शराब व नशीली गोलियों समेत महिला गिरफ्तार




» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद द्वारा जिले में अपराधियों व बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में विजय नगर थाना पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान गौशाला फाटक के पास से मीरा यादव नामक महिला को 37 अवैध पव्वो, 130 ग्राम नशीला पदार्थ व चार टेबलेट अल्प्राजोलम समेत गिरफ्तार किया।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने उत्तराखंड आपदा के लिए मंदिर मे जलाभिषेक किया

» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद। सोमवार को देवभूमि उत्तराखंड में ग्लेशियर फटने से आई प्राकृतिक आपदा में अनेकों नागरिकों के कालकलवित होने की सूचना से आहत राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने स्थानीय दूधेश्वर नाथ मंदिर गाजियाबाद में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए तथा आपदा में फंसे नागरिकों के सुरक्षित होने के लिए मैट्रो स्टेशन का नाम शहीदों को समर्पित करने बदलवाने वाले संदीप त्यागी रसम के नेतृत्व में भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक करके प्रार्थना की तथा परमपिता परमात्मा से सभी के स्वस्थ रहने आपदा से सुरक्षित बचने के लिए प्रभु के चरणों में करबद्ध प्रार्थना की गई तथा सरकार सेना के जवानों एनडीआरएफ जवानों तथा स्थानीय पुलिस व प्रशासन के त्वरित बचाव कार्यक्रम की राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने सराहना की। राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने कंक्रीट के जंगल बनाने से रोकने प्रकृति के साथ खिलवाड़ ना करने की सभी से प्रार्थना की ग्लेशियर के मुहाने पर बांधों के निर्माण पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल रोक लगाने की मांग करता है जितने भी बांध परियोजना चल रहे हैं उनकी समीक्षा करने की राष्ट्रीय व्यापार मंडल मांग करते हुए आपदा इतिहास में सबसे तेज रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए राष्ट्र व्यापार मंडल आपदा प्रबंधन नेत्रत्व को बधाई देता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित अशोक भारतीय, बालकिशन गुप्ता, संजय गोयल,संदीप त्यागी रसम, दीपक कटारिया, हिमांशु शर्मा, अमित कुमार वर्मा, प्रदीप चौधरी, वीरेन्द्र कंडेरे, बिना च सिमरन, संध्या, सुनील गर्ग ,आदि उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### दो पाहिया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर मिलेगी सब्सिडी व कई सुविधाएं

नई दिल्ली। दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहनों का शहर बनाने के लिए दिल्ली सरकार दोपहिया इलेक्टिक वाहनों पर विशेष जोर देगी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने दिल्ली सरकार के स्विच दिल्ली अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली की ईवी नीति दोपहिया वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वाहनों से होने वाले प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण ही यही हैं। वाहन की स्क्रैपिंग के साथ नीति के तहत सूचीबद्ध दोपहिया वाहनों की खरीद पर अधिकतम 30 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्राप्त की जा सकती है। दिल्ली ईवी नीति के तहत 23 दोपहिया मॉडल उपलब्ध हैं, इन्हें खरीदने और स्क्रैपिंग पर प्रोत्साहन पाने के लिए सात निमार्ता कंपनियां पात्र हैं। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर स्विच करके एक व्यक्ति पेट्रोल स्कूटर का उपयोग करने की तुलना में करीब 22 हजार रुपये और पेट्रोल बाइक की तुलना में 20 हजार रुपये की वार्षिक बचत कर सकता है। एक इलेक्ट्रिक दोपहिया, एक पेट्रोल दोपहिया वाहन की तुलना में औसतन 1.98 टन कार्बन उत्सर्जन की बचत करता है, जो 11 पेड़ लगाने के बराबर है। ऊर्जा और संसाधन संस्थान टेरी के एक अध्ययन के अनुसार वाहन प्रदूषण दिल्ली में पीएम 2.5 के उत्सर्जन का 28 फीसद है और दोपहिया वाहन इस प्रदूषण का सात फीसद हिस्सा उत्सर्जन करते हैं। दिल्ली की ईवी नीति के तहत इलेक्टिक दोपहिया वाहन खरीदने पर प्रति किलोवाट बैटरी क्षमता पर पांच हजार रुपये का अनुदान मिलेगा और अधिकतम 30 हजार रुपये प्रति वाहन अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। दिल्ली में पुराने दोपहिया वाहनों को स्क्रैपिंग और डी-रजिस्ट्रेशन के लिए पांच हजार रुपये का प्रोत्साहन भी मिलेगा। सभी इलेक्टिक दोपहिया वाहनों के लिए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क भी माफ किया जाएगा। कैलाश गहलोत ने कहा कि 10 वर्ष की अवधि में एक इलेक्टिक दोपहिया वाहन के स्वामित्व की कुल लागत दिल्ली में पेट्रोल स्कूटर की लागत से 50 फीसद कम होगी। आरएमआइ इंडिया के विश्लेषण के अनुसार इलेक्टिक दोपहिया वाहन पेट्रोल दोपहिया वाहन की तुलना में प्रति किलोमीटर 1.82 से 2.05 रुपये तक सस्ते चलते हैं।

### दिल्ली में कोरोना रिकवरी रेट 98 फीसद से ज्यादा

नई दिल्ली। राजधानी में कोरोना संक्रमण के 119 नए मामले सामने आए जबकि दो मरीजों की मौत हो गई। वहीं, संक्रमण दर 0.22 फीसद रही। 24 घंटे में 54,247 सैंपल की जांच हुई। साथ ही 179 मरीज ठीक हुए। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक दिल्ली में अब कुल संक्रमितों की संख्या छह लाख 36 हजार 35 हो गई है। इनमें से छह लाख 24 हजार 44 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। वही, अब तक कुल 10879 लोगों की मौत हो चुकी है। मरीज के ठीक होने की दर अब बढ़कर कोरोना से रिकवरी दर 98.11 फीसदी हो गई है, जबकि मृत्युदर 1.71 फीसद है। फिलहाल सक्रिय मरीजों की संख्या 1112 है। इनमें से 511 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। 15 मरीज कोविड केयर सेंटर और दो मरीज कोविड हेल्थ सेंटर में भर्ती हैं। वहीं, 465 मरीजों का होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा है। दिल्ली में अब तक कुल एक करोड़ 11 लाख लोगों की जांच हो चुकी है। इसके साथ ही कंटेनमेंट जोन की संख्या भी लगातार घट रही है। अब यह 969 रह गई है। इधर, गुरुग्राम में कोरोना केस की बात की जाए तो यहां राहत है। अब कोरोना मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है, जबकि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लोगों की कोरोना जांच करने की रफ्तार वही है जो दो-तीन माह पहले थी। अब भी हर दिन ढाई से तीन हजार लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। रविवार को जितने कोरोना संक्रमित मरीज मिले उससे दोगुना मरीज स्वस्थ भी हुए। 15 कोरोना संक्रमित मरीज मिले और 30 मरीज स्वस्थ होने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से की गई। इस समय जिले में 332 मरीजों का इलाज चल रहा है और 296 मरीज होम आइसोलेशन में इलाज ले रहे हैं। इस सप्ताह 140 कोरोना मरीज मिले हैं तो 193 स्वस्थ हुए हैं। अभी तक 58,347 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं और 57,660 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

# सामाजिक संस्था उज्जवल भारत द्वारा गरीब को बाटे कपड़े

» नवीन दास



गाजियाबाद। सामाजिक संस्था उज्जवल भारत मिशन द्वारा लोहा मंडी में जाकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सैंकड़ों महिला,बच्चों व पुरुषों को कपड़े वितरण किये गए। संस्था की संयुक्त सचिव स्नेहा सिसोदिया ने बताया कि हमारी संस्था निरन्तर कपड़ों का वितरण करती रही है और आगे भी इसी प्रकार अलग अलग जगहों पर भी कपड़ों का वितरण किया जायेगा।इस दौरान संस्था के संस्थापक उमेश शर्मा, संजीव नागपाल,रोहित आनन्द, जाने माने समाजसेवी नीरज गोयल,मदन मोहन,निग्रह आर्य, कल्पना आर्य ,कान्त पाल, विपुल अग्रवाल का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था द्वारा अभी सहयोगियों का आभार भी प्रकट किया गया।

# निगम चुनाव से पहले कांग्रेस को आप ने दिया झटका

**नई दिल्ली।** कालका जी से आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी ने रविवार को क्षेत्र के सुधार कैंप के 30 पूर्व कांग्रेसी नेताओं को आम आदमी पार्टी में शामिल कराया।इसके अलावा गोविंदपुरी के 50 युवाओं को भी उन्होंने पार्टी में शामिल कराया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग भाजपा शासित एमसीडी माडल और आम आदमी पार्टी के दिल्ली माडल की तुलना कर रहे हैं। दैनिक जागरण से बातचीत में उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने पांच साल में बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा आदि जो काम किया है, उससे पूरी दिल्ली की जनता लाभान्वित हुई है।

# अयोध्या राम मंदिर निर्माण मे साहिबाबाद निवासियों ने किया योगदान

» मदरलैंड संवाददाता



गाजियाबाद। राम जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर निर्माण हेतु वैशाली महानगर विश्वकर्मा नगर साहिबाबाद बस्ती से करीबन डेढ़ लाख रुपए के आसपास के चेक एवं नगद राशि 400000 ( 4 लाख रुपए ) के आसपास अपने नगर प्रमुख मुकेश रावल साहिबाबाद बस्ती प्रमुख भीम दत्त एवं नगर समरसता प्रमुख नवीन शुक्ला को सौंपते हुए साहिबाबाद बस्ती से मुख्य रूप से सेवादार पंचम चौधरी पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन इंद्रमणि पांडे, शेखर, रामकुमार, घनश्याम सैनी,महेश सिंह, ऋषि शर्मा, मुन्नीलाल मिथिलेश सत्य प्रकाश,नितिन चौधरी आदि कार्यकताओं ने सहयोग किया।

# डॉ एस.एन सुब्बाराव का जीवन सादगी का संदेश

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ एस.एन सुब्बाराव का 93 वा जन्मदिन डॉ एस.एन सुब्बाराव फाउंडेशन द्वारा सरिता विहार में मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर वरिष्ठ चिंतकों ने अपने विचार भी साझा किए। इस कार्यक्रम में डॉ सुब्बाराव के द्वारा समाज उत्थान में किए गए कार्यों के विषय में चर्चा हुई। देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यक्रम में अनेक उपाय सुझाए गए।इस कार्यक्रम को लेकर डॉ एस.एन सुब्बाराव फाउंडेशन की अध्यक्ष मनीषा पवार का कहना है कि सुब्बाराव जी ने अपने पूरे जीवन में सामाजिक एकता व राष्ट्र उत्थान के लिए कार्य किए। वो युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने व महिलाओं की संपूर्ण आजादी के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य समाज को एक नया रास्ता दिखा रहे हैं। इस कार्यक्रम में दिल्ली के कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे। सुनील कुमार खतौलीया, भूपेंद्र प्रसाद, सूबे सिंह पाल, संजय भाई, भूपेंद्र चाहर, देवेंद्र कुमार सिंघल, श्याम कुमार, राकेश पवार, रोहित वालिया व उनके युवा साथी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन में निर्विकल्प फाउंडेशन व दीपक फाउंडेशन ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा।

# आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी का बढ़ रहा है प्रभाव : गुलजार सिद्दीकी

» मदरलैंड संवाददाता



**गाजियाबाद** । गाजियाबाद के नवयुग मार्केट में आजाद समाज पार्टी काशीराम वे भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया । इसमें आजाद समाज पार्टी काशीराम व भीम आर्मी का लगातार बढ़ रहा है कुनबा। इस दौरान आजाद समाज पार्टी काशीराम के संस्थापक सदस्य व सिद्दीकी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुलजार सिद्दीकी व जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी आनंद कुमार व भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अजीत कुमार उर्फ मुनीम भैया द्वारा सभी पदाधिकारियों की घोषणा की गई ।प्रेस कॉन्फ्रेंस में यासिर अराफात अली को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी काशीराम से राहुल जाटव को जिला मंत्री सुनील कुमार को जिला मंत्री तिरस पाल को साहिबाबाद विधानसभा सचिव आजाद समाज पार्टी काशीराम में नियुक्त किया गया ।इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी काशीराम के संस्थापक सदस्य एवं सिद्दीकी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुलजार सिद्दीकी व भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अजीत कुमार व आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष आनंद कुमार,भीम आर्मी गाजियाबाद विधानसभा अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार एवं काजी माजिद महमूदी, नरविंदर वाल्मीकि, राजपाल वाल्मीकि,राजन वाल्मीकि,मनीष वाल्मीकि, कुणाल वाल्मीकि,राहुल वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि संदीप वाल्मीकि,संजीव वाल्मीकि,चमन लाल वाल्मीकि,चीकू ,आरिफ भाटी,आसिफ भाटी,सतीश वाल्मीकि आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नोएडा में खूनी संघर्ष, दो की मौत

» अजय प्रताप सिंह

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में पुलिस सूत्रों के अनुसार रास्ते के विवाद में दो पक्षों में पहले विवाद हुआ, देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसमें एक देवेन्द्र पक्ष ने भूरा पक्ष पर अपने लाइसेंसी हथियार से अंधाधुंध गोली चला दीं, जिसमें तीन लोगों को गोली लगी, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सेल कराम व अमित की मौत हो गई। जबकि तीसरे घायल का उपचार चल रहा है। पुलिस इस गंभीर मामले में बता रही है कि उसने पहले ही दोनों पक्षों को मुचलका पाबंद कर रखा था। लेकिन तिस पर भी यह घटना घटी जो दुखदः है। इस विषय पर इस संवाददाता ने जब अपने स्तर पर जांच की तो ग्रामीणों का कहना है कि यह विवाद रास्ते का न होकर प्लाट का था, जिसमें पहले ही दोनों पक्षों का झगड़ा होता रहा है। बहरहाल डीसीपी का कहना है कि देवेन्द्र के पास लाइसेंसी हथियार हैं जिनके लाइसेंस जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



# अपने बच्चो को संस्कार के साथ अपने इतिहास के बारे में जरूर अवगत कराएं : राहुल सिंह



**नई दिल्ली।** अखिल वैश्विक छत्रिय महासभा ट्रस्ट की पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रथम बैठक ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव एवं संत अतुलानंद रचना पतरिषद के सचिव राहुल सिंह की अध्यक्षता में अतुलानंद कान्वेंट स्कूल कोइराजपुर में सम्पन हुई, बैठक का मुख्य उदेश्य छत्रिय समाज का उत्थान किस प्रकार से हो इस विषय पर बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने छत्रियों के इतिहास से लेकर के वर्तमान को अपने अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त किया तथा समाज के अधिक से अधिक सदस्यों को इस संगठन से जोड़ने के लिए आये हुए सदस्यों से अनुरोध भी किया। बैठक शुरू होने से पूर्व राष्ट्रीय महाचिव राहुल सिंह, प्रदेश मंत्री प्रसिद्ध नारायण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन सिंह, प्रदेश संगठन महाचिव डॉ आनन्द सिंह एवं युवा प्रदेश संगठन महासचिव सूर्यांश सिंह भगवान रामचन्द्र के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

महासचिव राहुल सिंह ने कहा कि अपने समाज के सुधार से पहले इसकी शुरूआत अपने घर और परिवार से करनी चाहिए अपने बच्चो को संस्कार के साथ अपने इतिहास के बारे में उनको जरूर अवगत कराना चाहिए एवं हम सभी का उद्देश्य निश्वार्थ होना चाहिए किसी कार्य को रूप देने के बाद ये ना हो कि ये हमने किया अलबत्ता ये होना चाहिए कि ये संगठन के माध्यम से हुआ तब इस संगठन का मूल उद्देश्य सफल होगा। कार्यक्रम के शुरूआत में स्वागत भाषण वाराणसी जिला महिला अध्यक्ष डॉ स्वेता सिंह ने की तत्पश्चात प्रदेश मंत्री प्रसिद्ध नारयण सिंह, प्रदेश युवा महाचिव सूर्यांश सिंह, प्रदेश कानून मंत्री श्याम मनोहर सिंह, प्रदेश संगठन उप महाचिव धीरज सिंह बनारस के जिला अध्यक्ष भानु सिंह मंडल कार्यकारी अध्यक्ष विपिन सिंह, मंडल सचिव राजन सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये अंत मे प्रदेश के उपाध्यक्ष पवन सिंह ने पूर्वी उत्तर प्रदेश से आये प्रदेश ,मण्डल एवं जिले से आये पदाधिकारियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रदेश संगठन महासचिव डॉ आनंद सिंह ने कुशल संचालन कर चार चांद लगा दिया।

# मंदिर निर्माण हेतु निधि संग्रह के लिये भव्य शोभायात्रा





» स्वतंत्र सिंह भुल्लर

नई दिल्ली। अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण हेतु निधि संग्रह अभियान के अंतर्गत मोती नगर ज़िले के कर्मपुरा में भगवान श्री राम जी की भव्य शोभायात्रा कर्मपुरा ए ब्लॉक के हनुमान मंदिर से दिनांक 7 को दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गयी और इसमें सभी वर्ग के लोगों का अभूतपूर्व योगदान रहा। इस कार्यक्रम में सुरेन्द्र गुप्ता ( सह अभियान प्रमुख, दिल्ली एवं प्रांत उपाध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद, दिल्ली ), रवि खरकिया (अखिल भारतीय सहकार भारती ), रमेश गोयल (जिला उपाध्यक्ष मोती नगर जिला), किरण चंगोत्रा ( प्रान्त सह संयोजिका दुगार्वाहिनी ) अशोक मलिक ( प्रखंड अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद ) नीतू गोयल ( मातृशक्ति जिला संयोजिका ) , दिव्या ( विद्यार्थी प्रमुख दुर्गा वाहिनी ) सचिन ( जिला संयोजक बजरंग दल ) और नगर के अन्य लोगों ने अपनी-अपनी क्षमता अनुसार सहभागिता दी। इन सभी ने अपनी उपस्थिति से शोभायात्रा को भव्य एवं आकर्षक रूप दिया, पूरा नगर भगवामय हो गया और राम नाम के उद्घोष से पूरा नगर गूँज उठा।

# पूरे देश में रेलवे करने जा रहा एक बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट में अगले तीन वर्षों में देश की सभी रेलवे लाइन को विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है।इसके साथ ही वर्ष 2030 तक भारतीय रेलवे विश्व की पहली प्रदूषण रहित रेल बन जाएगी। यह जानकारी रेल मंत्री पीयूष गोयल ने दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 तक सभी ट्रेनें डीजल मुक्त हो जाएगी जिसके कारण दिल्ली सहित पूरे देश को वायु प्रदूषण से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार बनने से पहले रेलवे में प्रति वर्ष 40-45 हजार करोड़ का निवेश होता था। इस वर्ष वित्त मंत्री ने रेलवे में 2 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। इसी तरह से हाईवे के विस्तार के लिए बड़ी राशि खर्च होगी। रेल और सड़क में निवेश से विकास में तेजी आएगी।

# हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त राकेश घटायन अपने अन्य चार साथियों सहित गिरफ्तार

» सरताज अहमद



मुजफ्फरनगर। थाना जानसठ पुलिस द्वारा दौराने पुलिस कार्यवाही के सलारपुर चेक पोस्ट जानसठ मीरापुर रोड से 05 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से कीमत 6 लाख रुपए का गांजा व अवैध शस्त्र मय कारतूस भी बरामद किये गए है। गिरफ्तार अभियुक्त, राकेश पुत्र यशपाल निवासी उत्तरी घटायन थाना जानसठ मुजफ्फरनगर टॉप-10 व हिस्ट्रीशीटर, विनय शर्मा पुत्र संतोष शर्मा निवासी ग्राम कुरमाली थाना बाबरी जनपद शामली, सन्दीप कुमार पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम उत्तरी घटायन थान जानसठ मु0नगर, बन्टीपाल पुत्र बाबूराम निवासीग्राम डाबका थाना कंकरखेडा मेरठ, सुमित पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम डाबका थाना कंकरखेडा मेरठ है।

# पोपुलर के पेड़ों की चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। अवगत कराना है कि दिनांक-07.02.2021 की रात्रि को थाना मीरपुर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस कार्यवाही के कुतुबपुर झाल से 04 शातिर चोर अभियुकतों को चोरी के पेड़ों सहित गिरफ्तार किया गया है क गिरफ्तार अभियुक्त, सलीम पुत्र नुर मौहम्मद निवासी ग्राम अलावलपुर थाना बडौत बागपत हाल पता एमबीनेश स्कूल के सामने मु.नगर रोड थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर, इमरान पुत्र यासीन निवासी ग्राम दघेड़ू कला थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर, मोनू पुत्र मेघराज निवासी ग्राम दघेड़ू कला थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर, रवि पुत्र बल्लू उर्फ पाल्लू सिह निवासी ग्राम दघेड़ू कला थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर है।

# एसडीएम ने अवैध अतिक्रमण को हटवाया



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। कस्बा करहल में उप जिलाधिकारी रतन वर्मा ने गांव सूरजपुर में खरंजा पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया है एवं अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उपजिलाधिकारी रतन वर्मा ने बताया कि तहसील क्षेत्र के गांव सूरजपुर में दबंगों ने खरंजे पर पानी की टंकी व पशुओं की खोर तथा दीवार लगाकर अवैध कब्जा कर लिया था जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार पुलिसवल के साथ मौजूद रहे।

## विद्यालय के समीप कचरा डालने की एसडीएम से की गई शिकायत

» अजय सक्सेना

मैनपुरी। विद्यालय खुलने से पहले प्रबंध समिति ने नगर पचांयत द्वारा विद्यालय के समीप डाले जा रहे कचरे को लेकर एसडीएम से शिकायत की है। एसडीएम ने प्रबंध समिति को समस्या का शीघ्र समाधान कराये जाने का आवासन दिया है।

नगर के रजवाना रोड पर स्थित माहमाया एकेडमी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रबंध समिति के हीरालाल शाक्य, सुभा बौद्ध, ज्ञानेन्द्र बौद्ध ईवर दयाल बौद्ध व सुरे बौद्ध एवं सभासद अखले कुमार शाक्य व रीमा शाक्य ने सोमवार को एसडीएम सुधीर कुमार से मुलाकात की।

उन्होने एसडीएम को बताया कि विद्यालय के आसपास नगर पचांयत द्वारा सैकड़ो ट्राली सड़क कचरा डाल दिया गया है जिससे निकलने वाली गंदगी के कारण विद्यालय में घुसना मुकिल हो गया है।

गंदगी के चलते छात्रो को पढाने में शिक्षकों को बहुत दिक्कत आ रही है। प्रबंध समिति ने गंदगी केकारण संक्रमण फैलने की आांका जताई है। एसडीएम ने प्रबंध समिति को शीघ्र ही उनकी समस्या का समाधान कराये जाने का आवासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अलीम सिद्दीकी ने किया मीटिंग का आयोजन



मदरलैंड संवाददाता, मुजफ्फरनगर। वार्ड नंबर 10 जिला पंचायत के प्रत्याशी महानगर अध्यक्ष-ाअलीम सिद्दीकी ने एक मीटिंग का आयोजन किया रेहमानिया कॉलोनी वार्ड नंबर 8 में शौकीन अंसारी के आवास पर, जिसमें ग्राम वासियों से अपील की और कहां के एक बार मुझे सेवा का मौका दिया जाए। ग्राम वासियों का कहना है की हम आपके साथ हैं उपस्थित महानगर अध्यक्ष मजदूर सभा आशीफ हवारी व नगर सचिव नईम होटल वाले अतीक साइकिल वाले अजीम हसीन इरशाद मेंबर नसीम आस मोहम्मद सैफी शौकीन अंसारी नसीर मंसूरी इंतजार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय एनसीसी के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। नेनल महाविद्यालय में पांच दिवसीय 3 यूपी बटालियन एनसीसी का प्रिक्षण शिविर का शुभारंभ मैनपुरी एनसीसी के कमाण्ड अधिकारी कर्नल कमल किोर ने केडिटो के एनसीसी के महत्व की जानकारी देकर शुरू किया। नेनल महाविद्यालय में पांच दिवसीय एनसीसी कैडिट कैंप की शुरूआत एनसीसी के कमाण्ड अधिकारी कर्नल कमल किोर ने की। उन्होने कैडिटो के संबोधित करते हुये कहा कि एनसीसी का एक ही महत्वर्पूण सूत्र है उनका कैडिट एकता और अनुासन को अपने मनमतिक में रखकर प्रि-शक्षण ले। उन्होने एनसीसी के उद्देयो बताते हुये कहा कि चरित्र, साहचर्य, अनुासन, नेतृत्व, धर्म निरपेक्षता तथा हर परिस्थती में सेवा भाव कैडिटों के अन्तः करण में समावेस हो जायेगा तो वह निठावान एनसीसी का कैडिट माना जायेगा। प्रशिक्षण शिविर में फील्ड क्राफ्ट एवं मानचित्र आदि की जानकारी दी गयी। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या डा आारानी वर्मा, प्रिक्षण अधिकारी मेजर डा. एसकेएस चौहान, लेफ्टीनेंट डा कृण कुमार, सहायक एनसीसी अधिकारी एसपी सिंह, डा आातो, सूबेदार मेजर रनधीर, सूबेदार मानबहादुर सिंह, विजय राज, राजे कुमार, जेपी सिंह, पंकज दीक्षित, संजय सक्सेना, डा. एसके निमे आदि लोग मौजूद रहे।

### खंड कार्यालय पर शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। ब्लाक सुल्तानगंज के खण्ड कार्यालय पर आधार क्लास क्रियान्वयन समर्दिका एवं प्रिंटरिच मैटेरियल का लगभग एक माह तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में प्राथमिक विद्यालय के लगभग 600 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रिक्षण में कोविड केयर के दौरान शिक्षा से विमुख हो रहे छात्र एवं छात्राओं को पुनः शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिये भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। एआरपी प्रशिक्षण धीरज राजपूत ने बताया कि खण्ड शिक्षा कार्यालय सुल्तानगंज में शिक्षकों के शिक्षा महानिदेक प्रयागराज विजय किरन आनंद के निर्देश पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसकी मॉनीटरिंग बेव कैमरों द्वारा सीमेट में बने कन्ट्रोल रूम द्वारा लगातार की जा रही है। सोमवार को प्रिक्षण की मॉनीटरिंग जिला बैसिक शिक्षाधिकारी विजय प्रताप सिंह, डीसी प्रिक्षण धीरेन्द्र चौहान द्वारा की गयी। यह शिक्षण एआरपी धीरज राजपूत व अजय कुमार दीक्षित, शिव ओमकार दीक्षित अवनी कुमार, राम कुमार सिंह द्वारा दिया जा रहा है।

### जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। बहादुरगढ पुलिस ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को ध्यान लेकर जिला बदर अभियुक्तो की धर पकड के लिए चलाये जा रहे अभियान में एक जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार किया है। बहादुरगढ थाना प्रभारी राजीव बालियान ने जानक-ारी देते हुऐ बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला बदर अभियुक्तो की धर पकड के लिए चलाये जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने क्षेत्र के गांव ठेरा निवासी अवनीश जिला बदर आरोपी को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को अग्रीम कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया है।

### ग्लैशियर फटने की घटना से गढमुक्तेश्वर में खतरा नही

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। उत्तराखण्ड में ग्लैशियर फटने ओर ऋषि डेम सहित दो डेमो को भारी छति होने पर अलकनंदा नदी में बाढ के हालात होने के बाद रविवार को गढमुक्तेश्वर क्षेत्र में पुलिस प्रशासन गंगा किनारे के रहने वाले ग्रामीणो को बाढ की संभावना को देखते हुऐ अलर्ट रहने को कहा था ओर ब्रजघाट व गंगा खादर में गंगा के टापू व रेत में लगे तंबू, तख्त आदि को हटवाया गया था। लेकिन हरिद्वार से ही जल का दबाब कम होने से बाढ का खतरा टल गया जिससे पुलिस प्रशासन व ग्रामीणो को राहत मिली है। उत्तराखण्ड में ग्लैशियर फटने ओर ऋषि डेम सहित दो डेमो को भारी छति होने पर अलकनंदा नदी में बाढ के हालात होने की सूचना जैसे ही हापुड जिला प्रशासन को मिली तो पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। ब्रजघाट व गंगा किनारे के गांवो में हापुड के एडीएम जयनाथ यादव, सीडीओ उदय सिंह, एसपी नीरज कुमार जादौन, एसडीएम विजय वर्धन तोमर, एएसपी सर्वेश कुमार मिश्रा तथा तहसील प्रशासन का स्टॉफ पहुंच गया। अधिकारियों ने ग्रामीणो को बाढ की संभावना को देखते हुऐ अलर्ट रहने की चेतावनी दी ओर ब्रजघाट व गंगा खादर में गंगा के टापू व रेत में लगे तंबू, तख्त आदि को हटवाया गया। बरसात के समय बनाई जाने वाली बाढ चैकीयों पर कर्मचारियों की तैनाती करके उन्हें 24घण्टे अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये।

# चौकी इंचार्ज राधेश्याम यादव की संयुक्त टीम ने मीनाक्षी चौक पर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। उच्च अधिकारियों के मार्ग निर्देशन में खालापार चौकी इंचार्ज राधेश्याम यादव व टीएसआई वीर अभिमन्यु की संयुक्त टीम ने मीनाक्षी चौक पर जबरदस्त वाहन चेकिंग अभियान चलाया तथा बगैर नंबर की मोटरसाइकिल व फोर व्हीलर वाहनों पर नंबर भी लिखवाए। विदित हो कि तेजतर्रार खालापार चौकी इंचार्ज राधेश्याम यादव अपराधियों के खिलाफ समय समय पर सख्त अभियान तो चलाते ही रहते हैं। वही लोगों की जान बचाने के लिए उन्हें जागरूक भी करते रहते हैं। इसी को मद्देनजर रखते हुए आज टीएसआई वीर अभिमन्यु व खालापार चौकी इंचार्ज राधेश्याम यादव ने पुलिस बल को साथ लेकर मीनाक्षी चौक पर जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाकर वाहन स्वामियों में हड़कंप मचा दिया तथा संयुक्त टीमों ने बगैर हेलमेट एवं बगैर नंबर एवं कान में लीड लगाकर चलने वाले वाहन स्वामियों के चालान भी काटे।

# एनआरसी एवं नागरिकता संशोधन प्रकरण में 1 और अभियुक्त

» मदरलैंड संवाददाता




रामपुर। पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना गंज पुलिस द्वारा शानू पुत्र रहमत खां निवासी मजार टाट शाह मियां थाना गंज हाल पता-आसरा कालोनी थाना सिविल लाइन को आसरा कालोनी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त एनआरसी एवं नागरिकता संशोधन प्रकरण में थाना गंज पर पंजीकृत मुकदमें में वाछित चल रहा था।

## राज्य स्तरीय शार्ट गन चैंपियनशिप समापन समारोह आयोजित

» मदरलैंड संवाददाता



लखनऊ। जनपद गोंडा नवाबगंज नंदिनी शूटिंग रेंज में चल रही सात दिवसीय 43वीं उत्तरप्रदेश राज्य स्तरीय शॉटगन चैंपियनशिप 2021 के समापन समारोह के मौके पर मुख्यातिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पूर्वमंत्री , विधायक प्रतापगढ़ कुंडा रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, एवं लोकसभा सांसद बृजभूषण शरण सिंह, यूपी राइफल एसोसिएशन अध्यक्ष श्याम सिंह यादव , गोल्डमेडलिस्ट, ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज करण भूषण सिंह के साथ शूटिंग रेंज में शामिल हुये।

# पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए पुलिस कर्मी को लगाया स्टार

» पूजा जैन



रामपुर। जनपद रामपुर से अजय सिंह उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस से निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए है। अजय सिंह वर्तमान समय में थाना भोट पर नियुक्त है। पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम द्वारा पुलिस कार्यालय में अजय सिंह को स्टार लगाये गये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस दौरान अनुज चौधरी पुलिस उपाधीक्षक पुलिस कार्यालय, रविकान्त गौड़ पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षणाधीन मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा के अंतर्गत मैस्कॉट डिजाइन प्रतियोगिता

» उमाकांत शर्मा

बुढाना । जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढ़ाना में उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा के अंतर्गत दिनांक 1 से 8 फरवरी 2021 के मध्य मैस्कॉट डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना था इसी को दृष्टिगत रखते हुए डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना मुजफ्फरनगर में आज होम साइंस लैब में छात्र-छात्राओं द्वारा बड़ी संख्या में मैस्कॉट बनाए गए जिसमें प्रथम स्थान पल-पल बीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान शैली बीकॉम तृतीय वर्ष तृतीय स्थान मनिका बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया प्रतियोगिता में कला वर्ग से हिमांशी साहिबान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक परवेज आलम सारिका मलिक बुशरा शिक्षा विभाग से नीरू नीतू वाणिज्य विभाग से हिमानी संगल विज्ञान वर्ग से आंसू सहित 84 प्रतिभागियों ने प्रति भाग किया प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्रतिभा माहेश्वरी गरिमा शर्मा डॉक्टर स्वाति ज्योति रावत रामबीरी आदि प्रवक्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# सेना भर्ती को लेकर देहात के युवाओं में भी दिखा जोश



» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। जिले में 15 फरवरी से सेना की भर्ती होने वाली है। इसके लिए क्षेत्र के युवा जी-जान से मेहनत करने में जुटे है। कोई हाइवे पर दौड़ कर अभ्यास में जुटा है तो किसी ने खाली जमीन को ही अपनी गुरुकुल बना लिया है इतना ही नही सैया ब्लॉक के गांव इरादतनगर में सेना भर्ती को लेकर युवाओं में काफी जोश दिखाई दे रहा है। सैया ब्लॉक के गांव इरादतनगर क्षेत्र में ग्रामीण युवा सेना में भर्ती होने के लिए दिन-रात एक किए है कस्बे के ही एक खाली पड़े खेत की जमीन को मैदान को बनाया स्टेडियम, बनाया है,यहा मनीष गुर्जर के अपने साथ आसपास के सैकड़ों युवाओं को सेना भर्ती की तैयारी करा रहे है। सुबह और शाम को सभी युवा यहा इकट्ठा होकर पसीना बहा रहे है। जैसे-जैसे भर्ती का समय नजदीक आता जा रहा है,वैसे-वैसे युवाओं में जोश दिखाई दे रहा है।

युवाओं ने बताया है कि हमारे क्षेत्र से सैकड़ों लोग सेना में जाकर देश सेवा करेंगे। दौड़ करने वालो में नीतेश, रोहित, त्यागी, विमलशर्मा, योगेश,हैप्पी,राघव, शैलेन्द्र, दीपक, रहीम,सुशील, राहुल, अभिनाश, रोहित,लवकुश, आकाश आदि लोगो सहित सैकड़ों युवा शामिल हुये।

# बिना विद्युत लाइन के आ रही है बिल



» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। ब्लाक पिनाहट के गांव पलोखरा में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण लोगों में भारी आक्रोश दिखा। कनेक्शन होने के बर्षो बाद भी विभाग ने गांव में लाइन नही पहुचाई है। लोगों को प्राइवेट नलकूप से तार डालकर बिजली उपयोग करनी पड़ रही है।

पलोखरा में करीब तीस विद्युत कनेक्शन करीब तीन साल पुराने है। किन्तु इनकी उपयोग के लिये विभाग द्वारा गांव को कोई लाइन नही डाली गयी है। यहा के निवासियों को नलकूपों से बिजली उपयोग करनी पड़ रही है। जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है जबकि ये सभी कनेक्शन धारक बराबर बिल जमा करते चले आ रहै है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नलकूप को मात्र आठ घण्टे ही बिजली मिलती है जबकि अन्य गांवो को भरपूर बिजली मिल रही है। विभाग की इस लापरवाही से ग्रामीणों में भारी आक्रोश दिखा। वहीं एसडीओ पिनाहट मनोज महाजन ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही है, जल्द कार्य करवायेंगे। वही ग्रामीणों में शिवचरण, अनेग सिंह,रामसेवक,प्रेम सिंह,भवर सिंह, मनोहर सिंह,जोर सिंह, हरनाम, राकेश तोमर मौजूद रहे।

# राजेंद्र राठौर चुने गए महानगर अध्यक्ष



» शंकरदेव तिवारी

आगरा। अगर बात की जाये युवा नेताओं की तो आगरा जिले में तमाम युवा नेता है और बहुत लोग काम कर रहे हैं। लेकिन कुछ समय से पार्टी में अपनी अलग पहचान बना चुके युवा नेता राजेंद्र राठौर पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। वह एक छोटे से कस्बे से निकलकर राजनीतिक शुरू की और एक के बाद एक सीढ़ियां चढ़ते गए उनका जुनून किसी से छुपा नहीं है। जिले से लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व तक तमाम नेताओं के चहेते बने हुए हैं। वह हमेशा पार्टी को ही प्राथमिकता देते हैं और पार्टी की विचारधारा को पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाते हैं सोशल मीडिया के माध्यम से या जनता के बीच जाकर और समाजवादी विचारधारा से जोड़ने का काम करते हैं जरूरतमंद लोगों के बीच कुछ ना कुछ करते रहते हैं जमीनी स्तर पर नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हैं और अपने से बड़े नेताओं से कुछ ना कुछ सीखते रहते हैं। वह अपनी राजनीतिक ज्ञान के कारण भी सभी के दिलों में राज करते हैं युवाओं और समाज के प्रति अपना काम बखूबी निभाते हैं। समाजवादी पार्टी को वह परिवार मानते हैं और राठौर ने राजनीतिक में कदम रखा एक के बाद एक सीढ़ियां चढ़ते गए शमशाबाद नगर पालिका से सभासद निर्दलीय चुनाव लड़ा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव दो बार महासंघ जिलाध्यक्ष चुने गए।

# संकल्प मानव सेवा संस्था के नेतृत्व में रक्तदान कर मनाया वार्षिक उत्सव

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। डिफरेंस सोसायटी जैतपुर कलाँ ने अपने द्वितीय वार्षिक समारोह पर संकल्प मानव सेवा संस्था के नेतृत्व में मानव सेवा चेरिटेबल ब्लड बैंक के निर्देशन में रक्तदान शिवर का आयोजन मुरली गार्डन जैतपुर कलाँ बाह किया। आयोजन के मुख्य अतिथि वरिष्ट समाज सेवी आनंद लोधी,एवम पिनाहट ब्लॉक प्रमुख सुग्रीव सिंह चौहान रहे। संकल्प मानव सेवा संस्था अध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने बताया कि मेक ए डिफरेंस सोसायटी के अलावा बाह तहसील की एक दर्जन संस्थाओं ने रक्तदान शिवर में भाग लिया और सामुहिक रूप से बढ़चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदानवीरों में प्रशांत राजपूत,अजय कुशवाहा, बाबू खान,अभिनव जैन, सोनू भदौरिया, नरेंद्र भारतीय, प्रवीन भारतीय,शिव शंकर,राघव राजपूत,बबलू यादव,विशाल जैन महाराजसिंह, अंकितगुप्ता,अभिषेक जैन,मनीष राजपूत,राजा, अभय दुबे,रामनरेश भवनीष आदि कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे। अजय राजपूत,जालंधर सिंह हरिओम आशुतोष जैन, पवन टाइगर, लोधी विष्णु प्रताप,भूरी सिंह,नेत्रपाल,आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## बाढ़ नियंत्रण का खतरा भांप, प्रशासन अलर्ट

मदरलैंड संवाददाता, उत्तराखंड। उत्तराखंड के चमोली जनपद में ग्लेशियर फटने के बाद बाढ़ की आशंका को लेकर बिजनौर जनपद गंगा किनारे निवास करने वाले लोग जागते रहे। जिला प्रशासन ने भी गंगा किनारे पुलिस की अलग-अलग जगहों पर रात में ड्यूटी लगाकर चौकसी बरती तथा जल स्तर पर दृष्टि बनाए रखी पर खतरा टल गया पानी नहीं आने से खादर वासियों और अफसरों ने भी राहत की सांस ली। रविवार शाम तक जिले में प्रशासन अलर्ट हो चुका था बाढ़ नियंत्रण क्यों किया सक्रिय कर दी गई थी पुलिस और प्रशासन के अफसर भी बाढ़ की आशंका को लेकर गंगा के जलस्तर पर पहनी दृष्टि लगाए हुए थे रात के समय पुलिसकर्मियों को अलग-अलग जगहों पर ड्यूटी लगाई गई थी बालावाली से लेकर रावली और पिंटू पुल पर भी पुलिस तैनात रही जिससे समय रहते आप द आने पर समझा जा सके उधर गंगा के किनारे बसे गांव में लोग खुद भी सतर्क थे गांव वालों ने रात में बारी बारी से जाकर हालो तौर पर नजर बनाए रखें गांव वालों ने दो-दो घंटे के हिसाब से लोगों को जागने का समय तय किया था जिससे पानी बढ़ते पर वक्त रहते पता चल सके हालांकि पानी में बढ़ोतरी नहीं होने पर लोगों ने राहत की सांस ली सोमवार की सुबह खबर मिली कि ग्लेशियर फटने से जो नदियां उफान में आई थी वह श्रीनगर आते-आते धीमा हो गया वहीं पानी को श्रीनगर ऋषिकेश हरिद्वार में राजपाल से डायवर्ट कर दिया गया।

## एक माह पूर्व हुए किशोरी का अपहरण पर पुलिस चुप

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। थाना दादों क्षेत्र में एक माह पूर्व नाबालिग लड़की का अपहरण कर दबंगों ने बंधक बना लिया है, मुकद्दमा दर्ज होने के बाद भी स्थानीय भ्रष्ट पुलिस आरोपियों से सांठ-गांठ कर किशोरी को बरामद नहीं किया जा रहा है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस के आलाधिकारियों से कार्यवाही की मांग की है गांव हारनपुर में पांच जनवरी को शौच क्रिया से निवृत्त होने के लिये खेतों पर गई थी। जहां से श्यामवीर सिंह पुत्र बनवारी लाल निवासी इरखनी मंड़नपुर थाना अकराबाद जिला अलीगढ़ और रवि कुमार पुत्र सुनहरीलाल निवासी गांव रनोसा थाना जलेसर जनपद एटा, कुवंरपाल पुत्र गंगा सिंह निवासी नगला बृजलाल थाना निधौली कला जिला एटा, सोनू पुत्र खेमकरन निवासी मेहुआ थाना रजपुरा जिला सम्भल बहला-फुसलाकर कार में जबरन अपहरण कर डाल कर ले गये। जिसको कुछ ग्रामीणों ने देखा और परिजनों को जानकारी दी। परिजनों की सूचना पर थाना दादों में अपराध संख्या 0022/21 आईपीसी की धारा 363,366 के तहत दर्ज कर अपनी इति श्री कर ली। एक माह बीतने के बाद भी थाना दादों पुलिस ने किशोरी को बरामद करने में जरा भी रूचि नहीं ली है। जबकि आरोपियों द्वारा प्रार्थिया के परिजनों से दस लाख रुपए लड़की को छोड़ने के एवज में मांगे जा रहे हैं। अन्यथा की स्थिति में लड़की की हत्या कर देने की धमकियां आरोपियों द्वारा लगातार मिल रही हैं। जबकि थाना दादों में तैनात भ्रष्ट एसआई दिनेश चन्द्र यादव द्वारा आरोपियों से पैसे का लेन-देन कर सांठगांठ कर परिजनों को गुमराह किया जा रहा है। परिजनों का कहना है सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि महिलाओं और लड़कियों का उत्पीड़न औश्र अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लेकिन थाना दादों पुलिस द्वारा प्रार्थिया की बेटी का अपहरण कर अपने घर में बंधक बनाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## हरीश सेंगर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला महामंत्री नियुक्त



मदरलैंड संवाददाता, हाथरस। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक जिलाध्यक्ष के आवास पर हुई। बैठक में क्षत्रिय समाज को एकजुट रखने एवँ संघठन के विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी अनिल सिंह ने की। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा राजेन्द्र सिंह एवँ जिला प्रभारी अनिल सिंह के साथ विचार विमर्श के बाद युवा समाजसेवी एवँ क्षत्रिय युवा समिति के अध्यक्ष ठाकुर हरीश सेंगर को सर्वसम्मति से जिला महामंत्री नियुक्त किया है। इसकी घोषणा जिला प्रभारी ने की। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला महामंत्री हरीश सेंगर ने कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद एवँ विश्वास के साथ मुझे जिम्मेदारी सौपी है उस पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। जिलाध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूत बनाने एवँ क्षत्रिय समाज को एकजुट रखने का कार्य करूँगा। जिलाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज के किसी भी व्यक्ति का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों के लिये मेरे घर के दरबाजे 24 घण्टे खुले हुये है। समाज के किसी भी व्यक्ति को यदि कोई समस्या है तो वह मुझे या जिला महामंत्री को सीधे मिलकर बता सकते है। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला महामंत्री हरीश सेंगर का फूलमाला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया एवँ जिला प्रभारी अनिल सिंह को भगवान राम का चित्र भेंट कर संम्मानित किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, गोविंद चैहान, जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ आशीष सिंह, प्रमोद सेंगर, रविन्द्र सिंह सिकरवार, मंजीत सिंह, अनुराग सिंह, विराट सिंह, देव सिंह, ऋषव सिंह, हर्षित सेंगर, आदि मौजूद रहे।

## वैश्य एकता परिषद के कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों को नही मिला समान:अंकुर मित्तल

अलीगढ़ (ईएमएस)। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन (पंजी.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल ने रविवार को हुए अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के कार्यक्रम की अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि जो लोग लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलने पहुंचे।उनको मंच से जबरन उतार दिया गया। विनय अग्रवाल, मुरारीलाल अग्रवाल, सतीश इंजीनियर, रवि प्रकाश अग्रवाल, सुभाष गुप्ता को मानव महाजन द्वारा मंच से उतार दिया गया। वार्ष्णेय समाज के निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष एलडी वार्ष्णेय को मंच पर स्थान नहीं दिया गया, जो वार्ष्णेय समाज का अपमान है। अंकुर ने कहा कि पहले कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि कार्यक्रम अलीगढ़ का है।
इसीलिए वह भी पहुंच गए थे, लेकिन गलतफहमी दूर हो गई। इसी से क्षुब्द होकर आगरा, मथुरा के लोग भी चले गए।

## गरीब महंगाई की मार झेल रहा है, दाम आसमान छू रहा हैं : मुमताज आलम खान

» शकील सैफी



मेरठ। समाजवादी पार्टी के युवा और कर्मठ नेता और पार्टी में जिम्मेदारी निभा रहे अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मुमताज आलम खान से उनके निवास स्थान शाहजहांपुर में एक्सक्लूसिव वार्ता मेरठ ब्यूरो चीफ मदरलैंड वॉइस से पार्टी गतिविधियों के बारे में हुई जिस के कुछ मुख्य अंश शेयर कर रहा हूं।

**प्रश्नः- जो किसान आंदोलन चल रहा है नेताजी, इसमें समाजवादी पार्टी की क्या गतिविधियां हैं?**

उत्तर :- किसान आंदोलन में समाजवादी पार्टी पूरी तरह से किसानों के साथ हैं और जगह-जगह प्रदेश में घेरा कार्यक्रम कर लोगों को जागरुक करने का काम कर रही है यह जो काला कानून भारतीय जनता पार्टी लेकर आई है इसका समाजवादी पार्टी पूरी तरह से विरोध करती है

**प्रश्नः- जिला पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत के चुनाव में क्या पार्टी सिंबल देगी?**

उत्तर :- वर्तमान में होने जा रहे ग्राम पंचायत चुनाव व जिला पंचायत चुनाव में पार्टी पूरी ताकत के साथ अपने समर्थित प्रत्याशी को चुनाव लड़ाएगी, मगर सिंबल को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। जो भी हमारा समर्थित प्रत्याशी होगा उसके लिए पार्टी का हर छोटा बड़ा नेता कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेगा।

**प्रश्नः- चर्चा है कि समाजवादी पार्टी आजम खान का साथ नहीं दे रही है इसमें आपका क्या कहना है?**

उत्तरः- जो पार्टी विरोधी लोग हैं वह खाली पीली अफवाह फैलाने का कार्य कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी का परिवार पूरी तरह से आजम खान के साथ हैं। जौहर यूनिवर्सिटी के साथ है और शीघ्र ही जौहर यूनिवर्सिटी बचाने के लिए पूरे प्रदेश में साइकिल यात्रा निकाली जाएगी।

**प्रश्नः- सहायक अध्यापक उर्दू भर्ती को भाजपा सरकार ने रोक रखा है उसके बारे में आपका क्या कहना है?**

उत्तरः- जो भर्ती जात पात के नाम पर भाजपा सरकार ने रोक रखी हैं सन 2022 में पार्टी की सरकार बनते ही बहाल किया जाएगा। समाजवादी पार्टी नफरत की राजनीति नहीं करती है उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी का काम नफरत फैलाना नहीं है प्यार मोहब्बत का संदेश देना है।

**प्रश्नः-.महंगाई के बारे में आपका क्या कहना है?**

उत्तरः- इस समय देश महंगाई से पूरी तरह जूझ रहा है। महंगाई आसमान छू रही है गैस सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं। महंगाई प्रदेश और देश में अपने चरम पर है जबकि भाजपा सरकार का यह नारा था कि देश में महंगाई को खत्म किया जाएगा। कोरोना काल में ऑल वर्ल्ड में तेल के दामों, रसोई गैस में कमी आई थी मगर भाजपा सरकार ने इस महामारी के काल में भी तेल के दामों में कमी नहीं की थी।

## पंचायत चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोक दल की मीटिंग

» मदरलैंड संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय मेरठ पर जिलाध्यक्ष मतलूब गौढ़ की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा की पंचायत चुनाव मेरठ के प्रभारी चौधरी तेजपाल सिंह राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय लोकदल के मेरठ में प्रथम बार आगमन पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा पंचायत चुनाव को मजबूती के साथ लड़ने पर विचार विमर्श किया गया प्रभारी तेजपाल सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव हमारे लिए अहम है उसे जिताने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पंचायत चुनाव के लिए मेहनत करें और ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी राष्ट्रीय लोकदल के जीत कर आए इस का प्रयास करें सभी पंचायत चुनाव से संबंधित लड़ने वाले उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष से संपर्क कर उन्हें देने होंगे बैठक में अशोक सिंह फफराना, योगेंद्र सिंह पतला, सुनील रोहटा, नरेंद्र सिंह खजूरी, सोहराब गयास, आरिफ, हरेंद्र प्रधान, कुशलवीर, हसमत अली, खलील अहमद, मारूफ अहमद, बिलाल अहमद, सूखे, इरफान चौधरी पांडे जी आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत चुनाव, ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोक दल की मीटिंग



» मदरलैंड संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय मेरठ पर जिलाध्यक्ष मतलूब गौढ़ की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा की पंचायत चुनाव मेरठ के प्रभारी चौधरी तेजपाल सिंह राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय लोकदल के मेरठ में प्रथम बार आगमन पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा पंचायत चुनाव को मजबूती के साथ लड़ने पर विचार विमर्श किया गया प्रभारी तेजपाल सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव हमारे लिए अहम है उसे जिताने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पंचायत चुनाव के लिए मेहनत करें और ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी राष्ट्रीय लोकदल के जीत कर आए इस का प्रयास करें सभी पंचायत चुनाव से संबंधित लड़ने वाले उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष से संपर्क कर उन्हें देने होंगे जिस पर कमेटी विचार करेगी और प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा राष्ट्रीय लोकदल मजबूती के साथ पंचायत चुनाव लड़ेगा और सफलता हासिल करेगा बैठक में अशोक सिंह फफराना, योगेंद्र सिंह पतला, सुनील रोहटा, नरेंद्र सिंह खजूरी, सोहराब गयास, आरिफ, हरेंद्र प्रधान, कुशलवीर, हसमत अली, खलील अहमद, मारूफ अहमद, बिलाल अहमद, सूखे, इरफान चौधरी पांडे जी आदि उपस्थित रहे।

## सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। पिनाहट के गांव बरपुरा में सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें सपा जिलाध्यक्ष रामगोपाल बघेल मौजूद रहे। इस दौरान बडी संख्या में लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। सभा को सम्बोधित करते हुऐ जिलाध्यक्ष ने बताया कि अखिलेश यादव की सरकार ने प्रदेश में जो विकास किया था। वर्तमान सरकार आधा काम भी नही कर पायेगी।उन्होने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार केवल लोगों को गुमराह करना जानती है। इस दौरान आयोजक रामौतार वर्मा ने सभी का जोरदार स्वागत किया। इस मोके पर जिला महासचिव तेजपाल यादव, सुधीर दुबे, अंशुरानी वर्मा, बबलू तोमर, भूपाल वर्मा, पुन्नीलाल वर्मा, रामनाथ यादव, मंजेश यादव, पूरन बघेल, अरविन्द यादव मौजूद रहे।

## प्रबुद्ध वर्ग को संगठन से जोड़ना मेरी पहली प्राथमिकता: जय बाबा

**कुशीनगर**। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में सपा के फ्रंटल संगठन प्रबुद्ध सभा ने पाव जमाना शुरू कर दिया है। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूत करने के लिए उद्देश्य से सोमवार को पार्टी कार्यालय पर प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष जय कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में बैठक आयोजित की गई जिसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा हूई।

जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को डा. राम मनोहर लोहिया ट्रस्ट सपा कार्यालय सोहरौना में प्रबुद्ध सभा की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए सपा प्रबुद्ध सभा जिलाध्यक्ष जय कुमार त्रिपाठी उर्फ जय बाबा ने कहा कि पार्टी की पहली प्राथमिकता है कि सभी प्रबुद्ध जनो को मजबूती से जोड़ा जाय। जिसके लिए हमें तैयार होना होगा और हर संभव प्रयास करना होगा कि प्रबुद्ध वर्ग समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करे। आगामी विधान सभा 2022 के लिए एक मुहिम बनाकर सपा को पूर्ण बहुमत से जिताया जाय जिससे आने वाली सरकार के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव हो। तभी सर्व समाज का विकास हो सकेगा और उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन सकेगा बैठक का संचालन दयाशंकर द्विवेदी ने किया।

## वैश्य एकता परिषद के कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों को नही मिला समान:अंकुर मित्तल

» अर्जुन वार्ष्णेय

अलीगढ़। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन (पंजी.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल ने रविवार को हुए अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के कार्यक्रम की अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि जो लोग लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलने पहुंचे।उनको मंच से जबरन उतार दिया गया। विनय अग्रवाल, मुरारीलाल अग्रवाल, सतीश इंजीनियर, रवि प्रकाश अग्रवाल, सुभाष गुप्ता को मानव महाजन द्वारा मंच से उतार दिया गया। वार्ष्णेय समाज के निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष एलडी वार्ष्णेय को मंच पर स्थान नहीं दिया गया, जो वार्ष्णेय समाज का अपमान है। अंकुर ने कहा कि पहले कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि कार्यक्रम अलीगढ़ का है। इसीलिए वह भी पहुंच गए थे, लेकिन गलतफहमी दूर हो गई।इसी से क्षुब्द होकर आगरा, मथुरा के लोग भी चले गए। चंदा वैश्य समाज से लिख लिया गया और अतिथि भाजपा नेताओं को बनाया गया। प्रभारी मंत्री सुरेश राणा, सांसद अलीगढ़ और अन्य नेताओं को देखकर समझ नहीं आया कि अधिवेशन वैश्य समाज का था या भाजपा महाकुंभ था। एक बार फिर वैश्य समाज को ठगा गया, जो निंदनीय और अशोभनीय हैं।

## पत्नी के प्रेमी को पति ने पकड़ा, ईंट और डंडों से की हत्या

**सीतापुर**। जिले में प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी की लाठी-डंडे, ईंटा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। शोरगुल सुन आसपास के लोग पहुंचे और हमलावरों से बचाया। गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी ले जाया गया।

गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने प्रेमिका के पति के विरूद्ध केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक ढकिया निवासी ठाकुर प्रसाद का 40 वर्षीय पुत्र रजनीश गांव में ही सरोज की पत्नी से मिलने उसके घर गया था। जिसकी भनक जब प्रेमिका के पति सरोज को लगी तो उसने प्रेमी युवक को पकड़कर जमकर ईंट डंडे से जमकर पिटाई की। शोरगुल सुन आसपास के लोग इकठ्ठा हुए। घायल को किसी तरह बचाया। सूचना पर पुलिस और एम्बुलेंस पहुंची। घायल युवक को सीएचसी ले जाया गया जहां हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान घायल युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया।

## बगीची की जमीन पर कब्जे की डीएम से शिकायत



» नीरज चक्रपाणि

हाथरस। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तरफरा रोड पर स्थित पंच मुखेश्वर महादेव बगीची पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने के मामले को लेकर हिंदू जागरण मंच के प्रमुख पदाधिकारी स्थानीय लोगों के साथ आज जिलाधिकारी से मिले और उनको लिखित शिकायत और अभिलेख सौंपे। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि बगीची की जगह भगवान के नाम है जिसका बैनामा नहीं हो सकता है।

लेकिन भूमाफिया फर्जी बैनामा दिखाकर बगीची की जगह पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। इस बगीची पर सैकड़ों साल से आसपास के क्षेत्र के लोग पूजा करते आए हैं एवं छोटे-मोटे कार्यक्रम आयोजित करते आए हैं। बगीची की भूमि के ट्रस्टियों ने भी कहा है कि हमने किसी को जगह नहीं बेची है। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन भी भू माफियाओं की मदद कर रहा है और स्थानीय लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बार-बार कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो और सब अवैध कब्जे हटाए जाएं। लेकिन यहां भूमाफिया पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि स्थानीय लोगों को न्याय नहीं मिलेगा तो हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वालों में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक रंजन आर्य, जिला महामंत्री नरेंद्र प्रेमी, जिला उपाध्यक्ष रमन बिहारी शर्मा, नगर महामंत्री मोर मुकुट वर्मा, युवा वाहिनी के जिला महामंत्री शिवम शर्मा, सभासद वीरेंद्र कुमार, रामगोपाल कुशवाहा, ब्रजमोहन कुशवाहा, गोविंद जायसवाल, अभिषेक राज, अजीत कुमार वर्मा, श्रीमती मिथिलेश वर्मा, जगदीश प्रसाद आदि शामिल थे।

## विक्की का शव पेड़ पर लटका मिला

» अवनीश त्यागी

बिजनौर। नहटौर थाना क्षेत्र में गांगन नदी किनारे पेड़ पर एक शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कासमपुर निवासी विक्की के रूप में हुई। पुलिस ने सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सोमवार को ग्राम डूंडाहेड़ा के ग्रामीणों ने गंगा नदी के किनारे गांव के ही मोहन सिंह के खेत में एक युवक का शव पेड़ से लटका देखा।ग्रामीणों ने मामले की जानकारी नहटौर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पेड़ से नीचे उतार कर उसकी पहचान कराई, तो युवक की पहचान ग्राम कासमपुर लेखराज निवासी विकास उर्फ विक्की पुत्र महावीर सिंह (30 वर्ष) के रूप में हुई प्रभारी निरीक्षक जय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चों को रोता भी लगता छोड़ गया है मृतक के भाई ने बताया कि घरेलू कलह का कोई मामला नहीं था। विक्की नहटौर में ही दुकान करता था शाम वह दुकान बंद करके घर नहीं पहुंचा था। घरवालों ने उसकी तलाश की थी, लेकिन उसका पता नहीं लग पाया था। सुबह उनको पेड़ पर शव लटके मिलने की सूचना पर वह वहां पहुंचे तो शव विक्की का निकला।

## सफाई कर्मचारियों की तालाबंदी से चुनाव कराने पर मंथन में जुटा नगर निगम

» मदरलैंड संवाददाता



अलीगढ़। नगर सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव स्थगित होने से भड़के सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को सेवाभवन पर ताला डाल दिया और धरने पर बैठ गए। करीब डेढ़ घंटे चले धरने के बाद नगर निगम अधिकारियों ने कर्मचारी नेताओ से फोन पर सम्पर्क कर चुनाव जल्द कराने का आश्वासन दिया। तब कहीं कर्मचारी धरने से उठे और ताला खोला।

नगर सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष व महामंत्री पद पर 15 दिसंबर, 20 को चुनाव हुआ था। महामंत्री पद पर राधेलाल धूरी ने जीत हासिल की। जबकि, अध्यक्ष पद पर प्रदीप भंडारी और राजकुमार खन्ना के बीच हुआ मुकाबला बराबरी पर छूटा था। दोनों को 187-187 मत मिले थे। तब इसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद बन गया।एक-एक साल के कार्यकाल प्रावधान पर भी कोई राजी नहीं हुआ। सवाल ये खड़ा हुआ कि पहले साल कुर्सी किसको मिले। दोनों हो प्रत्याशी पहले कुर्सी पाना चाहते थे। बाद में दोनों प्रत्याशी पुनरू चुनाव कराने पर राजी हो गए। तब चुनाव समिति ने कार्यक्रम तय किए। नौ फरवरी को बारहद्वारी स्थित निगम के पुराने कार्यालय पर मतदान होना था। तीन दिन पहले ही नामांकन दाखिल किये गए थे। लेकिन इसी बीच निगम अधिकारियों ने चुनाव स्थगित करने का निर्णय लेकर रविवार को आदेश जारी कर दिए। जारी आदेश में कहा गया कि चुनाव अतिसंवेदनशील है। पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था चाहिए, जो नुमाइश के चलते मुमकिन नहीं है। पुलिस नुमाइश में लगी है। कर्मचारी भी सफाई व्यवस्था में लगे हैं।ऐसे में इस वक्त चुनाव नहीं कराया जा सकता। इस फैसले के खिलाफ प्रदीप भंडारी गुट ने सेवाभवन पर धरना शुरू कर गेट पर ताला डाल दिया। चुनाव कराने को लेकर निगम अधिकारियों ने फिर मंथन शुरू कर दिया है।

## घरेलू विवाद के चलते पत्नी ने पति की हत्या कर दी की खुदकुषी

**फिरोजाबाद**। नगर के दक्षिण थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह पति-पत्नी के बीच जमकर विवाद के बाद पत्नी ने कथित तौर पर पति की हत्या कर दी और खुद को भी गोली मार ली। पत्नी की भी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि पत्नी ने पहले पति को गोली मारी और फिर खुद को भी गोली मार ली। घायल पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां स्थिति गंभीर होने पर उसे आगरा रेफर कर दिया गया और वहाँ उसकी भी मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पांडेय ने पत्रकारों को बताया कि क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

## पत्रकारो से संबंधित समस्याओं पर हुआ विचार विर्मश

» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। जनपद हापुड की पत्रकारो के लिए शासन से बनी स्थाई समिति की पहली बैठक में पत्रकारो से संबंधित समस्याओं पर विचार विर्मश हुआ। बैठक में पत्रकारो ने टोल प्लॉजा छुट कराने, पत्रकारो को आवास दिलवाने की मांग रखी। बैठक में पत्रकारो को सुरक्षा दिलाने ओर उनके उत्पीडन को रोकने की भी मांग रखी गई। जिले में घुमने वाले फर्जी पत्रकारो की पहचान के लिए भी चैकिंग कराने की बात कही गई। सोमवार को हापुड जिलाधिकारी कार्यालय पर एडीएम जयनाथ यादव व एएसपी सर्वेश कुमार मिश्रा ने जिला सूचनाधिकारी रंजना शर्मा की मौजूदगी में प्रदेश शासन से बनाई गई पत्रकारो की स्थाई समिति की पहली बैठक में पत्रकारो से संबंधित समस्याओं पर विचार विर्मश हुआ। बैठक में पत्रकारो ने जिले में बने तीनो टोल प्लॉजा छुट कराने, पत्रकारो को आवास दिलवाने की मांग रखी। बैठक में पत्रकारो को सुरक्षा दिलाने ओर उनके कवरेज के दौरान उत्पीडन रोकने की भी मांग रखी गई। बैठक में जिले में समय-समय पर पत्रकार लिखे वाहनो की चैकिंग करने ओर पत्रकारो को आई कार्ड साथ रखने की बात कही गई ताकि जिले में घुमने वाले फर्जी पत्रकारो की पहचान की हो सके। बैठक में पत्रकारो से संबंधित अन्य समस्याओ पर भी विचार विर्मश हुआ। बैठक में मान्यता प्राप्त पत्रकार व स्थाई समिति के सदस्य अवधेश त्यागी, भूपेन्द्र शर्मा, परवेज अली व तेजिन्द्रपाल सिंह मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एमसीएम में जिन सच पल्ले होय नाटक पर ऑनलाइन बातचीत सत्र

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वीमेन के पंजाबी विभाग ने डॉ गुरदयाल सिंह फुल के नाटक जिन सच पल्ले होय पर एक ऑनलाइन वार्ता आयोजित की। इस ज्ञानवर्धक सत्र में देश भगत यूनिवर्सिटी, मंडी गोबिंदगढ़ में पंजाबी विभाग के प्रोफेसर डॉ देविंदर कुमार बतौर मुख्य वक्ता आमंत्रित थे। एमसीएम कॉलेज के साथ-साथ शहर के अन्य कॉलेजों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ देविंदर ने नाटक के विषय, कथानक, सेटिंग, चरित्रों, उनके प्रकारों और पात्रों की भाषा पर विस्तार से चर्चा की एवं प्रतिभागियों को गुरु नानक देव जी के दर्शन पर आधारित इस प्रख्यात नाटक की गहन जानकारी दी। नाटक और रंगमंच और नाटक और दर्शकों के बीच अंतसंबंध पर भी विशेषज्ञ ने प्रकाश डाला। आयोजन के दौरान नाटक के विभिन्न पहलुओं से संबंधित प्रतिभागियों के प्रश्नों को विशेषज्ञ द्वारा उपयुक्त रूप से संबोधित किया गया। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने नाटक के बारे में प्रतिभागियों के ज्ञान क्षितिज को समृद्ध करने के पंजाबी विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह कला मानव व्यवहार की बेहतर समझ विकसित करने में सहायक है।

### हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से पाँच आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से पाँच आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण और रोजगार विभाग के महानिदेशक और सचिव तथा वित्त विभाग के सचिव श्री पी. सी. मीणा को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा सीपीग्राम पीजी पोर्टल के नोडल अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है। निदेशक, आयुष और स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव श्री अतुल कुमार को हरियाणा राज्यपाल का सचिव नियुक्त किया गया है। निदेशक, भूमि जोत चकबंदी एवं भू-रिकार्ड तथा विशेष अधिकारी (मुख्यालय) एवं विशेष एल.ए.ओ, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की विशेष सचिव तथा वित्त विभाग की विशेष सचिव व सीपीग्राम पीजी पोर्टल की नोडल अधिकारी आमना तसनीम को निदेशक, भूमि जोत चकबंदी एवं भू-रिकार्ड तथा विशेष अधिकारी (मुख्यालय) एवं विशेष एल.ए.ओ तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का विशेष सचिव लगाया गया है। सोनीपत के उपायुक्त श्याम लाल पूनिया को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा जगदीश शर्मा की प्रशिक्षण अवधि के दौरान नगर निगम, सोनीपत के आयुक्त तथा सोनीपत के जिला नगर आयुक्त का कार्यभार सौंपा गया है। हिसार की उपायुक्त प्रियंका सोनी को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा अशोक कुमार गर्ग की प्रशिक्षण अवधि के दौरान नगर निगम, हिसार के आयुक्त तथा हिसार के जिला नगर आयुक्त का कार्यभार सौंपा गया है।

### सान फाउंडेशन शहर में कई जरूरतमंद लोगों को बांटेगी जैकेट्स

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। यह अभियान मंगलवार 9 फरवरी को 2 बजे से जारी रहेगा। लगभग 100 से अधिक समाज के निचले वर्ग के लोगों को लाभान्वित करने हेतु फाउंडेशन शहर के विभिन्न हिस्सों में समाज के गरीब और मजदूरों को मुफ्त कम्बल व जैकेट्स वितरित करता रहता है व इस मंगलवार प्रेस क्लब में निचले वर्ग के परिवारों को एक बार फिर जैकेट्स का वितरण किया जाएगा, जानकारी देते हुए फाउंडेशन की नूतन कुमारी ने कहा की कमजोरों व जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य कार्य है, इस कड़ाके की ठण्ड से लोगों को बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। यही सच्ची समाज सेवा है जिससे असहायों की मदद करने से आत्मा की संतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा की आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को गर्म कपड़ों की व्यवस्था कर पाना कठिन होता है, ऐसे में आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों को मदद के लिए बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

### वैक्सीनेशन अभियान में साइबर ठगों से रहें सावधान

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने कोविड-19 के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान के मद्देनजर नागरिकों को साइबर जालसाजों से सावधान रहने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे धोखेबाज कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन का झांसा देकर लोगों से ठगी कर सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा, नवदीप सिंह विर्क ने इस बारे में एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि ऑनलाइन ठगी या साइबर फ्राड करने वाले जालसाज नागरिकों को फोन कॉल, ईमेल व व्हाट्सएप सहित अन्य सोशल मीडिया एप्लिकेशन के माध्यम से धोखा दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि जालसाज कोरोना वैक्सीन की रजिस्ट्रेशन के नाम पर लोगों को फोन कॉल कर आधार नंबर, ईमेल आदि की भी मांग कर रहे हैं।

# 'इक्कीसवीं सदी के 251 अंतरराष्ट्रीय श्रेष्ठ व्यंग्यकार पुस्तक मे चंडीगढ के 3 लेखक शामिल

» विनोद कुमार,




चंडीगढ। सदी के सर्वश्रेष्ठ व्यंग्य संचयन जिसमें देश और विदेश के व्यंग्यकारों की 251 रचनाओं का चयन किया गया है जिसे दो ही महीने की अवधि में तैयार करने का श्रेय जाता है व्यंग्य विधा के सर्वाधिक सक्रिय व्यंग्यकार डॉ लालित्य ललित व सुपरिचित व्यंग्यकार डॉ राजेश कुमार को। इनके नाम पहले भी कई चर्चित संचयन के कीर्तिमान हैं।

इस संचयन के बारे में एक प्रेस वार्ता में इंडिया नेटबुक्स के निदेशक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि उन्हें इसका प्रकाशन करते हुए अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है।

डॉ राजेश कुमार ने बताया कि इस संकलन को तैयार करने के दौरान मॉरीशस में स्थित विश्व हिंदी सचिवालय ने विश्व को पाँच हिस्सों में बाँटकर अंतरराष्ट्रीय व्यंग्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया और हमें उन विजेताओं में से सभी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले व्यंग्यकारों तथा और भी अन्य विजेताओं की रचनाएँ प्राप्त करके इस संकलन में आपके लिए प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

इस महत्वपूर्ण अंतराष्ट्रीय स्तर की पुस्तक में चंडीगढ के 3 लेखक प्रेम विज, दलजीत कौर और गुरमीत बेदी के लेख भी शामिल है।

ये रचनाकार हैं- कुसुम नैपसिक (अमेरिका), मधु कुमारी चौरसिया (युनाइटेड किंगडम), वीणा सिन्हा (नेपाल), चांदनी रामधनी 'लवना' (मॉरीशस), राकेश शर्मा (भारत) जिन्होंने प्रथम पुरस्कार जीते और आस्था नवल (अमेरिका), धर्मपाल महेंद्र जैन (कनाडा), रोहित कुमार 'हैप्पी' (न्यूजीलैंड), रीता कौशल (ऑस्ट्रेलिया) ने अन्य पुरस्कार हासिल किए।

इनके अलावा विदेश से शामिल होने वाले व्यंग्यकार हैं- तेजेन्द्र शर्मा (युनाइटेड किंगडम), प्रीता व्यास (न्यूजीलैंड), स्नेहा देव (दुबई), शैलजा सक्सेना, समीर लाल ह्यसमीरह्न और हरि कादियानी (कनाडा) एवं हरिहर झा (ऑस्ट्रेलिया)।

इन व्यंग्यकारों की भागीदारी से यह संकलन सही मायनों में अंतरराष्ट्रीय संकलन बन गया है।

डॉ लालित्य ललित ने जानकारी दी कि भारत से इस संकलन में 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यंग्यकारों ने शिरकत की है।

इनमें से सबसे अधिक व्यंग्य के पुरोधा हरिशंकर परसाई के राज्य मध्य प्रदेश (65) से हैं। इसके बाद क्रमशः हैं- उत्तर प्रदेश (39), नई दिल्ली (32), राजस्थान (32), महाराष्ट्र (18), छत्तीसगढ़ (12), हिमाचल प्रदेश (8), बिहार (6), हरियाणा (4), चंडीगढ़ (3), झारखंड (4), उत्तराखंड (4), कर्नाटक (4), पंजाब (2), पश्चिम बंगाल (2), तेलंगाना (2), तमिलनाडु (1), गोवा (1) और जम्मू-कश्मीर (1)।

# कजहेडी में खुला आप दफ़्तर का उद्घाटन



» मदरलैंड संवाददाता,

चंडीगढ़। आदमी पार्टी चंडीगढ़ अध्यक्ष प्रेम गर्ग द्वारा गॉव कजहेडी में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रेम गर्ग ने कहा के इस वक़्त देश में एक सुद्दढ़ विपक्ष की बहुत सख़्त जरूरत है और यह काम सिर्फ़. आम आदमी पार्टी ही कर सकती है क्योंकि आम आदमी पार्टी की बुनियाद ईमानदार और स्वस्थ राजनीति के ऊपर आधारित है।

पार्टी उपाध्यक्ष पी पी घई ने सरकारी संस्थानों की निजीकरण की आलोचना की और पार्टी संघटन सचिव विक्रम पुण्डीर ने किसानों आंदोलन पर सरकार को आड़े हाथ लिया।

कार्यकारिणी सदस्य शकील मोहम्मंद दुवारा बताया गया की यहॉ पर हर तरह के फार्म जैसे पासपोर्ट, राशन कार्ड, आधार कार्ड या किसी भी तरह की फाईल भरनी हो ईसके लिए हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी और साथ ही पार्टी दुवारा दिल्ली में किये गये कार्यों के बारे बताया जायेगा।

इस अवसर पर मनोज राय, ममता, कमेश्वर, धीरेन्द, कर्नल रनदेव और अन्य बहुत सारे साथियों भी उपस्थिति रहे।

# पूर्व सैनिक संगठन एवं ऑल इंडिया एक्स सर्विसमैन बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ने मीरा शर्मा को दिया समर्थन



» मदरलैंड संवाददाता,

चंडीगढ़। पूर्व सैनिक संगठन एवं ऑल इंडिया एक्स सर्विसमैन बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ने वार्ड 27 जीरकपुर से मीरा शर्मा की उम्मीदवारी का समर्थन किया और सभी सैनिक पूर्व सैनिकों से आह्वान किया कि पूर्व सैनिक की पत्नी को वोट एवं सपोर्ट करें एवं 14 फरवरी को मीरा शर्मा को भारी मतों से जिताएं।

नेशनल एक्स सर्विसमैन कोआर्डिनेशन कमेटी के असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल एवं ऑल इंडिया एक्स सर्विसमैन बैंक एम्पलाइज फेडरेशन के महासचिव व्यंकटेश नारायण ने बताया कि हम लोग एक गैर राजनीतिक संगठन है किसी भी राजनीतिक पार्टी को सपोर्ट नहीं करते परंतु मीरा शर्मा एक पूर्व वायु सैनिक की पत्नी है इसलिए हम सभी पूर्व सैनिक इनको समर्थन करते हैं और आग्रह करते हैं कि 14 फरवरी को उनके पक्ष में मतदान कर भारी मतों से जीताये।

# कोरोना वेक्सिन रामबाण-संजीव कौशल

» मदरलैंड संवाददाता,

पंचकूला। अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि कोराना वैक्सिन देशवासियों के लिए बहुत बड़ा उपहार है। कोराना वैक्सिन को देश के अनुभवी विशेषज्ञों ने गहन जांच के बाद मार्केट में उतारा है ओर भारत की कोरोना वेक्सिन को पूरी दूनियां में भेजा जा रहा है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव पंचकूला सैक्टर 26 स्थित पोलीक्लीनिक में टीकाकरण करवाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड 19 की वैक्सिन लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे मेगा अभियान के तहत जिला में कोरोना फ्रंटीयर का टीकाकरण किया जा रहा है। इसलिए लोगों को बिना हिचक के टीकाकरण करवाने के लिए आगे आना चाहिए।

श्री कौशल ने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे कोरोना वेक्सिन का प्रयोग करने के के





साथ मास्क का उपयोग, सामाजिक दूरी एवं सेनीटाईजर जैसे उपायों का भी अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि कोरोना वेक्सिन एक रामबाण दवा है। इसलिए वे 28 दिन के बाद दोबारा टीकाकरण करवाएंगे। वे टीकाकरण के बाद कुछ देर चिकित्सकों की निगरानी में रहे।

इससे पहले उपायुक्त मुकेश कुमार आहूजा ने भी पोलिक्लीनिक में कोरोना की वेक्सिन लगवाई। उन्होंने बताया कि मेगा अभियान के तहत चार हजार का लक्ष्य रखा गया है जिसे आसानी से प्राप्त कर लिया है। इस प्रकार जिला में कोरोना के टीकाकरण के तहत अब तक लगभग सात हजार से अधिक लोगों ने टीकाकरण करवाया है।

इसके अलावा एसीएस के पीएस सेनी ने भी कोरोना वेक्सिन लगवाई। इस मौके पर एनएचएलएम के महानिदेशक प्रभजोत सिंह, सिविल सर्जन डा. जसजीत कौर, प्रतिरक्षण अधिकारी डा. मीनू शासन, तसहीलदार पुण्यदीप सिंह सहित कई चिकित्सक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह दिखाता राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

**शिमला।** (विजयेन्दर शर्मा) राज्य में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने में राष्ट्रीय आजीविका मिशन अग्रणी भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह गठित कर महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि वह स्वरोजगार की राह अपना कर आत्मनिर्भर बन सके। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों को सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ना, उन्हें सम्मानजनक और बेहतर जीवनयापन की सुविधा उपलब्ध करवाना है। एनआरएलएम में गरीब ग्रामीणों को सक्षम और प्रभावशाली संस्थागत मंच प्रदान कर उनकी आजीविका में निरंतर वृद्धि करना, वित्तीय सेवा तक उनकी बेहतर और सरल तरीके से पहुंच बनाकर उनकी पारिवारिक आय में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

एनआरएलएम ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। महिलाओं को हर क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के साथ-साथ एनआरएलएम उनकी आर्थिकी में भी सुधार कर रहा है। मिशन के अंतर्गत ग्रामीण संस्थाओं को ऋण उपलब्ध करवा कर महिलाओं के आत्मनिर्भर बनाने की राह को सरल किया जा रहा है। प्रदेश में एनआरएलएम के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों में बीपीएल और गरीब परिवारों की महिलाओं को प्राथमिकता प्रदान की जाती है। इन समूहों में 70 प्रतिशत महिलाएं बीपीएल परिवारों से सम्बन्धित होती हैं। स्वयं सहायता समूहों को आजीविका अर्जित करने एवं किसी भी प्रकार के व्यवसाय को करने के लिए इन्हें बैंकों से जोड़कर 7 प्रतिशत और 4 प्रतिशत ब्याज पर ऋण प्रदान किया जा रहा है।

# पत्नी की हत्या कर भाग रहे पति की कार ट्रक से भिड़ी, मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के खरड़ में अपनी पत्नी की हत्या कर भाग रहे पति की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। भागने की आपाधापी में आरोपी की कार सारंगपुर-तोगा बार्डर पर ट्रक से टकरा कर पीछे फंस गई। हिमाचल के नंबर वाला यह ट्रक कार को 10 मीटर तक घसीटते ले गया। आरोपी कमरुद्दीन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोहेफिजा इलाके का रहने वाला था और अभी पत्नी के मोहाली के खरड़ स्थित सन्नी एन्क्लेव में रहा था, जहां उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस के मुताबिक मृतक कमररूद्दीन भोपाल के ए- 159 एचबी कालोनी कोहफिजा का रहने वाला था। इन दिनों वह पत्नी वर्षा चौहान के साथ मोहाली के सन्नी एन्क्लेव में मकान नंबर 2435/बी रहता था।

यहीं रात करीब डेढ़ बजे पत्नी की चाकू और छोटे सिलेंडर की वार से हत्या कर अपनी डस्टर कार से भाग रहा था, तभी उसकी कार की तोगा लाइट प्वाइंट पर ट्रक से टकरा गई।

सूचना पाकर पहुंची सारंगपुर थाना पुलिस ने गंभीर घायल को जीएमएसएच-16 में दाखिल करवाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। यूटी पुलिस की जांच में पता चला कि मृतक अपनी पत्नी वर्षा चौहान की हत्या कर फरार हुआ था। जिसकी खरड़ पुलिस को भी तलाश थी। जिसकी सूचना चंडीगढ़ पुलिस ने खरड़ पुलिस को दी।

# लोगों की मांग पर पालमपुर शहर को नगर निगम में स्तरोन्नत किया: मुख्यमंत्री

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले का पालमपुर शहर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से राज्य का एक महत्वपूर्ण शहर है। इसलिए राज्य सरकार ने पालमपुर शहर के लोगों की मांग पर इस शहर को नगर निगम में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने यह बात जिला कांगड़ा के रोटरी क्लब पालमपुर में ह्यबुद्धजीवी सम्मेलनह्न के दौरान शहर के बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने गत तीन वर्षों के दौरान राज्य में 379 नई पंचायतें, 7 नगर पंचायतें और तीन नगर निगमों का गठन किया है, ताकि लोगों की सक्रिय भागीदारी के साथ इन क्षेत्रों का समान और संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों के दौरान कांग्रेस ने केवल एक नगर निगम गठित किया। उन्होंने कहा कि पालमपुर शहर में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा चुकी है। जय राम ठाकुर ने कहा कि नगर निगम बनने से पालमपुर शहर का नियोजित और व्यवस्थित विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि कुछ निहित स्वार्थी लोग, पालमपुर के लोगों को कथित करों के संबंध में गुमराह कर रहे। उन्होंने कहा कि नए नगर निगम के क्षेत्र में आने वाले लोगों से आगामी तीन वर्षों तक कोई कर नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पालमपुर शहर के पुराने गौरव को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शहर में बेहतर अधोसंरचना सुविधाएं उपलब्ध करवाने के प्रयास भी किए जाएंगे। इस अवसर पर वूल फेडरेशन के अध्यक्ष त्रिलोक कपूर ने मुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर, विधायक विशाल नेहरिया व मुल्क राज प्रेमी, पूर्व विधायक प्रवीण शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



# बेहतरीन ऑल-इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस एसयूवी जगुआर आई-पेस भारत में 9 मार्च को लॉन्च होगी

» मदरलैंड संवाददाता,



करनाल। 8 फरवरी, 2021ः जगुआर लैंड रोवर ने आज घोषणा की है कि उसकी पहली ऑल-इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस एसयूवी, द जगुआर आई-पेस को 9 मार्च, 2021 को एक अनूठे और आकर्षक डिजिटल लॉन्च इवेंट के माध्यम से भारत में लॉन्च किया जाएगा। यह इवेंट मीडिया के सदस्यों, ग्राहकों और ब्राण्ड के प्रशंसकों तथा प्रेमियों के लिये खुला होगा।

जगुआर लैंड रोवर इंडिया के प्रेसिडेन्ट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रोहित सूरी ने कहा, ह्यह्यलैंड रोवर डिफेंडर के डिजिटल लॉन्च को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद हम भारत में जगुआर आई-पेस के लॉन्च के लिये एक और डिजिटल अनुभव की तैयारी करते हुए उत्साहित हैं। यह आकर्षक और भागीदारीपूर्ण डिजिटल इवेंट दूरदर्शी शहरी महानगर की झलक देगा, जिसे स्थायी इकोसिस्टम के दृष्टिकोण से असलियत में डिजाइन किया गया है। यह नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल करता है और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे मोबिलिटी के दक्ष मोड्स को सहयोग देता है। मुझे यकीन है कि मीडिया के सदस्य, हमारे प्रिय ग्राहक और हमारे ब्राण्ड के प्रशंसक इस अनूठे, भविष्यगामी और इलेक्ट्रिक तरीके से तैयार लॉन्च इवेंट द्वारा प्रस्तुत वर्चुअल अनुभव का पूरा आनंद लेंगे।

अपने डेब्यू के बाद से आई-पेस ने 80 से ज्यादा वैश्विक पुरस्कार जीते हैं। यह पहली कार थी, जिसने साल 2019 में एक साथ तीन वर्ल्ड कार टाइटल्स जीते थे; वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर, वर्ल्ड ग्रीन कार ऑफ द ईयर और वर्ल्ड कार डिजाइन ऑफ द ईयर। जगुआर आई-पेस के लिये बुकिंग्स चालू है। ऑल-इलेक्ट्रिक जगुआर आई-पेस के बारे में अधिक जानकारी के लिये कृपया ६६६. ्नँ४१.ल्ल देखें।

### भारत में जगुआर लैंड रोवर रिटेलर नेटवर्क

जगुआर लैंड रोवर के वाहन 28 अधिकृत आउटलेट्स के माध्यम से 24 शहरों में अहमदाबाद, औरंगाबाद, बेंगलुरू (3), भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली (2), गुड़गांव, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, कोच्चि, करनाल, लखनऊ, लुधियाना, मंगलौर, मुंबई (2), नोएडा, पुणे, रायपुर, सूरत और विजयवाड़ा में उपलब्ध हैं।

# 11 फरवरी को होने वाले मटका फोड़ आंदोलन को सफल बनाने को लेकर अलग अलग विभागों में बैठकें जारी

» मदरलैंड संवाददाता,



विनोद कुमार, चंडीगढ़। डी क्लास इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट वर्कर्स यूनियन की बैठक याद राम की अध्यक्षता में सेक्टर 10 में हुई। यूनियन ने फैसला किया के कर्मचारी डीसी रेट बढ़ाने और अन्य मांगों को मनवाने को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन के खिलाफ होने वाले मटका फोड़ आंदोलन में शामिल होंगे। कर्मचारियों को संबोधन करते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कंवीनर अशवनी कुमार, यूनियन के प्रधान याद राम और जनरल सेक्रेटरी गुरमीत सिंह ने बैठक को संबोधन करते हुए कहा के प्रशासन कर्मचारियों की मांगों को पूरा नही कर रहे जिस कारण कर्मचारी आंदोलन कर रहे है। पर प्रशासन आंदोलनों को भी गंभीरता से नही ले रहे। इस लड़ी वार आंदोलन में पहला मटका फोड़ प्रदर्शन 11 फरवरी को वाटर वर्कर्स सेक्टर37में होगा। अशवनी कुमार ने कहा जेम के राही आए ठेकेदार ओटसोर्सस वर्कर्स का शोषण कर रहे हैं। प्रशासन शोषण रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही, जिस कारण कर्मचारी आंदोलन करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इंजीनियरिंग विभाग में जो चपरासी काम कर रहे उनके रूलो में संशोधन नही किया जा रहा जिस कारण चपरासियों को प्रमोशन नही मिल रही। और साशन और प्रशासन कर्मचारियों की मांगों पर बात भी नही कर रहा। इस लिए कर्मचारी आंदोलन पर आंदोलन कर रहे हैं और प्रशासन आंखों पर पट्टी बांध गहरी नींद सो रहा है।

# लाल किले में घुसने वाली भीड़ की अगुवाई करने वाला सुखदेव चंडीगढ़ से गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** दिल्ली में ट्रैक्टर रैली के दौरान हुई हिंसा में दिल्ली पुलिस ने 61 साल के सुखदेव सिंह को गिरफ्तार किया है। सुखदेव सिंह पर 50,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया। सुखदेव पर गणतंत्र दिवस को लाल किले पर जाने वाली भीड़ की अगुआई करने और भड़काने का आरोप है। सुखदेव सिंह को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने रविवार को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। सुखदेव सिंह करनाल के रहने वाले हैं। दिल्ली पुलिस 10 दिन से सुखदेव का पता लगा रही थी। दिल्ली पुलिस की टीम ने उन्हें फेज 1 इंडस्ट्रियल एरिया के सेंट्रा मॉल लाइट पाइंट के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें दिल्ली लाया गया। लाल किले पर हुई घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे, जिसमें से एक आरोपी के चंडीगढ़ में छिपे होने की जानकारी मिली थी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# ग्लेशियर के कहर से उत्तराखंड में भारी तबाही

इस हादसे के बाद नदियों में बाढ़ आ गई है। श्रीनगर में प्रशासन ने नदी किनारे बस्तियों में रह रहे लोगों से सुरक्षित स्थानों में जाने की अपील की है। नदी में काम कर रहे मजदूरों को भी हटाया जा रहा है। बाढ़ के बाद अब धौली नदी का जल स्तर पूरी तक रूका हुआ है। स्टेट कंट्रोल रूम के अनुसार, गढ़वाल की नदियों में पानी ज्यादा बढ़ा हुआ है। करंट लगने से कई लोग लापता बताये जा रहे है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिव आपदा प्रबंधन और डीएम चमोली से पूरी जानकारी प्राप्त की है। मुख्यमंत्री लगातार पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। संबंधित सभी जिलों को अलर्ट कर दिया गया है। लोगों से अपील की जा रही है कि गंगा नदी के किनारे न जाएं। सीएम घटनास्थल का हवाई दौरा भी कर सकते हैं। चमोली जिले के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।



डॉ. श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

उत्तराखंड के चमोली जिले के रैनी में रविवार को ग्लेशियर फट गया। ग्लेशियर फटने से धौली नदी में बाढ़ आ गई । इस प्राकृतिक आपदा से चमोली से हरिद्वार तक बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। उत्तराखंड प्रशासन की टीम घटना स्थल के लिए रवाना हो गई है। चमोली जिले में नदी किनारे की बस्तियों को पुलिस लाउडस्पीकर से अलर्ट किया जा रहा है। कर्णप्रयाग में अलकनंदा नदी किनारे बसे लोग मकान खाली करने में जुटे है। इस ग्लेशियर के फटने से ऋषि गंगा और तपोवन हाईड्रो प्रोजेक्ट पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं। हरिद्वार जिला प्रशासन ने भी उक्त बाबत अलर्ट जारी कर दिया है। सभी थानों और नदी किनारे बसी आबादी को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। ऋषिकेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। नदी से बोट संचालन और राफ्टिंग संचालकों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए हैं।साथ ही श्रीनगर जल विद्युत परियोजना को झील का पानी कम करने के निर्देश जारी किए गए हैं। ताकि अलकनंदा का जल स्तर बढ़ने पर अतिरिक्त पानी छोड़ने में दिक्कत न हो।

चमोली के पुलिस अधीक्षक यशवंत सिंह चौहान ने बताया कि काफी नुकसान की सूचना आ रही है। लेकिन अभी स्थिति स्पष्ट नहीं। टीम मौके पर जा रही है, उसके बाद ही नुकसान की स्थिति स्पष्ट होगी।

इस हादसे के बाद नदियों में बाढ़ आ गई है। श्रीनगर में प्रशासन ने नदी किनारे बस्तियों में रह रहे लोगों से सुरक्षित स्थानों में जाने की अपील की है। नदी में काम कर रहे मजदूरों को भी हटाया जा रहा है। बाढ़ के बाद अब धौली नदी का जल स्तर पूरी तक रूका हुआ है। स्टेट कंट्रोल रूम के अनुसार, गढ़वाल की नदियों में पानी ज्यादा बढ़ा हुआ है। करंट लगने से कई लोग लापता बताये जा रहे है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिव आपदा प्रबंधन और डीएम चमोली से पूरी जानकारी प्राप्त की है। मुख्यमंत्री लगातार पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। संबंधित सभी जिलों को अलर्ट कर दिया गया है। लोगों से अपील की जा रही है कि गंगा नदी के किनारे न जाएं। सीएम घटनास्थल का हवाई दौरा भी कर सकते हैं। चमोली जिले के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।आईटीबीपी के जवान बचाव कार्य के लिए पहुंच गए हैं. एनडीआरएफ की और



तीन टीमें गाजियाबाद से रवाना हों रही है।

चमोली जिले के तपोवन इलाके में रैणी गांव में बिजली परियोजना पर हिमस्खलन के बाद धौलीगंगा नंदी में जलस्तर अचानक बढ़ गया है।निजले इलाके में रहने वाले लोगों को ऊपरी इलाकों में भेजा जा रहा है। ग्लेशियर फटने से हुई तबाही को देखते हुए श्रीनगर, ऋषिकेश और हरिद्वार समेत अन्य जगहों पर अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा, ह्चमोली के रिणी गांव में ऋषिगंगा प्रोजेक्ट को भारी बारिश व अचानक पानी आने से क्षति की संभावना है। नदी में अचानक पाने आने से अलकनंदा के निचले क्षेत्रों में भी बाढ़ की संभावना है ।तटीय क्षेत्रों में लोगों को अलर्ट किया गया ह। नदी किनारे बसे लोगों को क्षेत्र से हटाया जा रहा है। ग्लेशयिर सालों तक भारी मात्रा में बर्फ के एक जगह जमा होने से बनता है। ये दो तरह के होते हैं- अल्पाइन ग्लेशियर और आइस शीट्स। पहाड़ों के ग्लेशियर अल्पाइन कैटेगरी में आते हैं। पहाड़ों पर ग्लेशियर टूटने की कई वजहें हो सकती हैं। एक तो गुरुत्वाकर्षण की वजह से और दूसरा ग्लेशियर के किनारों पर टेंशन बढ़ने की वजह से। ग्लोबल वार्मिंग के चलते बर्फ पिघलने से भी ग्लेशियर का एक हिस्सा टूटकर अलग हो सकता है। जब ग्लेशियर से बर्फ का कोई टुकड़ा अलग होता है तो उसे काल्विंग कहते हैं। ग्लेशियर फटने या टूटने से आने वाली बाढ़ का नतीजा बेहद भयानक हो सकता है। ऐसा आमतौर पर तब होता है जब ग्लेशियर के भीतर ड्रेनेज ब्लॉक होती है। पानी अपना रास्ता ढूंढ लेता है और जब वह ग्लेशियर के बीच से बहता है तो बर्फ पिघलने का रेट बढ़ जाता है। इससे उसका रास्ता बड़ा होता जाता है और साथ में बर्फ भी पिघलकर बहने लगती है। इंसाइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका के अनुसार, इसे आउटबर्स्ट फ्लड कहते हैं। कुछ ग्लेशियर हर साल टूटते हैं, कुछ दो या तीन साल के अंतर पर। कुछ कब टूटेंगे, इसका अंदाजा लगा पाना लगभग नामुमकिन होता है। बहरहाल यह फटा ग्लेशियर कितनी तबाही मचाएगा यह तो कहना मुश्किल है। फिलहाल तो बचाव ही एक मात्र उपाय है जिसमे चमोली से हरिद्वार तक सरकार, अधिकारी और जनता जुटी है।

यह लेखक की निजी राय है

## संपादकीय

# इमरान: कश्मीर में जनमत-संग्रह

पाकिस्तान में हर साल 5 फरवरी को कश्मीर-दिवस मनाया जाता है। इस साल पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और सेनापति कमर जावेद बाजवा ने थोड़े सम्हलकर बयान दिए हैं। भारत के साथ गाली-गुफ्ता नहीं किया है। बाजवा ने कहा है भारत कश्मीर का कोई सम्मानपूर्ण हल निकाले लेकिन इमरान खान ने परंपरा से हटकर कोई बात नहीं की। पुराने प्रधानमंत्रियों की तरह उन्होंने कश्मीर पर संयुक्तराष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने, और जनमत-संग्रह करवाने की बात कही और धारा 370 दुबारा लागू करने का आग्रह किया। यहाँ इमरान खान से मेरा पहला सवाल यह है कि उन्होंने संयुक्तराष्ट्र संघ का 1948 का कश्मीर-प्रस्ताव पढ़ा भी है या नहीं ? जब प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने उनसे मेरी पहली मुलाकात में यही बात इस्लामाबाद में मुझसे कही थी, तब मैंने उनसे यही सवाल पूछा था। उनका असमंजस देखकर मैंने उस प्रस्ताव का मूलपाठ, जो मैं अपने साथ ले गया था, उन्हें पढ़वा दिया। उसकी पहली धारा कहती है कि जनमत-संग्रह के पहले तथाकथित ह्यआजाद कश्मीरह्न में से प्रत्येक पाकिस्तानी नागरिक को हटाया जाए। क्या इस धारा का आज तक पूरी तरह उल्लंघन नहीं हो रहा है? पाकिस्तानी नागरिक ही नहीं, फौज के हजारों जवान उस ह्यआजादह्न कश्मीर को गुलाम बनाए हुए हैं। 1983 में जब इस्लामाबाद के ह्यइंस्टीट्यूट आफ स्ट्रेटजिक स्टडीजह्न में मेरा भाषण हुआ तो उसकी अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रसिद्ध नेता आगा शाही कर रहे थे। वहाँ भी यही सवाल उठा तो मैंने उनसे उस आजाद कश्मीरी लेखक की ताजा किताब पढ़ने को कहा, जिसके अनुसार ह्यपाकिस्तानी कश्मीरह्न गर्मियों के दिन में विराट वेश्यालय बन जाता है। आज असलियत तो यह है कि पाकिस्तान की फौज और नेता कश्मीर को लेकर थक गए हैं। उन्होंने हर पैंतरा आजमा लिया है। युद्ध, आतंक, अंतरराष्ट्रीय दबाव, इस्लाम को खतरे का नारा आदि। अब वे बातचीत का नारा लगा रहे हैं। बातचीत क्यों नहीं हो सकती ? जरुर हो। कश्मीर उसी तरह आजाद होना चाहिए जैसे दिल्ली और लाहौर हैं लेकिन उसे अलग करने की बात सबसे ज्यादा कश्मीरियों के लिए ही हानिकर होगी।क्या पाकिस्तान अपने कश्मीर को अलग करेगा ? कदापि नहीं। भारत-पाक से घिरे अलग कश्मीर का दम घुट जाएगा। कश्मीर के शानदार और खूबसूरत लोग पूर्ण आजादी का आनंद ले सकें, इसके लिए जरुरी है कि पाकिस्तानी फौज उसे अपने वर्चस्व का मोहरा बनाना बंद करे। धारा 370 तो असल में कभी की खत्म हो चुकी थी। अब उसका रोना रोने से कोई फायदा नहीं है। भारत और पाक इस कश्मीर की गुत्थी को कैसे सुलझाएं, इस पर विस्तार से फिर कभी!

# कोरोना के टीकाकरण में दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बन कर उभरा भारत

स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक टीकाकरण अभियान के 19वें दिन यानी 4 फरवरी की सुबह तक 4449552 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। देश में 18 दिनों में करीब 41 लाख लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया और इस प्रकार भारत सबसे कम दिनों में 40 लाख से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाने वाला नंबर एक देश बन गया। अमेरिका को यही संख्या छूने में 20 दिन तथा इजराइल और ब्रिटेन को 39 दिनों का समय लगा। हालांकि शुरूआत में भारत में टीकाकरण अभियान की रफ्तार कुछ धीमी थी किन्तु अब इसमें तेजी आई है और प्रतिदिन करीब चार लाख लोगों का टीकाकरण हो रहा है।
संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस तो कोरोना टीकाकरण के मामले में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बता रहे हैं। उनका कहना है कि भारत की उत्पादन क्षमता दुनिया की सर्वश्रेष्ठ पूंजियों में से एक है और कोरोना महामारी को दूर करने के लिए भारत की उत्पादन क्षमता का पूर्ण इस्तेमाल होना चाहिए।

कोरोना के अंत के लिए भारत में गत 16 जनवरी को दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू हुआ था और पहले ही दिन 207229 लोगों को कोरोना का टीका लगाकर भारत इतने बड़े पैमाने पर टीकाकरण करने वाला पहला देश बन गया था। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण के मुताबिक अमेरिका में एक दिन में सर्वाधिक 79458, ब्रिटेन में 19700 और फ्रांस में 73 टीके ही लगे थे जबकि भारत में पहले ही दिन दो लाख से ज्यादा लोगों का टीकाकरण हुआ था, हालांकि लक्ष्य तीन लाख लोगों का था। हालांकि भारत से पहले अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी सहित कई देशों में टीकाकरण शुरू हो गया था लेकिन भारत न केवल टीकाकरण के पहले ही दिन इतनी बड़ी संख्या में लोगों को टीका लगाने वाला पहला देश बना बल्कि अब कोविड वैक्सीन सबसे तेज गति से लगाने के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे है।



स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक टीकाकरण अभियान के 19वें दिन यानी 4 फरवरी की सुबह तक 4449552 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। देश में 18 दिनों में करीब 41 लाख लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया और इस प्रकार भारत सबसे कम दिनों में 40 लाख से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाने वाला नंबर एक देश बन गया। अमेरिका को यही संख्या छूने में 20 दिन तथा इजराइल और ब्रिटेन को 39 दिनों का समय लगा। हालांकि शुरूआत में भारत में टीकाकरण अभियान की रफ्तार कुछ धीमी थी किन्तु अब इसमें तेजी आई है और प्रतिदिन करीब चार लाख लोगों का टीकाकरण हो रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस तो कोरोना टीकाकरण के मामले में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बता रहे हैं। उनका कहना है कि भारत की उत्पादन क्षमता दुनिया की सर्वश्रेष्ठ पूंजियों में से एक है और कोरोना महामारी को दूर करने के लिए भारत की उत्पादन क्षमता का पूर्ण इस्तेमाल होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा अब तक 17 देशों को कोरोना वैक्सीन की एक करोड़ से भी ज्यादा डोज देकर मदद पहुंचाई जा चुकी है और फिलहाल श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, मॉरीशस इत्यादि कई देशों में तो भारतीय वैक्सीन से ही टीकाकरण किया भी जा रहा है। भारत में कोरोना टीकाकरण के सर्वाधिक लाभार्थी (करीब 55 फीसदी) सात राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल के ही हैं, जहां 4 फरवरी तक क्रमशः 463793, 363521, 354633, 330772, 316638, 311251 और 301091 लोगों का टीकाकरण हुआ। गौरवान्वित करने वाली बात यह है कि भारत पहला ऐसा देश है, जहां इतनी तेज गति से टीकाकरण हुआ है और स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि भारत तेज गति से यह टीकाकरण अभियान जारी रखेगा।इस टीकाकरण अभियान के तहत पहले चरण में तीन करोड़ और दूसरे चरण में इसे 30 करोड़ के लक्ष्य तक ले जाना है।

बता दें कि भारत में टीकाकरण तीन चरणों में होना है, जिसमें सबसे पहले टीका लगवाने के लिए करीब एक करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों को चिन्हित किया गया है, उसके बाद करीब दो करोड़ फ्रंटलाइन वर्कर्स (पुलिसकर्मी, सेना के जवान, होमगार्ड, सिविल डिफेंस तथा आपदा दल के सदस्य, निगम कर्मचारी, कारागार कर्मचारी तथा कंटेनमेंट क्षेत्र में तैनात कर्मचारी) और फिर 50 साल से ज्यादा आयु वाले तथा 50 साल के कम किन्तु गंभीर बीमारी वाले करीब 27 करोड़ लोगों को टीका दिया जाएगा। टीके की पहली खुराक के 28 दिन बाद दूसरी खुराक भी लगवानी होगी और टीके का असर दूसरी खुराक के 14 दिन बाद शुरू होगा। भारत में फिलहाल ऑक्सफोर्ड-एस्ट्रोजेनेका के साथ मिलकर बनाई गई सीरम इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया की 'कोविशील्ड' तथा स्वदेश में विकसित भारत बायोटेक की 'कोवैक्सीन' का उपयोग टीकाकरण के लिए किया जा रहा है। सरकार द्वारा अभी सीरम इंस्टीच्यूट से 200 रुपये प्रति खुराक के हिसाब से कोविशील्ड की 1.1 करोड़ खुराक जबकि भारत बायोटेक से 295 रुपये प्रति खुराक के हिसाब से 55 लाख खुराकें खरीदी गई हैं, जिनमें से भारत बायोटेक ने सरकार को 16.5 लाख खुराकें मुफ्त दी हैं।

भारत में शुरू हुआ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि अभी तक हुए सर्वे में यह बात उभर कर सामने आई है कि भले ही शुरूआती दौर में हमारे यहां टीकाकरण अभियान अपेक्षा के अनुरूप रफ्तार नहीं पकड़ पाया, फिर भी दुनिया में सबसे ज्यादा भरोसा भारतीयों को ही अपने वैज्ञानिकों और उनके बनाए टीकों पर है। एडलमेन ट्रस्ट बेरोमीटर के हालिया सर्वे में यह खुलासा हुआ है कि दुनियाभर में करीब 64 फीसदी लोग ही टीकाकरण कराना चाहते हैं और इनमें से भी तीन में से केवल एक व्यक्ति ही जल्द से जल्द टीका लगवाना चाहता है जबकि 80 फीसदी भारतीय टीकाकरण कराना चाहते हैं और इन 80 फीसदी में से 51 फीसदी भारतीय जल्द से जल्द वैक्सीन लगवाने के इच्छुक हैं। इस सर्वे के अनुसार भारत सहित ब्राजील, मैक्सिको, चीन, थाईलैंड, कोलम्बिया, आस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, अर्जेन्टीना, यूएई शीर्ष ऐसे 10 देश हैं, जहां सर्वाधिक लोग कोरोना वैक्सीन लगवाना चाहते हैं जबकि रूस, दक्षिण अफ्रीका, जापान, फ्रांस, सिंगापुर, स्पेन जैसे देशों के लोगों में कोरोना टीकों के प्रति सबसे ज्यादा बेरूखी दिखाई दी है।

ऑनलाइन तरीके से यह सर्वे कुल 28 देशों के नागरिकों के बीच किया गया था। सर्वे के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में 80, ब्राजील में 76, चीन में 74, ब्रिटेन में 66, जर्मनी में 62, अमेरिका में 59, जापान में 54, फ्रांस में 52, अफ्रीका में 49 और रूस में केवल 40 फीसदी लोग कोरोना टीका लगवाना चाहते हैं। शुरूआती दिनों के टीकाकरण अभियान में अपेक्षा से कम टीकाकरण होने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा इस अभियान में तेजी लाने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाए गए। मसलन, अगर तय दिवस पर कोई व्यक्ति टीका लगवाने नहीं आता है तो दूसरे पंजीकृत व्यक्तियों को बारी से पहले टीका दिया जा सकता है।

-योगेश कुमार गोयल

# केंद्रीय बजट 2021 और चन्देरी पर्यटन



मजीद खां पठान

केंद्रीय बजट 2021 वित्त मंत्री द्वारा संसद में प्रस्तुत किए जाने के बाद सारे देश में बजट को लेकर तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं आना शुरू हुई और आना भी चाहिए क्योंकि हमारा देश एक लोकतंत्र प्रणाली पर आधारित होने के कारण सबको अपनी अपनी राय रखने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है।

किसी ने बजट को उत्तम तो किसी ने बजट को अति उत्तम तो किसी ने सर्वोत्तम व्यक्त किया। वहीं दूसरी ओर किसी ने निराशा में डूबा हुआ तो किसी ने आशाओं के विपरीत बताया। कहने का तात्पर्य यह है कि *जितने मुंह उतनी बात* लेकिन इन सबके इतर हमने केंद्रीय बजट 2021 को प्रदेश क्षेत्रीय अथवा नगर के हितार्थ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पड़ने वाले प्रभाव के मद्देनजर से देखा।

जैसाकि जानकारी सार्वजनिक है, कि चंदेरी पर्यटन और बुनकरों के विकास हेतु बजट में राशि का प्रावधान किया गया है यह खबर पाकर दिल बाग-बाग हो गया और इस दिशा में प्रयास करने वाले जननायक के प्रति शुक्रिया-शुक्रिया व्यक्त करते हुए यह कहने को विवश हो गया कि बजट 2021 किसी के लिए कैसा भी रहा हो चंदेरी पर्यटन के प्रति सर्वोत्तम रहा।

चंदेरी पर्यटन अथवा चंदेरी साड़ियां क्षेत्र में उन्नति, प्रगति अथवा तरक्की की बात की जाए और श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की चर्चा न की जावें बात पूरी नहीं होती। क्योंकि उक्त दोनों क्षेत्र में यह एक ऐसे अहम किरदार के रूप में स्थापित हैं या यूं कहें कि उन्होंने इस क्षेत्र में अपनी लगन सकारात्मकशील रवैया अपनाने के साथ ही अभी तक जमीनी स्तर पर किए गए सफल कार्य यानी समग्र मूल्यांकन करने पर यह सब व्यक्त करने को विवश कर ही देते हैं।

वैसे भी यह सौ फीसदी सत्य है कि चंदेरी पर्यटन और चंदेरी साड़ियां एक दूसरे के पूरक है। दोनों क्षेत्र का आपस में चोली दामन का साथ है और आगे आने वाले समय में दोनों का साथ यूं ही बरकरार रहेगा। इन्हें कभी भी किसी भी स्तर पर एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है।

चंदेरी पर्यटन क्षेत्र में किए गए किसी भी विकास कार्य का असर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से चंदेरी साड़ी क्षेत्र में दृष्टिगोचर होता है। वहीं दूसरी ओर हस्त शिल्पकला का नायाब नमूना हथकरघा पर निर्मित चंदेरी साड़ी क्षेत्र में किए गए प्रगतिशील कार्य का असर पर्यटन क्षेत्र में साफ तौर पर दिखाई देता है।

हेण्डलूम पार्क को ही सामने रखें तो पाते हैं कि श्री ज्योतिरादित्य सिंधियाजी ने बुनकरों एवं चंदेरी साड़ियों के सवार्गीण विकास हेतु हेण्डलूम पार्क की स्थापना का ताना-बाना तैयार कर उसे अपनी पूरी क्षमता के साथ धरातल पर पूर्ण कराया। उसका असर चंदेरी पर्यटन क्षेत्र में इस प्रकार पड़ा कि आज वह एक नवीन पर्यटन स्थल के रूप में अपना नाम रोशन कर रहा है।

जो भी देशी-विदेशी पर्यटक नगर में आता है वह हेण्डलूम पार्क भी जाकर हथकरघा से निकलती *खट-खट* की आवाज को सुनता है साथ ही साथ विश्व प्रसिद्ध चंदेरी साड़ियां अथवा अन्य परिधान कैसे




निर्मित होते हैं अपनी सगी आंखों से उन्हें निर्मित होते हुए देखने के साथ ही बुनकरों से साक्षात्कार कर अपनी जिज्ञासाओं को तृप्त करता है।

इसी प्रकार पर्यटन क्षेत्र में श्री ज्योतिरादित्य सिंधियाजी के सफल प्रयासों के फलस्वरूप अस्तित्व में आया नवीन चंदेरी संग्रहालय इसके अलावा किला जीर्णोद्धार, किला विद्युत सौन्दर्यकरण, प्राचीन गलियों में फर्शीकरण, राजमहल सहित अन्य स्मारकों का जीर्णोद्धार चन्देरी को हेरिटेज सिटी का दर्जा प्राप्त होना, चन्देरी साड़ियां यूनेस्को की टेक्सटाइल श्रेणी में दर्ज होने हेतु प्रतीक्षारत होना यह सब ऐसे मिले-जुले कारण है जिसके परिणामस्वरूप नगर में पर्यटकों की आवाजाही में तेजी से इजाफा हुआ है।

यह लेखक की निजी राय है

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने ईरान को चेताया, पहले यूरेनियम संवर्धन बंद करो, तब हटाएंगे प्रतिबंध



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नए राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान को फिर आगाह करते हुए चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जब तक ईरान यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को नहीं रोकता है, तब तक प्रतिबंधों को नहीं हटाया जाएगा। बता दें कि रविवार को ही ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली खमनेई ने कहा था कि हम परमाणु प्रतिबद्धताओं को तब तक फिर से शुरू नहीं करेंगे जब तक कि अमेरिका प्रतिबंधों को समाप्त नहीं करता है। इसी के बाद से दोनों देशों के बीच बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। रविवार को जो बाइडन से पूछा गया था कि क्या अमेरिका ईरान को बातचीत की मेज पर वापस लाने के लिए इस्लामी गणतंत्र के खिलाफ लगे प्रतिबंधों को हटाएगा। इसपर जवाब देते हुए जो बाइडन ने कहा कि ह्यनहींह्न। उन्हें पहले यूरेनियम संवर्धन को बंद करना होगा। मई 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के ऊपर परमाणु समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एकतरफा तरीके से तोड़ने का ऐलान किया था। चुनाव के पहले से यह संभावना जताई जा रही थी कि जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका फिर से ईरान के साथ संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) परमाणु समझौते पर फिर से लौट सकते हैं। जब यह समझौता हुआ था जब जो बाइडन उप राष्ट्रपति थे। उन्होंने इस समझौते को लेकर ईरान के अधिकारियों के साथ काफी नजदीकी से काम किया था।

अयातुल्लाह अली खमनेई ने कहा कि अगर वे (अमेरिका) चाहते हैं कि ईरान को अपनी प्रतिबद्धताओं पर वापस लौटना है, तो अमेरिका को सभी प्रतिबंधों को खत्म कर देना चाहिए। फिर हम सत्यापन करेंगे और देखेंगे कि क्या प्रतिबंधों को सही ढंग से खत्म किया गया है। उसके बाद ही हम अपनी प्रतिबद्धताओं पर वापस लौटेंगे। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी भी पहले कह चुके हैं कि उन्हें कोई संदेह नहीं है कि बाइडन प्रशासन 2015 के परमाणु समझौते (जेसीपीओए) में फिर से शामिल होगा। इस समझौते में ईरान, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, चीन, रूस और यूरोपीय यूनियन शामिल थे। ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि उनका देश इस शर्त पर जेसीपीओए में लौटने के लिए तैयार होगा, जब हमें भारी रियायतें दी जाती हैं। अमेरिका को हमें प्रतिबंधों से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा भी देना होगा।

बाइडन ने भी राष्ट्रपति चुनाव से पहले अपने भाषणों में यह संकेत दिया था कि वह ईरान के साथ परमाणु समझौते में फिर से शामिल हो सकते हैं।

# ट्रंप का फैसला पलटकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से फिर जुड़ेंगे बाइडन



**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन द्वारा इस हफ्ते संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के साथ फिर से जुड़ने की घोषणा करने की उम्मीद है। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीन वर्ष पहले परिषद से अमेरिका को अलग करने का फैसला लिया था। अमेरिका के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बाइडन प्रशासन के इस निर्णय से बहुपक्षीय संगठनों और समझौतों के संबंध में पूर्ववर्ती ट्रंप प्रशासन द्वारा लिया गया एक और निर्णय पलट जाएगा। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जिनेवा में अमेरिका के वरिष्ठ राजयनिक इस बाबत जल्द घोषणा करेंगे। इसमें बताया जाएगा कि वाशिंगटन जिनेवा के इस संगठन में बतौर पर्यवेक्षक वापसी करेगा तथा पूर्णकालिक सदस्य बनने के लिए प्रयासरत होगा। ट्रंप ने संरा मानवाधिकार परिषद से अलग होने का फैसला 2018 में लिया था। उन्होंने इजराइल के प्रति परिषद के रूख तथा इसके सदस्यों के संबंध में कुछ आपत्तियां जताई थीं। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका द्वारा बताए गए सुधार करने में भी परिषद विफल रही है। ट्रंप प्रशासन को परिषद के सदस्यों-चीन, क्यूबा, इरीट्रिया, रूस और वेनेजुएला को लेकर आपत्ति थी, जिन पर मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोप लगते रहे हैं। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बाइडन प्रशासन का मानना है कि परिषद में सुधारों की आवश्यकता है, लेकिन परिवर्तन लाने का सही तरीका है, उसके साथ मिलकर सैद्धांतिक तरीके से काम करना।

# ब्रिटेन, स्कॉटलैंड और वेल्स में भारी हिमपात की चेतावनी



**लंदन।** ब्रिटेन समेत स्कॉटलैंड और वेल्स में भारी हिमपात की चेतावनी जारी की गई है। बीबीसी के रिपोर्ट के अनुसार प्रशासन द्वारा चेतावनी में यातायात और खड़े हुए वाहन समेत कई क्षेत्रों में बिजली के बाधित होने की चेतावनी जारी की गई है। ब्रिटेन के पश्चिमी और मध्य भाग के साथ लगने वाले इलाकों में हालांकि लगातार बर्फबारी जारी है और इन इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। ब्रिटेन के राष्ट्रीय मौसम विभाग ने देश की राजधानी लंदन में भी कई जगहों पर भारी बफबार्री की चेतावनी जारी की है तथा अगले इस सप्ताह के दौरान ठंडी और तेज हवाएं के भी चलने की आशंका व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक लंदन में सर्द हवाओं के बीच हल्की बफबार्री के साथ शून्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम तापमान रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइडन का राहत पैकेज अगले साल तक संपूर्ण रोजगार बहाल कर सकता है: जेनेट येलेन

वाशिंगटन। अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा है कि लाखों लोगों के बेरोजगार होने के कारण देश अब भी गहरी खाई में है लेकिन राष्ट्रपति जो बाइडन की 1,900 अरब डॉलर की राहत योजना से इतना विकास होगा जो अगले वर्ष तक संपूर्ण रोजगार बहाल करने के लिहाज से पर्याप्त होगा। रिपब्लिकन सीनेटरों का कहना है कि बाइडन द्वारा प्रस्तावित धन राशि बहुत बड़ी है और इसके लिए वे पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के वित्त मंत्री रहे लैरी समर्स द्वारा की गई इस प्रस्ताव की आलोचना का हवाला देते हैं। समर्स का कहना है कि बाइडन की इस योजना के चलते देश के आधारभूत ढांचे में सुधार जैसी अन्य पहलों के लिए कम पैसा उपलब्ध हो पाएगा। येलेन ने कहा कि अभी फिलहाल महामारी के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं मसलन मंदी, बेरोजगारी, छोटे व्यवसायों का बंद होना तथा स्कूलों को पुनः खोलने जैसी चुनौतियों से निबटने की तत्काल जरूरत है। सदन और सीनेट ने पिछले हफ्ते एक विधेयक को मंजूरी दी थी जो बाइडन के आर्थिक पैकेज को पारित कराने के लिए आवश्यक है। सरकार की ओर से बताया गया कि जनवरी में अर्थव्यवस्था में महज 49,000 रोजगारों का सृजन हुआ।

### अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज पी शुट्ज का 100 वर्ष की उम्र में निधन

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज पी शुट्ज का 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने 1980 के दशक में शीतयुद्ध के दौरान सोवियत संघ के साथ संबंधों में सुधार लाने और पश्चिम एशिया में शांति स्थापना के लिए किए गए प्रयासों के लिए याद किया जाएगा। बीते शनिवार को स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय परिसर स्थित आवास में उनका निधन हो गया। शुट्ज स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय स्थित थिक टैंक हुवर इंस्टीट्यूशन में फेलो थे और स्टेनफोर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस में एमेरिट्स प्रोफेसर थे। हुवर इंस्टीट्यूशन ने उनके निधन की सूचना दी। उनकी मृत्यु की वजह के बारे में अब तक जानकारी सामने नहीं आ सकी है। जीवन पर्यन्त रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े रहे शुट्ज ने राष्ट्रपति रिचर्ड एम निक्सन के कार्यकाल में श्रम मंत्री और वित्त मंत्री के रूप में काफी दिनों तक काम किया। जबकि, राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के कार्यकाल में उन्होंने विदेश मंत्री की जिम्मेदारी संभाली।


### ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने चीनी कंपनी के नए शहर बसाने की खबरों को बताया आधारहीन

कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने पापुआ न्यू गिनी से लगती देश की समुद्री सीमा पर एक चीनी कंपनी द्वारा नए औद्योगिक द्वीपीय नगर का निर्माण करने संबंधी खबरों को सोमवार को आधारहीन करार दिया। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में ऐसी खबरें आई थीं कि हांगकांग में पंजीकृत डब्ल्यूवाईडब्ल्यू होल्डिंग लिमिटेड नामक कंपनी, टोरेस जलडमरूमध्य में स्थित डारू द्वीप पर 30 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से एक शहर बसाना चाहती है जिसमें एक बंदरगाह और औद्योगिक क्षेत्र होगा। खबरों के अनुसार, इस बाबत पिछले साल अप्रैल में उक्त कंपनी ने पापुआ न्यू गिनी सरकार को पत्र लिखे थे। डारू द्वीप की जनसंख्या 20,000 है और यह ऑस्ट्रेलिया की मुख्य भूमि से लगभग दो सौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने किसी शहर के निर्माण संबंधी खबरों को आधारहीन करार दिया। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि यह काल्पनिक (खबर) है।' उन्होंने कहा, 'कुछ लोग कल्पना की पतंगें उड़ा रहे हैं और मैं इस शोर को महत्व नहीं देना चाहता।' मॉरिसन ने कहा, 'मैं लगभग नियमित तौर पर पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री (जेम्स मारपे) से बात करता रहता हूं और और हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। वह हमारे बीच तथा अन्य देशों से संबंधों के महत्व को समझते हैं और मैं नहीं समझता कि पापुआ न्यू गिनी ऐसा कुछ करेगा।'

### कोरोना मरीजों को हार्टअटैक से मौत का खतरा ज्यादा

लंदन। कोरोना वायरस (कोविड-19) के रोगियों को दिल का दौरा पड़ने पर मौत होने का खतरा अधिक है। यह खुलासा हुआ है एक ताजा अध्ययन में। इस मामले में महिलाएं विशेष रूप से अधिक संवेदनशील हैं। हाल ही में स्वीडन में किये गए अध्ययन में पाया गया है कि कोविड-19 की चपेट में आईं महिलाओं की दिल का दौरा पड़ने से मौत होने की आशंका पुरुषों के मुकाबले नौ गुणा अधिक है। स्वीडन के गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय के अध्ययनकताओं के अनुसार महामारी के दौरान किये गए अध्ययन में अस्पताल में दिल के दौरे का शिकार हुए 10 प्रतिशत लोग कोरोना वायरस से संक्रमित थे जबकि अस्पताल से बाहर ऐसे रोगियों की संख्या 16 प्रतिशत थी।

# उत्तराखंड ग्लेशियर आपदा पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जताई संवेदना



**पेरिस।** देश के पहाड़ी प्रदेश उत्तराखंड के चमोली जिले के ऋषिगंगा घाटी में ग्लेशियर टूटने से आई आपदा के पर फ्रांस ने संवेदना जताते हुए भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए लिखा कि उत्तराखंड में ग्लेशियर फटने के बाद फ्रांस पूरी तरह से भारत के साथ एकजुट है, जिसमें 100 से अधिक लोग लापता हो गए हैं। हमारी संवेदना उनके और उनके परिवारवालों के साथ है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया था कि उत्तराखंड में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। भारत उत्तराखंड के साथ खड़ा है और राष्ट्र सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता है। वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार बात कर रहे हैं और एनडीआरएफ की तैनाती, बचाव कार्य और राहत कार्यों में अपडेट प्राप्त कर रहे हैं। इसी ट्वीट पर राष्ट्रपति मैक्रों ने जबाव में भारत के साथ खड़े होने की बात लिखी है।

2020 के अक्टूबर-नवंबर महीने में जब फ्रांस एक के बाद एक कई आतंकी हमलों से दहल गया था, तब पीएम मोदी ने भी राष्ट्रपति मैक्रों को फोन कर भारत के समर्थन की बात की थी। उस समय मैक्रों के इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ दिए गए बयान पर पूरी मुस्लिम दुनिया में फ्रांस के खिलाफ गुस्सा था। कई देशों में हजारों की संख्या में भीड़ रोज फ्रांस के खिलाफ प्रदर्शन करती थी। उस समय पीएम मोदी की एकजुटता वाले संदेश से फ्रांस और राष्ट्रपति मैक्रों को काफी ताकत मिली थी। उत्तराखंड में हादसे वाली जगहों पर राहत और बचाव का कार्य अब भी जारी है।

सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और उत्तराखंड पुलिस के जवान लगातार लोगों को निकालने में जुटे हुए हैं। रात होने के कारण रोशनी की व्यवस्था कर राहत अभियान को चालू रखा जा रहा है। अभी तक लोगों के शव मिले हैं, जबकि 100 से ज्यादा लोगों के लापता होने की खबर है।

# ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने चीनी कंपनी के नए शहर बसाने की खबरों को किया खारिज

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने पापुआ न्यू गिनी से लगती देश की समुद्री सीमा पर चीनी कंपनी द्वारा एक नए औद्योगिक द्वीपीय नगर का निर्माण करने संबंधी खबरों को सोमवार को खारिज कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में ऐसी खबरें आई थीं कि हांगकांग में पंजीकृत डब्ल्यूवायवीवी होल्डिंग लिमिटेड नामक कंपनी, टोरेस जलडमरूमध्य में स्थित डारू द्वीप पर 30 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से एक शहर बसाना चाहती है जिसमें एक बंदरगाह और औद्योगिक क्षेत्र होगा। खबरों के अनुसार इस बाबत पिछले साल अप्रैल में उक्त कंपनी ने पापुआ न्यू गिनी सरकार को पत्र लिखे थे। डारू द्वीप की जनसंख्या 20,000 है और यह ऑस्ट्रेलिया की मुख्य भूमि से लगभग दो सौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने किसी शहर के निर्माण संबंधी खबरों को आधारहीन करार दिया। उन्होंने सिडनी रेडियो से कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि यह काल्पनिक है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कल्पना की पतंगें उड़ा रहे हैं और मैं इस शोर को महत्व नहीं देना चाहता।



दक्षिणी इंग्लैड में एक शोरुम पर रखीं कारों पर जमी बर्फ - फोटो

# कोरोना के नए स्ट्रेन में अप्रभावी एस्ट्राजेनेका टीका देने पर दक्षिण अफ्रीका ने लगाई रोक

**जोहानिसबर्ग।** कोविड19 महामारी के नए स्ट्रेन को लेकर अब दुनिया में नई चिंता उभर कर आई है। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका ने अपने स्वास्थ्य कर्मियों को ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका का टीका देने पर रोक लगा दी है। यह निर्णय एक नैदानिक परीक्षण के नतीजे आने के बाद लिया गया जिसमें पाया गया कि टीका कोरोना वायरस के नए स्वरूप से उपजी बीमारी पर प्रभावी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका को एस्ट्राजेनेका टीके की पहली दस लाख खुराक पिछले सप्ताह प्राप्त हुई थी और फरवरी के मध्य से स्वास्थ्य कर्मियों को टीका देने की योजना थी। शुरूआती नतीजों में सामने आया है कि एस्ट्राजेनेका का टीका प्रभावी नहीं है। एक छोटे अध्ययन से प्राप्त प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक एस्ट्राजेनेका का टीका, दक्षिण अफ्रीका में पाए गए कोरोना वायरस के नए प्रकार से उपजी कम तीव्रता की बीमारी से केवल न्यूनतम स्तर की सुरक्षा देता है। स्वास्थ्य मंत्री ज्वेली मखिजे ने रविवार रात को कहा कि वायरस का यह प्रकार अधिक संक्रामक है और इससे देश में महामारी के प्रकोप में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि वायरस का यह प्रकार, संक्रमण के 90 प्रतिशत से मामलों में सामने आया है। मखिजे ने कहा, ह्यएस्ट्राजेनेका टीका, मौलिक वायरस के खिलाफ असरदार था लेकिन यह नए स्वरूप के लिए प्रभावी नहीं है। उन्होंने कहा, ह्यहमने टीकाकरण को अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय लिया है। इस पर और काम किये जाने की आवश्यकता है। ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका टीके के प्रमुख अनुसंधानकर्ता ने रविवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका में पाए गए वायरस के नए स्वरूप के लिए संशोधित टीका सितंबर के आसपास आने की उम्मीद है। ऑक्सफोर्ड के अनुसंधानकर्ता दल की प्रमुख सराह गिल्बर्ट ने रविवार को कहा, हमें उम्मीद है कि टीके का नया प्रकार सितंबर तक तैयार हो जाएगा।

# डेनमार्क में सेक्स को लेकर मोबाइल ऐप लॉन्च

**कोपेनहैगन।** आईकंसेंट ऐप के जरिए अब डेनमार्क के लोग सेक्स के लिए अपनी सहमति दे पाएंगे। बलात्कार की बढती घटनाओं को रोकने डेनमार्क में सेक्स को लेकर एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। डेनमार्क में बलात्कार की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिसे रोकने के लिए सरकार ने कठोर कानून भी बनाया है।

अब इस ऐप के जरिए सरकार यूजर्स के सेक्स को लेकर सहमति की जांच करेगी। इस यौन सहमति ऐप के जरिए यूजर केवल एक बटन दबाकर सेक्स के लिए अपनी रजामंदी दे सकता है। यह 24 घंटे के लिए वैध रहेगा।

यूजर चाहे तो इसे कभी भी वापस ले सकता है। इस ऐप को लेकर डेनमार्क के लोगों ने ठंडी प्रतिक्रियाएं दी हैं। वहां की एक मीडिया संस्थान ने तो इस ऐप को कोरोना प्रेस कांफ्रेंस जैसा उबाऊ बता दिया है। इस ऐप के डेवलपर्स का दावा है कि इसके उपयोग से यूजर अपने फोन के जरिए सेक्स की अनुमति भेज और पा सकता है। यह उनके लिए एक सहमति का दस्तावेज हो सकता है। यूजर्स अपने सहमति को ऐप के जरिए स्टोर कर कानूनी उपयोग भी कर सकते हैं। इस ऐप के जरिए यौन स्वास्थ्य सलाह और यौन उत्पीड़न के शिकार हुए लोगों को सहायता समूहों के लिंक भी प्रदान करता है। इस ऐप के एन्क्रिप्टेड डेटा को किसी अपराध में पूछताछ के नजरिए से रिकॉर्ड भी किया जा रहा है। हालांकि, डेनमार्क के कानूनी विशेषज्ञों ने संदेह जताया है कि शायह ही कभी अदालतों में इस ऐप के डेटा का इस्तेमाल हो सके।

डेनमार्क के न्याय मंत्री निक हैकेरुप ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो जाएगा कि यदि दोनों पक्ष सेक्स के लिए सहमति नहीं देते हैं, तो यह बलात्कार है। डेनमार्क से पहले पड़ोसी देश स्वीडन ने भी 2018 में इसी तरह का एक कानून बनाया था। जिसके कारण स्वीडन में बलात्कार के दोषियों को सजा सुनाने में 75 फीसदी की बढोत्तरी देखी गई थी।

न्याय मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, डेनमार्क में एक वर्ष में लगभग 11,400 महिलाओं के साथ बलात्कार का प्रयास किया जाता है।

# सीमा विवाद के बावजूद भारत-नेपाल ने मिलकर किया नई सड़क का उद्घाटनु

**काठमांडू।** नेपाल में भारत की मदद से बनाई गई सड़क का उद्घाटन महावाणिज्य दूत नितेश कुमार और रोड डिविजन चंद्रनिगाहपुर के प्रमुख बिनोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सीमा विवाद के बावजूद यह सड़क खुलने से भारत के सीमावर्ती क्षेत्र और इस हिमालयी देश के कई इलाकों के बीच आवाजाही सुगम होने की उम्मीद है। नेपाल और भारत ने 108 किलोमीटर लंबी नव निर्मित यह सड़क भारतीय सीमा को इस पड़ोसी देश के कई इलाकों से जोड़ती है।

भारतीय दूतावास ने बताया कि भारत की सहायता से बनी सड़क भारतीय सीमा लक्ष्मीपुर-बलारा को नेपाल के सरलाही जिले के गढ़ैया से जोड़ती है। नव निर्मित सड़क लोगों की आवाजाही को सुगम बनाएगी। भारत सरकार ने सड़क निर्माण के लिए चार करोड़ 44 लाख रुपए की वित्तीय मदद मुहैया कराई थी। इस सड़क के बनने से भारतीय सीमा नेपाल के लक्ष्मीपुर, बलारा और गढ़हिया इलाकों से जुड़ गई है।

इस सड़क का निर्माण नेपाल-भारत विकास सहयोग के तहत किया गया है। बयान में कहा गया है कि यह सड़क परियोजना चंद्रनिगाहपुर रोड डिविजन के तहत आती है। भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाली इस नवनिर्मित सड़क से आवाजाही आसान होने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि पिछले साल मानसरोवर लिंक को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हो गया था जब भारत के सड़क निर्माण करने पर नेपाल ने आपत्ति जताई थी। नेपाल ने दावा किया था कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा उसके क्षेत्र हैं।

ब्रिटेन, स्कॉटलैंड और वेल्स में भारी हिमपात की चेतावनी

**लंदन।** ब्रिटेन समेत स्कॉटलैंड और वेल्स में भारी हिमपात की चेतावनी जारी की गई है। बीबीसी के रिपोर्ट के अनुसार प्रशासन द्वारा चेतावनी में यातायात और खड़े हुए वाहन समेत कई क्षेत्रों में बिजली के बाधित होने की चेतावनी जारी की गई है। ब्रिटेन के पश्चिमी और मध्य भाग के साथ लगने वाले इलाकों में हालांकि लगातार बर्फबारी जारी है और इन इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। ब्रिटेन के राष्ट्रीय मौसम विभाग ने देश की राजधानी लंदन में भी कई जगहों पर भारी बफबार्री की चेतावनी जारी की है तथा अगले इस सप्ताह के दौरान ठंडी और तेज हवाएं के भी चलने की आशंका व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक लंदन में सर्द हवाओं के बीच हल्की बफबार्री के साथ शून्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम तापमान रहेगा।

# हैती के राष्ट्रपति ने सरकार पलटने और अपनी हत्या के षड़यंत्र का आरोप लगाया, 20 गिरफ्तार

**पोर्ट ऑफ प्रिंस।** अफ्रीकी देश हैती के राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे ने अपनी सरकार को पलटने और अपनी हत्या का आरोप लगाया और कहा कि पुलिस ने 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने वार्षिक कार्यक्रम के उद्घाटन के सिलसिले में जैकेमल रवाना होने से पहले यहां हवाई अड्डे पर यह बात कही। उनके साथ प्रधानमंत्री और पुलिस प्रमुख भी थे। राष्ट्रपति मोइसे ने कहा, ह्यमेरी जान लेने की कोशिश थी। उन्होंने दावा किया कि यह साजिश नवंबर, 2020 में शुरू हुई। हालांकि उन्होंने इसका ब्योरा या सबूत नहीं सामने रखा। उन्होंने बस इतना कहा कि गिरफ्तार लोगों में एक न्यायाधीश और एक पुलिस महानिरीक्षक है।

# ब्रिटेन की नई शिक्षा रणनीति का हिस्सा होंगी भारत के साथ छात्र आदान-प्रदान परियोजनाएं

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने अंतरराष्ट्रीय शिक्षा रणनीति को लेकर शनिवार को और विवरण जारी किया। इसके तहत भारत जैसे देशों के साथ छात्र आदान-प्रदान परियोजनाएं शामिल होंगी। यूरोपीय संघ (ईयू) से अलग होने की प्रक्रिया पिछले साल के अंत में पूरी होने के बाद ब्रिटेन सरकार ने नई ट्यूरिंग योजना की घोषणा की है, जो विदेश में पढ़ने के लिए यात्रा करने वाले विश्वविद्यालय स्तर के छात्रों के नेटवर्क का विस्तार करने के साधन के रूप में ईयू-व्यापी छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम का हिस्सा लेगी।

शिक्षा विभाग ने ब्रिटेन में उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए और विवरण जारी किया है जो 11 करोड़ पौंड की ट्यूरिंग योजना के लिए है। इस योजना का नाम प्रसिद्ध अंग्रेज गणितज्ञ एवं कोड ब्रेकर एलन ट्यूरिंग के नाम पर रखा गया है।


विभाग ने पुष्टि की है कि भारत उन देशों में शीर्ष पर है जहां से सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय छात्र ब्रिटेन आते हैं और उन देशों की सूची में भी शामिल रहेगा, जिनके साथ ब्रिटेन के विश्वविद्यालय छात्र आदान-प्रदान परियोजनाओं के तहत समझौते करना चाहेंगे।

ब्रिटेन के विश्वविद्यालय मंत्री मिशेल डोनेलन ने कहा हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे छात्र, खासकार वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले, विदेश में पढ़ने और काम करने का लाभ उठा सकें।

ब्रिटिश काउंसिल के साथ काम करते हुए, हम अपने युवाओं के लिए विश्व के दरवाजे खोलेंगे और मैं उन उत्साहजनक व समृद्ध मौकों को देखने के लिए उत्सुक हूं जो ट्यूरिंग योजना लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि इस अभूतपूर्व समय में, एक सक्रिय वैश्विक शिक्षा एजेंडा होना पहले से कहीं अधिक अहम है।

हमारी विश्वस्तरीय शिक्षा हमारी अर्थव्यवस्था और समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हम विश्वविद्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और शिक्षा क्षेत्र के सभी पहलुओं का समर्थन करना चाहते हैं ताकि ये दुनियाभर में आगे बढ़ सकें।

# अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे को सरकारी रेस्ट हाउस का मेहमान बनाने की तैयारी में इमरान खान



**कराची।** पाकिस्तान के पीएम इमरान खान अमेरिका से अब एक नया पंगा लेने जा रहे हैं। दरअसल, अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे उमर सईद शेख को रिहाई के बाद अब पाकिस्तान ने सरकारी रेस्ट हाऊस में रखने का आदेश जारी किया है। कोर्ट के फरमान के बाद पाकिस्तान सरकार को उमर सईद शेख को रिहा करना पड़ा था। लेकिन, बाद में जब अमेरिका ने पाकिस्तान को खुलेआम धमकाया तब डरे हुए इमरान खान सरकार ने तुरंत अलकायदा के इस आतंकी को अपनी कस्टडी में ले लिया। अब पाकिस्तानी अधिकारियों ने अलकायदा आतकी अहमद उमर सईद शेख को जेल से कराची केंद्रीय कारागार के परिसर में एक नवनिर्मित भवन में भेजने की अधिसूचना जारी की है। न्यायमूर्ति उमर अता बांदियाल की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिटेन में जन्में शेख को मौत की सजा का सामने करने वाले कैदियों की कोठरी से सरकारी रेस्ट हाउस में भेजने का आदेश दिया था, जिसके बाद शनिवार को अधिसूचना जारी की गई।

खबर के मुतबिक सिंध के गृह विभाग द्वारा छह फरवरी को जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा है कि सभी संदिग्धों को वहां भेजा जाना है, ताकि वे अपने परिवार से मिल सकें। अधिसूचना में कहा गया है, बहरहाल, बाहरी दुनिया से जुड़ने के लिए इंटरनेट, टेलीफोन और कोई अन्य उपकरण या संचार के साधन मुहैया नहीं कराए जाएंगे।

# ब्राह्मण समाज ने राम मंदिर के लिए रू51000 की राशि समर्पण की

» मदरलैंड सुनील शर्मा

नारायणपुर । कस्बा के मोहल्ला राजपुरा में स्थित ब्राह्मण समाज छात्रावास में श्रीसनातन ब्राह्मण महासंघ रजि. के द्वारा श्रीराम जन्मभूमि भव्य मंदिर निर्माण निधि समर्पण टीम सम्मान समारोह 2021 का आयोजन सोमवार को किया गया। श्री सनातन ब्राह्मण महासंघ रजि. के अध्यक्ष सौरव शर्मा, सचिव मनोज जोशी, संगठन मंत्री संदीप पंचोली, वैभव मिश्रा, नितेश शर्मा, नीरज,उमंग मुद्गल एवं सहयोगकर्ता ओमप्रकाश शर्मा, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व ग्राम विकास अधिकारी प्रह्लादराम शर्मा ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समर्पण टीम के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता पंडित गजेंद्रसिंह ज्ञानपुरिया, देवेंद्रसिंह शेखावत, महेश श्रीवास्तव, अशोक सैनी, सरदाराराम सैनी को रू51000 की राशि समर्पण की।



इस कार्यक्रम का मंच संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोनू शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री सनातन ब्राह्मण महासंघ के द्वारा समर्पणकर्ता टीम तथा सहयोग कर्ताओं को माला एवं भगवान परशुराम का दुपट्टा पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रह्लादराम शर्मा, ललित शर्मा, कालू जोशी, महेंद्र शर्मा, पुरण शर्मा, मोहनलाल आत्रेय, बलवीर पारीक, सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जवान का तबादला होने पर पुलिस स्टाफ ने दी विदाई

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड़ थाने में कार्यरत भगवान सहाय को पदोन्नति पर इनका स्थानांतरण जोधपुर हो जाने पर बहरोड़ थाने के जवानों ने साफा व फूलमाला पहनाकर इनका जोरदार स्वागत किया । इस मौके पर थानाधिकारी विनोद सांखला ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आपकी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठ कार्य करने के कारण आपको जल्द ही बहरोड़ थाने में बुलाया जाएगा । इस दौरान थाने के सभी स्टाफ मौजूद रहे । जवान ने नम आंखों से सबका आभार व्यक्त किया ।

# जागुवास चौक पर लंबा जाम लगने से वाहन चालकों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी



» मदरलैंड मयंक जोशी

बहरोड़ के जागुवास चौक पर सोमवार सुबह फिर एक बार लंबा जाम लग जाने पर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस प्रशासन घंटों तक कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाने में परेशानी हुई। जानकारी के अनुसार किसान आंदोलन के चलते पुलिस के द्वारा रूट डायवर्ट कर अलवर - मुंडावर की ओर वाहनों को निकाला जा रहा था। वहीं जयपुर से दिल्ली जा रहे वाहनों के द्वारा रॉन्ग साइड से वाहनों के निकालने का कारण जाम लग गया। जिससे आम आदमी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद थाना प्रभारी विनोद सांखला सहित पुलिस जाब्ता ने मौके पर पहुंच कर यातायात को सुचारु रुप से चालू किया।

इस दौरान हरियाणा पुलिस के दो पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए और मौजूद पुलिस कर्मियों के साथ में अभद्र व्यवहार करने लगे। जिस पर थाना अधिकारी ने उन्हें पकड़कर पूछताछ की जिसके बाद वहां से भाग गए।

## संक्षिप्त समाचार

# श्रीमद् भागवत सप्ताह के दौरान नंदोत्सव की कथा आयोजित



मदरलैंड संवाददाता भरतपुर : मेलों की नगरी कस्बा जुरहरा के पुराने रामलीला मैदान में पिछले 3 दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा के चौथे दिन में सोमवार को नंदोत्सव मनाया गया। इस दौरान कथा पाण्डाल में हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की जयकारे लगे। कस्बे के पुराने रामलीला मैदान स्थित दीवान जी के नोहरे मैं श्रीमद् भागवत कथा के व्यास सुरेशानंद महाराज कनवाड़ा वालों के सानिध्य में नंदोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीव में परमात्मा का वास होता है यदि मन में भी परमात्मा का वास हो जाए तो सारा जीवन ही उत्सव बन जाता है। भगवान से प्रेम करना सीखेंगे तो आपका सारा जीवन आनंदमय हो जाएगा। इससे पहले श्री कृष्ण जन्म की कथा के दौरान कथा स्थल पर नंदोत्सव मनाया गया साथ ही कथावाचक सुरेशानंद महाराज कनवाड़ा वालों ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं पर प्रवचन दिए । इस दौरान श्री कृष्ण जन्म की कथा, बावन भगवान अवतार, भक्त प्रहलाद कथा, बाल कृष्ण जन्म, अजामिल उपाख्यान व गज कथा का वर्णन भी किया गया और भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी सजाई गई।

# छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम अवसर दिए जाने का दिया ज्ञापन



» मदरलैंड संवाददाता

तिजारा राजकीय महाविद्यालय तिजारा में स्नातकोत्तर (ट.अ) में विषय राजनीतिक विज्ञान में प्रवेश लेने से किन्हीं कारणवश वंचित रहे छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने का अंतिम अवसर और दिया जाए व प्रवेश लेने की तारीख बढ़ाई जाए इस संदर्भ में छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रपाल यादव के नेतृत्व में समस्त छात्रों ने महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार को ज्ञापन दिया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष विनय यादव , एडवोकेट इन्द्रपाल गुर्जर, दीपक , सतेंद्र , राकेश महाराजपुरा, राजेश, धर्मेन्द्र,तुशांक व अन्य छात्र मौजूद रहे।

# श्रद्धा के महाकुंभ में एक एक बूंद आस्था की समर्पित करना पूण्य का कार्य-ज्योतिषाचार्य सरस्वती गौड़

» मदरलैंड देशबंधु जोशी

जयपुर । श्री राम जन्मभूमि पर बनने वाले भव्य एवं ऐतिहासिक राममन्दिर के निमित्त संग्रहित की जा रही निधि में अपना योगदान देते हुए ज्योतिषाचार्य सरस्वती देवकृष्ण गौड़ ने 1 लाख 11 हजार की एक छोटी सी राशि समर्पित की। राममंदिर के लिए निधि संग्रहण करने आये विश्व हिंदू परिषद से राई का बाग अभय होटल के ऋतुराज सिंह, एडवोकेट पंकज अवस्थी,अभिषेक धूत, टीकमसिंह, पृथ्वीराज ठठेरा आदि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये तो हम सबका अहोभाग्य है कि भगवान श्रीराम के मंदिर के निमित अपनी अपनी श्रद्धानुसार छोटा सा छोटा सहयोग भी स्वीकार्य है। हम सब सौभाग्यशाली है कि हमारे जीवनकाल में हम राम मंदिर के निर्माण कार्य को होता हुआ देख पाएंगे और उसके निमित अपना गिलहरी सहयोग भी कर पाएंगे।आजादी के 70 वर्षों बाद जब ये सुअवसर आया है तो इस अवसर को एक उत्सव के रूप में परिणित करने की आवश्यकता है।



बून्द बून्द से घट भरता है। हम सबका ये कर्तव्य बनता है कि हम सब अपनी अपनी श्रद्धानुसार इसमें कुछ न कुछ सहयोग अवश्य करे।राममंदिर निर्माण निधि एक महाकुम्भ है, इसमें आस्था की हर बून्द महत्वपूर्ण है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आस्था की बूंद का समर्पण करना चाहिए।रामकाज में एक एक बूंद का समर्पण ठीक उसी प्रकार पुण्यकारी है जिस प्रकार रामसेतु के निर्माण में एक एक वानर का सहयोग पुण्यकारी था।आचार्य दीदी ने प्रत्येक भारतवासी से आग्रह किया है कि हर धर्म एवं हर जाति से ऊपर उठकर राम मंदिर निर्माण के इस पूण्य कार्य में अपना अपना यथायोग्य सहयोग करे ताकि भारत में अयोध्या की भूमि पर बनने वाले राममंदिर का स्वरूप और आभा इतनी सुंदर एवं अद्वितीय हो कि सदियों तक इस मंदिर की कीर्ति का यशोगान होता रहे।

# नगरपालिका नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों की मीटिंग का आयोजन

» मदरलैंड महावीर प्रसाद



तिजारा नगर पालिका परिसर में नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष झब्बू राम सैनी की अध्यक्षता में परिचय बैठक का हुआ आयोजन । पालिका प्रशासन के अधिशासी अधिकारी कुमार संभव अवस्थी व कर्मचारी द्वारा नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष झब्बू राम सैनी , पालिका उपाध्यक्ष हरीश कुमार, सहित वार्ड पार्षदों का फूल माला साफा बांधकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित पार्षदों ने सफाई व्यवस्था एवं बिजली पानी रोड की समस्या को लेकर पालिका अध्यक्ष को अवगत कराया। पालिका अध्यक्ष झब्बू राम ने सभी वार्ड पार्षदों कहां की विकास के लिए आपका सहयोग जरूरी है ।मिलजुल कर काम करेंगे । मेरे लिए 25 वार्ड सब बराबर हैं। तिजारा में चौमुखी विकास कराएंगे ।सभी वार्ड पार्षदों को भरोसा दिलाया ।इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष हरीश कुमार ,पार्षद रामेश्वर सैनी, कमलेश सैनी ,कालूराम शर्मा ,सरोज ,संतोष, पाची देवी , अनिल बंसल, राकेश सैनी, सतीस सैनी, केवल सिंह ,सुल्तान पालीवाल संजय कुमार जैन, हरिप्रकाश, उगन्ता देवी, रतिराम ,लीलाराम ,रघुवीर, केवल, मंजू देवी ,पालिका के कर्मचारी लिपिक मधुकर शर्मा, श्याम सुंदर यादव, नरेंद्र जांगिड़, होशयार यादव, दीपक सैनी, संपतराम ,संगीता, आदि मौजूद रहे।

# तहसीलदार को ज्ञापन देकर क्षतिग्रस्त रोड को सही कराए जाने की करी मांग

» मदरलैंड संवाददाता



तिजारा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 में जैन गर्ल्स कालेज के पास,घेरबसई रोड. पर गत अगस्त माह में कालोनी के गंदे पानी को मैन रोड़ पर लाकर छोड़ दिया था । जिससे मैन रोड़ पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो चुका है। जिसके संदर्भ में समाजसेवी विनोद सैनी के नेतृत्व में वार्ड वासियों रोड ठीक कराने को लेकर के तहसीलदार द्वारिका प्रसाद शर्मा को ज्ञापन सौंपा है ग्रामीणों का कहना है कि कई बार तिजारा नगर पालिका ई ओ व एसडीएम साहब ज्ञापन सौंपा जा चुका है ! वर्तमान तिजारा नगरपालिका बोर्ड को भी कई बार बताया जा चुका है । लेकिन प्रशासन एवं पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं । वार्ड वासियों का कहना है यह रोड पीडब्ल्यूडी विभाग के रिकॉर्ड में वर्तमान रोड के सेंटर से दोनों ओर 25-25 फुट है। उसी 50 फुट में दोनों तरफ नाले हैं। 40 फुट चौड़ा रोड व तीन - तीन फुट चौडाई वाले दो नाले है !

रोज कालेज व स्कूल आते जाते समय बच्चे उसी किचड में फिसल कर गिर जाते है। तथा महिला, बुजुर्गों को भी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । ज्ञापन में विनोद कुमार , सुनिल सैनी, सुगनचंद, ठाकुरदास, रवि पंजाबी, लालसिंह सोनी, बलबीर सैनी, फतेहसिंह, सुरेश ठेकेदार, ओमप्रकाश, सुभाष आदि मौजूद रहे !

# आनंदम विषय के अंतर्गत विद्यार्थी कर रहे है कपड़े के थैलों का निर्माण



» मदरलैंड गोपाल सोलंकी

गोविंदगढ़ । राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ के विद्यार्थी कपड़े के थैले का प्रयोग कर पर्यावरण को बचाने का संदेश दे रहे है । महाविद्यालय के सहायक आचार्य दीपक कुमार ने बताया की इस वर्ष आनंदम विषय के अंतर्गत विद्यार्थी विभिन्न समाजोपयोगी परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं ।

इसी क्रम मे आनंदम के टी ग्रुप के विद्यार्थी अनुपयोगी कपड़ो का प्रयोग करके कपड़े के थैलों का निर्माण कर रहे हैं । इस परियोजना मे विद्यार्थी लगभग 300 थैलों का निर्माण करेंगे और अपने आस-पास के क्षेत्र में इन थैलों का निशुल्क वितरण करेंगे । ये थैले जिन लोगो को दिये जायेंगे, आनंदम के विद्यार्थी उन सभी लोगो से भविष्य में प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग न करने का संकल्प पत्र भरवायेंगे। सोमवार को ग्रुप लीडर सपना के नेतृत्व में महाविद्यालय में इस अभियान का आरंभ हुआ जिसमे देवेन्द्र मीना, रोहिताश मीना, फैजल खान, तरुण खींची, मोहित शर्मा आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति गिरफ्तार

» मदरलैंड रेखचंद्र भारद्वाज

भरतपुर । स्थानीय थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव कुकरपुरी थाना जुरहरा निवासी श्रीमती जुनिबा पत्नि मौसिम पुत्री आमिन जाति मेव ने पिनगवां जिला नूंह मेवात हरियाणा निवासी अपने ससुरालीजनों के खिलाफ उसको दहेज के लिये प्रताडित कर घर से निकाल देने का मामला दिनांक 09 दिसम्बर 2020 को थाना जुरहरा पर दर्ज कराया था। जिसमें जुरहरा थानाधिकारी राजवीर सिंह द्वारा मामले की जांच के बाद उक्त मामले के नामजद आरोपी पीड़िता के पति मौसिम पुत्र हनीफ जाति मेव निवासी पिनगवां जिला नूंह मेवात हरियाणा को गिरफतार किया गया है।

# अग्रवाल समाज ने किया नवनिर्वाचित चेयरमैन व पार्षदों का सम्मान



» मदरलैंड / हीरालाल भूरानी

खैरथल । कस्बे के अग्रवाल समाज द्वारा रविवार को खैरथल व किशनगढ़ बास नगरपालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन, वाइस चेयरमैन व पार्षदों का भव्य स्वागत किया गया। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामहेत यादव व अध्यक्षता अलवर जिला अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक सिंघानिया रहे। अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए किशनगढ़ बास नगरपालिका चेयरमैन तारामणि सिंघल, खैरथल नगरपालिका चेयरमैन हरीश रोघा, वाइस चेयरमैन वरुण डाटा, पूर्व चेयरमैन अशोक डाटा, किशनगढ़ बास अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल का शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक बंसल,नरेश अग्रवाल, दामोदर गोयल, लालचंद गोयल, चिंतामणि गर्ग, ओमप्रकाश शामदा वाले, रामप्रकाश गोयल, संदीप अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## विधायक जौहरी मीणा ने किए विकास कार्यो के उद्घाटन

# मानव की सेवा करना सबसे बडा धर्म है : विधायक जौहरी मीणा

## पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम

» मदरलैंड संवाददाता

राजगढ़ । नगरपालिका की ओर से कस्बे के गंगाबाग व बस स्टैण्ड पर नवनिर्मित आधुनिक सुलभ शौचालय व सामुदायिक महिला चिकित्सालय में इंटरलॉकिंग व परिसर में क्रॉस टाईल्स तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्सरे मशीन, सोनोग्राफी मशीन व डीडीसी का लोकार्पण व फीता काटकर मुख्य अतिथि राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ के विधायक जौहरी लाल मीना ने उदघाटन किया।

इस मौके पर विधायक जौहरी लाल मीना ने कहा कि नगरपालिका के कार्यो का उद्घाटन किया है वो जब सार्थक होगा जब चिकित्सालय में भवन बनकर तैयार हो जाएगा। सभी चिकित्सक अपने-अपने कमरें में बैठ जाएंगे। तथा सभी मशीनें अपना



कार्य करेंगी। जिससे गरीब लोगों को राहत मिलेगी। विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जाँच व उपचार राजगढ़ चिकित्सालय में होगा। चिकित्सालय की कायाकल्प होने जा रही है। इलाज, जाँच एवं अन्य सुविधाएँ चिकित्सालय में उपलब्ध कराई जा रही है। मीना ने कहा कि चिकित्सक ड्यूटी पर समय पर आए व अपने कत्त्रव्य के प्रति निष्ठावान हो। मानव की सेवा करना सबसे बडा धर्म है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नगरपालिका उपाध्यक्ष मौसमी बाई गुर्जर तथा अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन सतीश कुमार दुहारिया ने की।



इस मौके पर नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी नवीन कुमार मीना, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. जीपी मीना, पार्षद राजेन्द्र चेयरवाल, कालूराम सैनी, बैनी प्रसाद सैनी, प्रीति शर्मा, प्रशांत जौहरी, मांगेलाल सैनी, गोविन्द शरण गुप्ता, प्रेमनारायण शर्मा, अलका सैनी, रज्जो देवी, रूपनारायण मीना, बंशी सैनी, हट्टी लाल सैनी, अशोक चाणक्य, मुंशी लाल गुप्ता आदि मौजूद थे।

# गादोज में 31वीं बीसीसी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ

» मदरलैंड संवाददाता

बहरोड़। गादोज ग्राम में 31वीं बीसीसी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्रीन अरावली स्टेडियम गादोज में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स राजकुमार यादव रहे। उन्होंने युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने व खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। राजकुमार ने बताया कि खेल से मनुष्य का शारीरिक मानसिक व सामाजिक विकास होता है। डॉक्टर सोनू राजकुमार की तरफ से समय-समय पर बहरोड़ तहसील के भिन्न-भिन्न गांव में अनेक प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं जैसे वॉलीबॉल, कुश्ती, कबड्डी, दौड़ एवं क्रिकेट का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा व सौहार्द बढ़ता है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000रू, द्वितीय पुरस्कार 11000रू है। इस प्रतियोगिता में लगभग 34 टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने सभी टीमों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर गादोज सरपंच अशोक यादव, तसिंग सरपंच प्रतिनिधि संदीप, करण सिंह, ओम प्रकाश वैद्य, युवा नेता राहुल, प्रेमी यादव, धर्मपाल मास्टर, राजेंद्र कुमार, रमेश, अनिल डेली गेट, वेद प्रकाश शास्त्री, अशोक कुमार, भूपेंद्र हुड्डा, सुनील, विनोद आदि लोग उपस्थित रहे।



## जावली में गोवर्धन पूजा में नाच गाकर खूब थिरके सोलंकी परिवार

# देश में पुन:रामराज आने वाला है: राधा बल्लभ शास्त्री

» मदरलैंड गिर्राज प्रसाद सोलंकी

लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के गांव जावली में श्रीमद् भागवत कथा का पंचम दिवस पंचम दिवस की कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बधाइयां व भगवान बालकृष्ण बाल कृष्ण लाल की बाल लीलाएं भगवान की माटी भक्षण लीला भगवान ने काली दह लीला का गुणगान महाराज श्री के श्री मुख से हुआ पंडित राधा वल्लभ शास्त्री ने बताया कि भगवान बालकृष्ण ने यमुना जल को कालिया नाग के विषय में जहर से यमुना जल को शुद्ध किया अपने भक्तों की प्राण रक्षा की और अंत में भगवान की लीलाओं में वर्णन किया कि भगवान नारायण गिरी गोवर्धन की पूजा करवाई जिसमें भजन के माध्यम से मैं तो गोवर्धन को जाऊं मेरे वीर ना माने मेरे मनवा इस पर भक्त मंत्रमुग्ध होकर जमकर नाचे और थिरके लखेरा परिवार व समस्त ग्रामवासी जावली के श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर के गिरिराज गोवर्धन की पूजा की परिक्रमा लगाई छप्पन भोग की झांकी सजाई गई और सभी ने बड़ा श्रद्धा एवं भाव से आनंद लिया।



## सिसौना में मूर्ति खंडित करने पर हंगामा, पुलिस ने संभाली स्थिती

» राजकुमार

रुड़की। सिसौना गांव में संत शिरोमणि रविदास की मूर्ति को खंडित कर फेंक दिए जाने के मामले को लेकर दलित समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए।बाद में गांव के ही चार पांच लोगों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सिसौना गांव में वर्षों पुराना संत शिरोमणि रविदास का मंदिर बना हुआ है। मंदिर में रविदास जी की मूर्ति स्थापित है।दलित समाज के लोग लंबे समय से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। बताया गया है कि रविवार की रात को कुछ असामाजिक तत्वों ने मंदिर में घुसकर रविदास जी की मूर्ति को खंडित करने के साथ ही प्रतिमा को उठाकर दूर फेंक दिया। रविवार की सुबह जैसे ही दलित समाज के लोग मंदिर पहुंचे तो उन्होंने संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा को खंडित देखा और प्रतिमा का एक हिस्सा मौके से गायब था। मूर्ति खंडित होने की सूचना मिलने पर सैकड़ों लोगों का जमावड़ा मौके पर लग गया और दलित समाज में मूर्ति खंडित को लेकर रोष व्याप्त हो गया। दलित समुदाय के लोगों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पहले भी मंदिर में रखी प्रतिमा को खंडित करने का प्रयास किया था और रविवार की शाम को भी रविदास की मूर्ति को खंडित किया गया है। बाद में दर्जनों दलित समुदाय के लोग मंडावर चैकी पहुंचे और गांव के ही चार पांच लोगों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी। दलित समुदाय के लोगों ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हंगामा भी किया। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया और जल्द ही मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया तब जाकर दलित समुदाय के लोग वापस लौटे। प्रदर्शन करने वालों में



सुरेंद्र,राजेंद्र, कल्लू, भोलाराम, विजेंद्र, महेंद्र, सुशील कुमार, सरोज आदि शामिल रहे। भगवानपुर थाना अध्यक्ष पीडी भट्ट का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। लोगों से शांति बनाए रखने का आह्वान किया गया है। जांच उपरांत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## आरसीई में हुई शोक सभा, छात्र की आत्मा शांति की कामना

» मदरलैंड संवाददाता

रूड़की। कॉलेज ऑफ इजीनियरिंग, रूड़की के बीटेक कम्प्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र मनीष कुमार पुत्र रोहित हजरा बिहार की मौत ने अभिभावको के साथ ही कालेज प्रबधंन व तमाम साथी छात्रों को सदमे में ला दिया है। कालेज में शोक सभा का आयोजन कर कालेज प्रबंधन, शिक्षकों व साथी छात्रों ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। प्रबधंक सत्येंद्र गुप्ता ने बताया कि छात्र ने 26 जनवरी को कॉलेज में रिपोर्ट किया था। उपरोक्त छात्र नियमानुसार 30 जनवरी की दोपहर 1 बजे बाजार से कुछ सामान खरीदने हेतु गेट पास लेकर गया था। रात तक छात्र के वापस न लौटने पर कालेज की ओर से उसके अभिभावक को सूचना दी गई। इस पर अगले दिन छात्र के अभिभावक रूड़की आ गये और छात्र की तलाश शुरू की गई। थाने में भी छात्र की गुमशुदगी कराई गई। 7 फरवरी को मोहम्मदपुर झाल से छात्र का शव मिलने पर कॉलेज प्रसाशन, छात्र के अभिभावक एवं कॉलेज के छात्र सदमें में आ गए हैं। सोमवार को कॉलेज में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। प्रबधंक सत्येग गुप्ता के मुताबिक कॉलेज प्रशासन अपने स्तर से अभिभवक तथा पुलिस प्रशासन को जांच में पूर्ण सहयोग दे रहा है।

## हिंदू संगठनों ने लगाया रेस्टोरेंट में अश्लीलता परोसने का आरोप

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकताओं ने होटल व रेस्टोरेंट्स में परोसी जा रही अश्लीलता पर अंकुश लगाने की मांग की है। इस दौरान कार्यकताओं ने एसपी देहात से मिलकर कार्रवाई करने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ता एसपी देहात परमेंद्र डोभाल से मिले। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने होटल रेस्टोरेंट में परोसी जा रही अश्लीलता पर अंकुश लगाने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने एक सूची भी एसपी देहात को सौंपी है। बजरंग दल के जिला महामंत्री शिवप्रसाद त्यागी ने एसपी देहात को बताया कि शहर में नशे के कारोबार के साथ-साथ बड़े स्तर पर अश्लीलता हो रही है। ऐसे मामलों से शहर का माहौल खराब हो सकता है। इस दौरान उन्होंने प्यार के नाम पर लव जिहाद करने वाले लोगों के खिलाफ दे सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। एसपी देहात को सौपे गए ज्ञापन में विहिप व बजरंग दल पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों सिमी से जुड़े लोगो ने बजरंग दल कार्यकताओं पर जानलेवा हमला किया था और फिलहाल भी ऐसे लोग शहर में सक्रिय हैं जिन पर नकेल कसना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक योजना के तहत नाबालिगों का शारीरिक व मानसिक शोषण करने की योजना भी असामाजिक तत्वों द्वारा बनाई जा रही है। उन्होंने भविष्य में होने वाली ऐसी घटनाओं को रोकने की मांग की है, साथ ही उन्होंने चेताया यदि शहर के होटलों में परोसी जा रही अश्लीलता पर अंकुश नहीं लगाया गया तो बजरंग दल कार्यकर्ता आंदोलन को मजबूर होंगे। एसपी देहात से मिलने वालों में विहिप के जिलाध्यक्ष संदीप खटाना, देवेंद्र पाल, सुनील कश्यप, मंजू सैनी, प्रवीण गिरी, विकास सैनी, अमन गिरी आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापारियों की सदस्यता तक न हो चुनावः प्रिंस

मदरलैंड संवाददाता, रूड़की। जब तक सभी व्यापारियों की वोट ना बने तब तक व्यापार मंडल के चुनाव किसी कीमत पर नहीं होना चाहिए। व्यापारियों ने व्यापार मंडल पदाधिकारियों पर भेदभाव का आरोप लगाकर व्यापार मंडल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बीटी गंज स्थित राजकली धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में व्यापारी नरेश प्रिंस ने कहा कि प्रांतीय उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों ने बाजार के सभी व्यापारियों को सदस्यों बनाये बिना ही चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि जब इसपर सवाल उठे तो ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट ने व्यापार मंडल को आपत्तियो के निस्तारण के निर्देश दिए।आरोप लगाया कि जब व्यापारी निस्तारण की मांग को लेकर आपत्ति दर्ज करवाने पहुंचे तो व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने से इनकार कर दिया। पत्रकार वार्ता के दौरान व्यापारियों ने मांग की कि जब तक नए नाम ना जोड़ें जाएं तब तक चुनावी प्रक्रिया शुरू ना की जाए।व्यापारियों का आरोप है कि मालवीय चैक रेलवे स्टेशन इमली रोड मेन बाजार आदि बाजारों में सैकड़ों व्यापारियों के वोट नहीं बनाए गए हैं उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आपने करीबी लोगों को पदाधिकारी बनाने की नियत से वोटर लिस्ट अपने अनुसार तैयार की गई है। इस मौके पर नौशाद, पप्पू, धीरज, रोहित, इकराम, सैय्यद, जिसान, सुभाष अहुजा, उस्मान, सुनील, राजू, सुहेल, जुबेर, हरीश, उमर, यूसुफ, शादाब, शकील, रामाकांत, याकूब आदि लोग उपस्थित रहे।

### 24 घंटे के पैरोल पर पहुंचे दो हत्या अभियुक्त

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। गुलफाम हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहा अभियुक्त पैरोल पर घर पहुंचा। मोहल्ला सैनीपुरा निवासी 5 भाइयों में से एक भाई की बीमारी के चलते उपचार के दौरान एम्स ऋषिकेश में मौत हो गई थी। अभियुक्तों ने न्यायालय में पैरोल के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर न्यायालय ने दो भाइयों को 24 घंटे के पैरोल पर उनके घर भेजा है।13 वर्ष पूर्व नगर के मोहल्ला सैनीपुरा में रंजिश के चलते गुलफाम अहमद की हत्या कर दी गई थी मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था तथा सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जिला कारागार में पांच भाई एक ही हत्या की जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं जिनमें से एक भाई कि पिछले कुछ दिनों से बीमारी के कारण स्थिति बिगड़ी हुई थी जिसे जेल प्रशासन द्वारा पहले जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था बाद में उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान मुश्ताक की मौत हो गई। मृतक मुश्ताक के पुत्र अबूजर द्वारा न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने पिता की मौत होने पर जेल में बंद उसके ताऊ, चाचा को पैरोल पर रिहा किए जाने की मांग की गई। न्यायालय ने प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए दो अभियुक्तों को 24 घंटे के पैरोल पर उनके घर भेजा है। इस मामले में हत्या अभियुक्त जिला कारागार रोशनाबाद जेल में बंद थे जिनमें से एक की मौत हो गई है। अन्य आरोपितों में नियाज अहमद, राशिद, शाकिर, मुमताज शामिल हैं। मुश्ताक की मौत पर न्यायालय ने उसके दो भाइयों नियाज अहमद व मुमताज निवासी मोहल्ला सैनीपुरा मंगलौर को 24 घंटे के पैरोल पर उनके घर भेजा।

### किसानों को ऋण उपलब्ध कराना सरकार का अच्छा कदमः बालियान

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। नारसन ब्लाक प्रागण में शनिवार को किसानों के लिए 3 लाख का ब्याज मुक्त ऋण वितरण किये जाने को भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल बालियान ने सराहनीय कदम बताया है। बालियान ने कहा कि योजना के तहत उत्तराखण्ड के 25 हजार किसानों को खेती किसानी के साथ ही मत्स्य पालन, जड़ी बूटी, मुर्गीपालन, मौम पालन आदि के लिए ऋण दिया गया है। प्रदेश भर में 100 स्थानों, 95 ब्लोक व 5 अन्य स्थानो पर किसानों को एक साथ ऋण वितरण किया गया। मुख्यमंत्री व मंत्री धनसिह रावत ने वर्चुअल के माध्यम से सभी कार्यक्रम स्थलों से जुड़कर लोगों से संवाद किया। बालियान ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के तहत 3 लाख रुपये का ब्याज रहित ऋण वितरण का शुभारंभ किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अलावा कार्यक्रम में प्रदेश की 200 कृषि ऋण सहकारी समितियों को कंप्यूटराइजेशन के लिए हार्डवेयर भी वितरित किए गये। सहकारी समितियों के कंप्यूटराइजेशन पर लगभग 40 करोड़ की राशि व्यय की जाएगी। इसमें 25 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार के माध्यम से दी जाएगी। मार्च 2021 तक प्रदेश की सभी सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा जहां प्रदेश की सभी समितियां कंप्यूटरीकृत होंगी। उन्होने वर्चुअल संवाद में सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयान, किसानों से किए वादे सरकार पूरा कर रही है। प्रदेश के किसानों ने भी सरकार की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम किया है, की भी सराहना की। कहा कि 2017 में सरकार ने किसानों को 2 प्रतिशत ब्याज पर 1 लाख रुपये का ऋण दिया था। अब सरकार किसानों को 3 लाख रुपये और समूह को 5 लाख का ब्याज मुक्त ऋण देगी। कहा कि प्रदेश में 20 सालों में पहली बार गन्ने का भुगतान सत्र शुरू होने से पहले किया गया। सरकार का प्रयास है कि धान, गेहूं, गन्ना समेत अन्य फसलों का किसानों को समय पर भुगतान हो। इसके लिए उन्हें इंतजार न करना पड़े। बता दें कि शनिवार को नारसन ब्लॉक कार्यालय पर झबरेडा व मंगलौर विधानसभा के 400 और रुड़की ब्लॉक में 581 किसानों को लाभान्वित किया गया।

## पन्ना लाल में भी कोरोना नियमों के बीच पहुंचे छात्र

» मदरलैंड संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड सरकार द्वारा पुनः कक्षा 6 से 12 तक के कोविड-19 के प्रावधानों के तहत विद्यालयों को खोलें जाने पर आज पन्ना लाल भल्ला म्युनिसिपल इंटर कालेज हरिद्वार में विद्यालय पहुंचे छात्रों को विद्यालय के अनुशासन प्रभारी त्रिलोक चंद ने मुख्य शिक्षधिकारी हरिद्वार के आदेशानुसार छात्रों को सेनेटाइज कराने के बाद थर्मल स्केनिंग कराया। बिन मास्क पहुंचे छात्रों को वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ एसपी सिंह जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना हरिद्वार ने मास्क वितरित किए। त्रिलोक चंद ने कोविड-19 की गाइड लाइन के अनुसार विद्यार्थियों को बताया कि विद्यालय में आने पर प्रतिदिन सर्वप्रथम इसी प्रकार हाथों को सेनेटाइजर के द्वारा सेनेटाइज व थर्मल स्केनिंग के बाद ही कक्षा कक्षों में



प्रवेश करना है। इसके बाद अन्य शिक्षक प्रभाकर सिंह को साथ लेकर प्रत्येक कक्षा में गये व निरीक्षण किया कि कक्षा में विद्यार्थियों द्वारा सोशल डिस्टेसिगं का पालन किया जा रहा है या नहीं। जिसके पश्चात उन्होंने देखा कि प्रत्येक छात्र ने सोशल डिस्टेसिगं का पालन किया जा रहा है। छात्रों को बताया कि दो गज दूरी और मेरा आपका सुरक्षा कवच (मास्क) है जरूरी। आज की व्यवस्था में मेघराज सिंह, प्रभाकर सिंह का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के अन्य शिक्षकों रमेश चंद, विकास भारद्वाज, मुक्ता शर्मा, दीप्ति नोटियाल, सुषमा जगवाण, इतु भट्टाचार्य, अंजलि साराभाई, सुनील कुमार आदि शिक्षकों ने कक्षाओं में अपने अपने वादनो में जा-जा कर कोर्स की पढ़ाई के साथ कोविड-19 के निर्देशों का पालन करने को बताया गया।

## कैडेट्स ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

» मदरलैंड संवाददाता

रूड़की। 1971 के भारत-पाक के युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों 50 वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि देने के लिए बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप की ओर पवेलियन ग्राउंड में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स व अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा ग्राउंड पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने सेना के हथियारों और उपकरणो के बारे में जानकारी ली। सेना के बैंड ने जब अपनी धुन पर परेड की तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। युवाओं को सेना की ओर प्रेरित भी किया गया इस दौरान भारतीय सेना की वीरगाथा का वर्णन और उसके उपकरण व हथियारों की प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

## फ्रंट लाईन वर्कर्स का टीकाकरण शुरू, एमएनए को लगा पहला टीका

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। कोरोना से बचाव को सोमवार से फ्रंट लाइन वर्कर्स का भी टीकाकरण शुरू हो गया है। नगर निगम रुड़की में नगर आयुक्त नूपुर वर्मा ने सबसे पहले टीका लगवाकर अभियान की शुरूआत कराई। उन्होंने निगम कर्मचारियों को बिना किसी संशय के वैक्सीन लगवाने के लिए कहा। महापौर एवं सहायक नगर आयुक्त ने भी वैक्सीन लगवाई। शहर में छह स्थानों पर टीकाकरण किया गया। हेल्थ वर्कर्स के टीकाकरण के साथ ही सोमवार से फ्रंट लाइन वर्कर्स का भी वैक्सीनेशन शुरू हो गया है। नगर निगम रुड़की निगम कर्मचारियों को वैक्सीन लगाने का काम शुरू हुआ। नगर आयुक्त नूपुर वर्मा ने निगम में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर सबसे पहले स्वयं को वैक्सीन लगाई, ताकि कर्मचारियों में टीके को लेकर जो संशय हो, वह दूर हो जाए। नगर आयुक्त नूपुर वर्मा ने कर्मचारियों को कहा कि कोरोना से बचाव को लेकर यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है। इसके लगने के बाद कोरोना संक्रमण का जो भय हमेशा बना रहता है, वह दूर हो जाएगा। सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से इसको लगवाएं। महापौर गौरव गोयल एवं सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट ने भी वैक्सीन लगवाकर निगम कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नमामि बंसल ने निगम पहुंचकर वैक्सीनेशन केंद्र की सारी व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान सिविल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय कंसल भी मौजूद रहे। सीएमएस ने बताया कि नगर निगम रुड़की में 719 फ्रंट लाइन वर्कर का वैक्सीनेशन होना है। सोमवार को नगर निगम के अलावा सिविल अस्पताल रुड़की, ब्लॉक सभागार रुड़की, विनय विशाल हॉस्टिपल, नन्हे-मुन्नों का अस्पताल और भगवती नर्सिंग होम में टीकाकरण हुआ। अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ पुलिस कर्मियों का भी टीकाकरण हुआ। नगर निगम के वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रांत सिरोही ने बताया कि वैक्सीनेशन का स्वास्थ्य पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा। केवल गर्भवती महिलाओं व दूध पिलाने वाली महिलाओं को सुरक्षा की दृष्टि से वैक्सीन नहीं लगाई जा रही है।

## लंढौरा में सहकारी समिति में निदेशकों ने काटा हंगामा

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। किसान सेवा सहकारी समिति लंढौरा के निदेशकों ने समिति परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। बहुमत की बात कहकर एमडी की अनुपस्थिति में वित्त लिपिक को अधिकृत कर बोर्ड बैठक भी की। बैठक में सभापति के वित्तीय अधिकार सीज करने समेत कई प्रस्ताव पारित करने का दावा किया गया। लंढौरा किसान सेवा सहकारी समिति पर लंढौरा, आमखेड़ी, घोसीपुरा, भुक्कनपुर, गाधारोणा, शिकारपुर, थिथौला, खेमपुर, जैनपुर झंझेडी समेत कई गांव के कुल 12 निदेशक चुनकर आते हैं। कई साल से निदेशक मंडल की बैठक नहीं हो सकी है।इस पर तीन फरवरी को कुलदीप, अश्वनी कुमार, अकबर अली, करण सिंह, वकार अहमद, राकेश पाल, सावित्री देवी आदि ने एमडी को पत्र देकर बैठक बुलाने को कहा था। सोमवार को जैसे ही निदेशक समिति पर पहुंचे तो एमडी ने अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र दे दिया, जिस पर संचालकों ने वित्त लिपिक को अधिकृत करते हुए बैठक शुरू कर दी। निदेशक अश्वनी कुमार ने बैठक में आरोप लगाया कि डेढ़ माह के दौरान कई तरह की अनियमितताएं हुई है। चहेतों को ही शून्य ब्याज पर कर्ज उपलब्ध कराया गया है। यूरिया का दाम 266 रुपये 50 पैसे है, जबकि किसानों को यूरिया 270 रुपये में दिया जा रहा है। बैठक में अनियमिताओं की जांच के लिए तीन सदस्य कमेटी गठित की गई। बैठक की अध्यक्षता अकबर अली एवं संचालन प्रवीण कुमार ने बताया।

## शराब के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। झबरेडा-मंगलोर मार्ग पर स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर के समीप पुलिस ने अंग्रेजी शराब की 7 पेटी ले जाते हुए बाप-बेटे को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार रविवार रात 12 बजे पुलिस मंगलौर मार्ग लाठर देवा हुण जा रही थी। इसी समय कस्बे से निकलते ही गुरु गोरखनाथ मंदिर से कुछ दूरी पर एक कार को पुलिस ने शक होने पर रोक लिया। कार की तलाशी लेने पर 7 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। कार चालक समेत अन्य एक व्यक्ति को पुलिस थाने ले आई।

### कोरोना नियमों के बीच विद्यालयो में पहुंचे बच्चे, स्कूलों ने किया स्वागत

# दून, मारवाड़, शिवालिक, सनराईज, योगेश्वर, लॉर्ड कृष्णा में छोड़े गए गुब्बारे

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। जनपद में सोमवार से सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूल छात्रों के लिए खोल दिए गए। कोरोना गाइड़लाइस के अनुसार स्कूल खोले गए। 11 महीने के लंबे अंतराल के बाद स्कूल खुलने से छात्रों, अभिभावकों के चेहरे भी खिले रहे। सरकार के स्कूल खोले जाने के आदेश का स्वागत करने के साथ ही छात्रों ने स्कूलों में गुब्बारे छोड़कर खुशी का इजहार किया। शिक्षा विभाग ने 3 दिन पूर्व कोरोना गाइड़लाइन के बीच प्रदेश में कक्षा 6 से 9 के छात्रों के लिए स्कूल खोले जाने के आदेश जारी कर दिए थे। जिसके बाद स्कूलों में भी इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई। स्कूलों को अंदर व बाहर से सैनेटाइज करने के साथ ही प्रबधंको, प्रधानाचार्यो द्वारा कक्षाओं को भी पूरी तरह से सैनेटाइज कराया गया। सुबह पूरे उत्साह के साथ बच्चे स्कूल पहुंचे। जिन्हे गेट पर ही सैनेटाइज किया गया। थर्मल स्क्रीनिंग की गई। इसके बाद सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराते हुए फेस मास्क के साथ स्कूलों में प्रवेश दिया गया। सनराइज पब्लिक स्कूल अशोक नगर में कक्षा 6 से ऊपर की कक्षाएं खोलने के आदेश पर बच्चों का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह रावत व प्रबंधक



महेश चंद्र सिंह रावत ने कहा कि तमाम बच्चों ने बड़े धैर्य एवं मजबूती के साथ कोविड से लड़ाई लड़ी और अपने जुझारू पन, हिम्मत, त्याग, सावधानी, सामाजिक दूरी से इसे हराने में भूमिका निभाई। इसके लिए बच्चे और उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं। विद्यालय की अध्यापिका ने भी पूरे कोरोना काल में ऑनलाइन पढ़ाई करा कर बच्चों का लगातार उत्साह बढ़ाएं रखा। इसके लिए वह भी बधाई की पात्र है। विद्यालय को खोलने की सरकार की पहल का प्रधानाचार्य ने भी स्वागत किया। विद्यालय में सभी कमरों को सैनेटाइज किया गया, बच्चों का थर्मल स्क्रीनिंग कर, मास्क के साथ विद्यालय में प्रवेश कराया गया। सभी बच्चों ने कोरोना नियमों का पालन किया। प्रबंधक महेंद्र रावत ने बच्चों को साफ सफाई और पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चंद्रमा देवी रावत शालू रावत गौतम रावत भानु सूर्य प्रताप, रीता रितिका, संतोषी मैडम, अंजना मैडम, प्रीति मैडम, रनीता मुरारी, शिवानी मैडम, नोडल अधिकारी के रूप में दीप्ति खड़ायत व किरण नेगी, सहायिका, रेखा, रीना आदि मौजूद थे। श्री मारवाड़ कन्या पाठशाला इन्टर कॉलेज, लालकुर्ती में भी सरकार के आदेशानुसार व सरकार की एसओपी के अनुसार सोमवार को कक्षा 6 से कक्षा 11 तक की छात्राओं को कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए सोशल डिस्टेसिंग व फेस मास्क के साथ विद्यालय में बुलाया गया। छात्राओं को




विद्यालय आने से पहले छात्राओं के अभिभावको द्वारा सहमति पत्र भी भरकर मंगवाया गया। कोविड-19 के चलते 11 माह बाद विद्यालय खुलने से छात्राओं में उत्साह देखते ही बनता था। विद्यालय में पहले दिन छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही। प्रबन्धक एड़वोकेट राम अवतार अग्रवाल ने कक्षा 6 से कक्षा 11 तक विद्यालय खुलने पर बधाई दी तथा सभी छात्राओं का विद्यालय आने के लिए उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबधंक ने बताया कि आज से ही विद्यालय में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक की छात्राओं को मध्याहन भोजन योजना के अनर्तगत खाना भी खिलाया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्या अनीता रस्तौगी, अनु शर्मा, लता रानी, मुन्नी देवी, बबीता त्यागी, श्रद्धा हिन्दू,, कामनी गुप्ता, निधि शर्मा, रश्मि गुप्ता, कंचन तिवारी, समस्त स्टाफ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। लॉर्ड कृष्णा, योगेश्वर पब्लिक स्कूल, शिवालिक व दून पब्लिक सीनियर सैकेंड्री में भी बच्चों में स्कूल खुलने को लेकर पूरा उत्साह देखने को मिला। कोरोना नियमों के बीच बच्चे कक्षाओं में बैठे। लॉर्ड कृष्णा निदेशक राजकुमार उपाध्याय, योगेश्वर पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्या मनीषा पुंडीर व शिवालिक सीनियर सैकेंड्री स्कूल की प्रधानाचार्या उर्मिला पुंडीर ने बताया कि कोरोना नियमों के बीच कक्षा 6 से 9 तक के बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिया गया। इस बीच बच्चे भी पूरे जोश और उत्साह में दिखे।

# केंद्र सरकार ने कभी कोविड-19 कर या उपकर लगाने पर विचार नहीं किया: सीतारमण

**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार का कभी कोविड-19 कर या उपकर लगाने का विचार नहीं रहा है। सीतारमण ने कहा कि मुझे नहीं पता कि मीडिया में कोविड-19 कर या उपकर लगाने की चर्चा कैसे शुरू हुई? लेकिन हमारा कभी ऐसा विचार नहीं रहा। वित्त मंत्री ने कोरोना महामारी के दौरान सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि जब दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्थाएं इस महामारी से संघर्ष कर रही थीं, हमने इससे बचाव का रास्ता ढूंढ




लिया था। सीतारमण ने तात्कालिक खर्च के लिए 'परिवार का कीमती सामान बेचने' के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विनिवेश पर सरकार की स्पष्ट नीति है। पहली बार ऐसा हुआ है जबकि सरकार करदाताओं के पैसे को सोच-विचार कर खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत की आकांक्षाओं और विकास जरूरतों के लिए भारतीय स्टेट बैंक के आकार के 20 संस्थानों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आईडीबीआई के अनुभव से विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) का विचार आया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा संचालित सिर्फ एक डीएफआई होगा और इसमें निजी क्षेत्र की भूमिका होगी। सीतारमण ने अर्थव्यवस्था में आ रहे सुधार का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले तीन माह के दौरान माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह बढ़ा है।

## सीमेंस ने आईआईएस, सीएमटीआई के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली।** सीमेंस ने सोमवार को कहा कि उसने डिजिटल रूपांतरण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएस) और केंद्रीय विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएमटीआई) के साथ समझौता किया है। कंपनी ने कहा कि सीमेंस ने आईआईएस और सीएमटीआई के साथ दो अलग-अलग सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सीमेंस ने बताया कि इन प्रयोगशालाओं का उद्देश्य आईआईएस में शोधकताओं और मशीन टूल उद्योग के पेशेवरों के तकनीकी कौशल को बढ़ाना है।

# पीएनबी को भूषण पावर से 3,800 करोड़ की वसूली की उम्मीद

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में ऋण समाधान के तहत भूषण पावर एंड स्टील से 3,800 करोड़ रुपए की वसूली की उम्मीद है। इसी तरह पीएनबी डीएचएफएल के समाधान से भी ठीक-ठाक राशि मिलने की उम्मीद कर रही है। बैंक के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एसएस मल्लिकार्जुन राव ने कहा कि इससे बैंक को चालू वित्त वर्ष में 8,000 करोड़ रुपए की नकद वसूली का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। बैंक चालू वित्त वर्ष के आखिर तक सकल गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) को 14 प्रतिशत से नीचे और शुद्ध एनपीए को 5 प्रतिशत से कम रखने पर के लक्ष्य पर टिका हआ है। जनवरी के बाद दिसंबर में संग्रह की दक्षता में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरे बैंकिंग उद्योग में अक्टूबर और नवंबर में संग्रह बेहतर रहा था। हालांकि एनपीए के वर्गीकरण पर उच्चतम न्यायालय से स्पष्ट निर्देश नहीं मिल पाने के चलते दिसंबर में समस्याएं आईं। राव ने कहा कि एनपीए की पहचान को लेकर अस्पष्टता आई। हालांकि, हमारे बैंक सहित बैंकिंग उद्योग में जनवरी के महीने में संग्रह में फिर से सुधार हुआ है। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए हम बहुत आश्वस्त हैं कि आगे एनपीए में कोई वृद्धि नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़ा

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 72.84 के स्तर पर पहुंचा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में स्थानीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 72.86 के स्तर पर खुली और शुरूआती सौदों में बढ़त के साथ 72.84 के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त दशार्ता है। पिछले सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे बढ़कर 72.93 के स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत बढ़कर 91.07 पर पहुंच गया।

### एचसीएल टेक ने कर्मचारियों को बोनस देने की घोषणा की

नई दिल्ली। प्रमुख आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने 10 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 72,800 करोड़ रुपए) की आय प्राप्त की है, इसके उपलक्ष्य में सोमवार को अपने कर्मचारियों को एकमुश्त 700 करोड़ रुपए से अधिक का विशेष बोनस देने की घोषणा की। एचसीएल टेक ने कहा कि फरवरी 2021 में कर्मचारियों को विशेष बोनस का भुगतान किया जाएगा और इसका प्रभाव कंपनी द्वारा पिछले महीने बताए गए वित्त वर्ष 2020-21 के ईबीआईटी पूवार्नुमानों में शामिल नहीं है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने कहा कि वह 2020 में 10 अरब अमरीकी डालर के आय स्तर को पार करने के उपलक्ष्य में दुनिया भर में अपने कर्मचारियों को एकमुश्त विशेष बोनस जारी कर रही है। बयान में कहा गया है कि एक साल या उससे अधिक सेवा वाले सभी कर्मचारियों को दस दिनों के वेतन के बराबर बोनस मिलेगा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि महामारी के बावजूद एचसीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य ने अपनी जोरदार प्रतिबद्धता और जुनून को दशार्या और संगठन के विकास में योगदान दिया।

### सन फार्मा ने अमेरिका से वापस मंगाए टेस्टोस्टेरॉन के इंजेक्शन

नई दिल्ली। देश के प्रमुख दवा कंपनी सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज अमेरिकी बाजार से टेस्टोस्टेरॉन इंजेक्शन के 36275 डिब्बे गलत लेबलिंग के कारण वापस मंगा रही है। इसका उपयोग शरीर में टेस्टोस्टेरॉन की कमी को दूर करने के लिए किया जाता है। अमेरिका का फूड एंड ड्रग एडिमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इन इंजेक्शन को सन फार्मा ने भारत में बनाया था और न्यूजर्सी के प्रिंसटन की कंपनी सन फार्मस्यूटिकल इंडस्ट्रीज इंक ने इसे अमेरिका में वितरित किया था। यूएसएफडीए ने इसे क्लास-3 रिकॉल बताया है। सेकंडरी पैकेजिंग में गलत लॉट नंबर के कारण कंपनी को इसे वापस लेना पड़ रहा है। कंपनी ने 11 जनवरी से पूरे देश में इस दवा को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की थी। पुरुषों में पाया जाने वाला टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन मांशपेशियों के निर्माण, फैट बर्न और शरीर की क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की मरम्मत में अहम भूमिका निभाता है। अगर शरीर में इस हार्मोन का स्तर असंतुलित हो रहा है, तो सतर्क होने की जरूरत है। इस हार्मोन की कमी से कॉलेस्ट्रोल बढ़ने, हार्ट अटैक, हड्डियां कमजोर होने, थकान, याददाश्त में कमी, बाल झड़ने, डिप्रेशन, चिड़चिड़ापन, मोटापा और मसल डिस्ट्रोफी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### गोवा को मत्स्यपालन का केंद्र बनाने पर करेंगे 400 करोड़ का निवेश: गिरिराज

पणजी। केंद्रीय मत्स्यपालन मंत्री गिरिराज सिंह ने गोवा को मत्स्यपालन का केंद्र बनाने के लिए 400 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की। सिंह ने यहां डोना पाउला क्षेत्र में राजभवन में पत्रकारों से कहा कि गोवा में देश में सबसे अधिक मछली उत्पादन की क्षमता है। मंत्री ने कहा कि केंद्र ने पहले ही गोवा के मत्स्य क्षेत्र में 400 करोड़ रुपए के निवेश पर विचार किया है। इसे केंद्र सरकार, राज्य मत्स्य बोर्ड और अन्य द्वारा संयुक्त रूप से वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य को पहले ही 41.47 करोड़ रुपये (उक्त राशि में से) मंजूर कर दिए हैं, जो मत्स्य उद्योग को पुनर्जीवित करेगा और मछली पकड़ने के सुरक्षित तरीके सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना में 30 मत्स्य लैंडिंग घाटों का निर्माण शामिल है, ताकि मछुआरे अपनी नावों को अपने गांवों के पास लंगर डाल सकें।

### सेंसेक्स 600 अंक और निफ्टी 15,100 के पार

मुंबई। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एमएंडएम जैसे बड़े शेयरों में तेजी के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान 600 अंक से अधिक चढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर ऊंचाई पर पहुंच गया। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक 668.36 अंक बढ़कर 51.199.99 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 192.55 अंक बढ़कर 15,116.80 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक 10 प्रतिशत की तेजी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एसबीआई और बजाज फाइनेंस बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एनटीपीसी और बजाज ऑटो लाल निशान में थे। पिछले सत्र में सेंसेक्स 117.34 अंक बढ़कर 50,731.63 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 28.60 अंक की बढ़त के साथ 14,924.25 बंद हुआ।

# नए नियम के तहत रिलायंस ने केडी-डी6 क्षेत्र की दो-तिहाई गैस स्वयं खरीदी, गेल, शेल भी शामिल

**नई दिल्ली।** गैस क्षेत्र के कारोबार में सक्रिय रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नए नियमों के तहत नीलामी के लिए पेश केजी-डी6 ब्लॉक की अपनी नई गैस में से दो-तिहाई की खरीद खुद ही की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इसमें से करीब 67 प्रतिशत गैस खरीदी है। शेष गैस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल, रॉयल डच शेल और अन्य ने खरीदी है। रिलायंस और उसकी भागीदारी ब्रिटेन की बीपी पीएलसी ने शुक्रवार को केजी-डी6 ब्लॉक के आर-श्रृंखला क्षेत्र से 75 लाख मानक घनमीटर प्रतिदिन (7.5 लाख एमएमएससीएमडी) की बढ़ी गैस का नीलामी की। इसे देश में पहली बार गैस मार्कर से




बेंचमार्क किया गया है। यह नीलामी सरकार द्वारा अधिसूचित उदारीकृत मूल्य खोज नियमों के तहत की गई। इन नियमों के तहत गैस उत्पादन से संबद्ध इकाइयां भी प्राकृतिक गैस की खरीद के लिए बोली लगा सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस ओ2सी ने शुक्रवार को साढ़े सात घंटे तक चली नीलामी में 48 लाख घनमीटर गैस की खरीद की। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लि. ने 8.5 लाख घनमीटर और शेल ने 7 लाख घनमीटर गैस की खरीद की। वहीं अडाणी टोटल गैस ने एक लाख घनमीटर, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने दो लाख घनमीटर और टॉरेस्ट गैस ने 20,000 घनमीटर गैस की खरीद की। अन्य खरीदारों में आईआरएम एनर्जी, पीआईएल और आईजीएस शामिल है। इस बारे में रिलायंस को भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला है। रिलायंस ओ2सी नई इकाई है, जिसके तहत कंपनी की रिफाइनरी और पेट्रोरसायन परिसंपत्तियां आती हैं। ई-बोली की प्रक्रिया वेब-आधारित इलेक्ट्रॉनिक बोली मंच के जरिये क्रिसिल रिस्क एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर साल्यूशंकस लि. (क्रिस) ने की। यह एक स्वतंत्र एजेंसी है, जो हाइड्रोकॉर्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के पैनल में है। क्रिस ने ई-प्रोक्यूरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. (ईपीटीएल) के साथ भागीदारी में ई-बोली मंच तैयार किया है।

## भारत में ट्विटर डायरेक्टर महिमा कौल ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** भारत में ट्विटर पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर महिमा कौल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ट्विटर का कहना है कि महिमा कौल मार्च के आखिर तक बनी रहेंगी और कार्य में परिवर्तन में मदद करेंगी। ट्विटर इंडिया ने यह भी कहा कि महिमा अपनी निजी जिंदगी पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं। महिमा ट्विटर की पब्लिक पॉलिसी (इंडिया एवं साउथ एशिया) की निदेशक हैं, जिन्होंने निजी कारणों से जनवरी में अपना पद छोड़ दिया था। ट्विटर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि वह मार्च तक अपनी आधिकारिक जिम्मेदारी निभाती रहेंगी। ट्विटर का कहना है कि महिमा ने अपनी पर्सनल लाइफ पर फोकस करने के लिए यह ब्रेक



लिया है। यह ट्विटर के लिए नुकसान है। लेकिन पांच साल लंबी भूमिका के बाद हम अपने करीबियों और पारिवारिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित करने की इच्छा का सम्मान करते हैं।

# इन्दौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा

**इन्दौर।** स्टॉकिस्ट बिकवाली अटकने से आलौच्य सप्ताह के दौरान चने में जोरदार उछाल रहा। नैफेड की बिकवाली रूकने से तुअर में चमक रही। खाद्य तेलों में बाजार कमोवेश बने रहे। तिलहनों में सोयाबीन व सरसो में टिकाव देखा गया। किराना जिंसों में लेवाली से हल्दी, सिंघाड़ा मजबूत हुआ। **किराना :-** शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में ग्राहकी सामान्य से अच्छी रही। शक्कर में लेवाली विशेष नहीं है। गत सप्ताह से जारी सुर्खी चालू सप्ताह में भी तेजी रही। शक्कर में बाजार 3310-3330 रू. क्विंटल के मध्य रहे। खोपरे गोले में टिपटूर तरफ टेंडर नीचे के भाव भरे गये, उसके बावजूद माल की अक्षत से भावों में सुधार नहीं, तो मजबूती अवश्य बनी रही। खोपरा गोला सप्ताह के दौरान 175-190 रू. क्विंटल पर आ गये। हल्दी में निजामाबाद तरफ बनी ताजा लेवाली के बाद भावों में सुधार देखा गया। हल्दी निजामाबाद 90-110 रू. प्रति किलो पर आ गये। सिंघाडे में अच्छे मालों में पूछपरख आने से भावों में मजबूती रही। सिंघाड़ा बड़े मालों 250-260 रू. किलो पर आ गया। नारियल में मॉग व पूर्ति सामान्य रही, जिसके चलते भावों में विशेष तेजी-मंदी का अभाव रहा। सूखे मेवों में पूछपरख सामान्य से अधकि नहीं देखी गयी। बादाम गिरी में बाजार 540-560 रू. किलो पर टिके रहे। अन्य किराना जिंसों में बाजार पूर्वस्तर पर बने रहे। **तेल तिलहन :-** समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों व तिलहनों में व्यापार अति सामान्य ही रहा। ऊँचे भावों पर मॉग अटकी है।

परिणाम स्वरूप बाजार में भी ठहराव रहा। यद्यपि इस दौरान सींगदाना तेल इन्दौर लाईन पर 1440-1450 रू. प्रति 10 किलो तक आ गया। सोया व कपास्या तेलों में 5-10 रू. प्रति 10 किलो तक की नरमी रही। सोया साल्वेंट मालों में बाजार 1025-1030 रू. प्रति 10 किलो तक आ गये। उधर तिलहनों में सोयाबीन 4600 रू. प्रति क्विंटल



पर मजबूत बना रहा। सरसो व रायडे में भी बाजार सुर्खी बनाये रहे। **दाल दलहन :-** आलौच्य सप्ताह के दौरान दाल-दलहनों में जोरदार तेजी की स्थिति रही। चने में स्टॉकिस्ट बकिवाली अटकने के बाद बाजार 4750-4775 रू. प्रति क्विंटल को छू गये। तुअर में माल की किल्लत से बाजार में जोरदार उछाल आया। तुअर में निमाड़ी मालों की कीमतें 6500-6600 रू. क्विंटल तक पहुंच गयी। उड़द व मूंग में ताजा लिवाली के बाद भावों में 100-200 रू. क्विंटल की तेजी देखी गयी। उड़द बेस्ट क्वालिटी मालों में बाजार 8400 रू. क्विंटल को छू गये। मूंग में भी जोरदार तेजी देखी गयी। मसूर में 150-200 रू. प्रति क्विंटल की तेजी आयी और मसूर बाजार 5300-5350 रू. प्रति क्विंटल को छू गये। दलहनों की सुर्खी से दालों में बाजार सुर्ख रहे।

## महंगी हो सकती है एलईडी लाइट

**मुंबई।** कुछ कलपुर्जों पर सीमा शुल्क बढ़ाए जाने के कारण बल्ब सहित एलईडी लाइट उत्पादों की कीमतें 5-10 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। घरेलू विनिमार्ताओं ने इसकी जानकारी दी। हालांकि उन्होंने कहा कि वे सरकार से इस मुद्दे के तत्काल हल की मांग कर रही हैं। इलेक्ट्रिक लैंप एंड कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एल्कोमा) के एक अधिकारी ने कहा कि सरकार के एलईडी लाइट उत्पादों के विनिर्माण के लिए इनपुट और कल-पुर्जों पर शुल्क बढ़ाने के फैसले से स्थानीय रूप से निर्मित प्रकाश उत्पादों के लिए अल्पावधि में मूल्य वृद्धि होगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि अभी भारत में स्थानीय घटकों की कमी के कारण लगभग सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का



आयात किया जाता है। एलईडी लाइट बनाने में इस्तेमाल होने वाले ड्राइवर व एमसीपीसीबी सहित घटकों के आयात पर सीमा शुल्क में 5 से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद स्थानीय रूप से निर्मित सामानों की कीमतें बढ़ जाएंगी।

# भारत में ओप्पो ए15एस हुआ लांच

**नई दिल्ली।** भारत में चाइना की कंपनी ओप्पो ए15एस स्मार्टफोन लांच कर दिया है। यह स्मार्टफोन 4 जीबी रैम व 128 जीबी स्टोरेज वेरियंट में भी मिलेगा। नया स्टोरेज वेरियंट सिर्फ दो ही कलर में मिलेगा। यह हैंडसेट 6.52 इंच एचडी+ डिस्प्ले के साथ आता है। फोन में सभी स्पेसिफिकेशन्स ऑरिजिनल वेरियंट वाले ही हैं। पिछले साल ओप्पो ए15एस को दिसंबर में 4 जीबी रैम व 64 जीबी स्टोरेज वेरियंट में उपलब्ध कराया गया था। ओप्पो ए15एस के 4 जीबी रैम व 128 जीबी स्टोरेज वेरियंट की कीमत 12,490 रुपये है। फोन को ऐमजॉन इंडिया और सभी दूसरे बड़े रिटेल स्टोर्स पर खरीदने के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। यह




वेरियंट डायनामिक ब्लैक और फैंसी वाइट कलर में मिलेगा। वहीं 4 जीबी रैम व 64 जीबी स्टोरेज वेरियंट को दिसंबर में डायनामिक ब्लैक, फैंसी वाइट और रेनबो सिल्वर कलर में लॉन्च किया गया था। ओप्पो ए15एस स्मार्टफोन ऐंड्रॉयड 10 बेस्ड कलरओएस 7.2 पर चलता है। फोन में 6.52 इंच एचडी+ (720७1600 पिक्सल) डिस्प्ले है जिसका स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो 88.7 प्रतिशत है। फोन में आगे की तरफ एक नॉच है। स्क्रीन का रिफ्रेश रेट 60 हट्र्ज. है और पिक्सल डेनसिटी 269 पीपीआई है। कनेक्टिविटी की बात करें तो ओप्पो ए15एस में ड्यूल-बैंड वाई-फाई, ब्लूटूथ 5.0, जीपीएस और माइक्रो-यूएसबी पोर्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। फोन में रियर पर फिंगरप्रिंट सेंसर मौजूद है। हैंडसेट को पावर देने के लिए 4230एमएएच बैटरी मौजूद है जो 10वाट चार्जिंग सपॉर्ट करती है। ओप्पो ए15एस का डाइमेंशन 164७75.4७7.9 मिलीमीटर और वजन 177 ग्राम है।फोन में ऑक्टा-कोर मीडियाटेक हीलियो पी35 चिपसेट है। हैंडसेट में 4 जीबी रैम व 128 जीबी इनबिल्ट स्टोरेज दी गई है जिसे माइक्रोएसडी कार्ड के जरिए 256 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। फोटो और विडियो के लिए ओप्पो ए5एस में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है। हैंडसेट में 13 मेगापिक्सल प्राइमरी, 2 मेगापिक्सल मैक्रो सेंसर और 2 मेगापिक्सल डेप्थ सेंसर मौजूद हैं। हैंडसेट में स्क्वायर शेप कैमरा मॉड्यूल में फ्लैश भी है। फोन में आगे की तरफ 8 मेगापिक्सल सेल्फी सेंसर दिया गया है।

# इस बार 'वैलेंटाइन डे' पर अपनों को बादाम के जरिये दें सेहत का तोहफा

**चंडीगढ़/लुधियाना।** हर साल 14 फरवरी को प्यार, स्नेसह और दोस्ती के उत्सष्व के रूप में 'वैलेंटाइन डे' मनाया जाता है। पूरी दुनिया में संत वैलेंटाइन के लिये यह दिन मनाया जाता है। लोग अपने प्योरे अंदाज से और कुछ तोहफे देकर अपना प्यार अपनों के प्रति जाहिर करते हैं। इस साल महामारी को देखते हुए अपनों को बादाम जैसे कुछ समझदारी भरे तोहफे देने के बारे में सोचें। इससे ना केवल उनके चेहरे पर मुस्कुराहट आयेगी, बल्कि इससे आगे उनकी सेहत, इम्युनिटी और तंदुरुस्ती में भी इजाफा होगा। बादाम विटामिन ई, मैग्नीगशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन, जिंक जैसे 15 पोषक तत्वों का स्त्रोत है। दिल की सेहत त्वचा की सेहत और वजन को नियंत्रित रखने, में फायदा देने वाले ये बादाम ब्लड शुगर, को भी नियंत्रित करने में मदद करते हैं। प्रमुख बॉलीवुड अभिनेत्री, सोहा अली खान कहती हैं, ''वैलेंटाइन डे' अपना प्यार, परवाह और चिंता जाहिर करने का एक खास मौका होता है। ऐसे में सोच-समझकर दिया गया तोहफा इसका सबसे बेहतर तरीका है। इस साल मैंने तोहफे में बादाम देने की सोची है, क्योंकि यह अच्छी सेहत का उपहार माना जाता है। इसमें विटामिन बी2, विटामिन ई, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व होते हैं जोकि एक सेहतमंद जिंदगी जीने में मदद करते हैं। शीला कृष्णा स्वामी, न्यूट्रिशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट का कहना है, ''वैलेंटाइन डे' के दिन तोहफों का लेन-देन एक परंपरा है, लेकिन आमतौर पर यह चॉकलेट और



शक्कर से भरपूर चीजों तक ही सीमित होता है, जोकि हमारी सेहत के लिये अच्छे नहीं होते हैं। मेरा सुझाव है कि अपनों के लिये तोहफे लेते समय खाने की ऐसी चीजें चुनें जो स्वाद में अच्छीं होने के साथ-साथ सेहत के लिये भी फायदेमंद हों। जानी-मानी फिटनेस और सेलिब्रिटी इंस्ट्रक्टर, यास्मीन कराचीवाला के अनुसार, ''वैलेंटाइन डे' अपनों के साथ मनाने का एक अच्छार समय होता है और वे जिस परवाह के हकदार हैं, उसे दिखाने का भी। मुझे लगता है कि ऐसा करने के कई सारे तरीके हैं और इसके लिये किसी तामझाम वाले डिनर का प्ला्न बनाने या फिर किसी महंगे हॉलीडे पर ले जाने की जरूरत नहीं होती। अपने पार्टनर या अपनों की सेहत के लिये जिम की एक मेंबरशिप खरीद लेना, ऑनलाइन पिलेट्स क्लास में उनका नाम इनरॉल कर देना या फिर उन्हें अपनी ज्यादा से ज्यादा देखभाल के लिये प्रेरित करना और उनके साथ नियमित रूप से वर्कआउट करने जैसी छोटी-छोटी चीजों से भी इसे किया जा सकता है।'' रितिका समद्दर, रीजनल हेड-डाइटेटिक्स, मैक्से हेल्थकेयर-दिल्ली का कहना है, ''वैलेंटाइन डे' पर तोहफा देना सबसे महत्वपूर्ण होता है और आस-पास ढेरों विकल्प होने पर सोच में पडा आसान है।'' माधुरी, रुइया, पिलेट्स एक्सपर्ट एवं डाइट तथा न्यूट्रिशन कंसल्टेंट ने अपनी बात रखते हुए कहा, ''वैलेंटाइन डे' के दिन काफी सारे लोग हाई कैलोरी से भरपूर खाना खा लेते हैं। आप रेस्टोरेंट में डिनर ना करके और अपने पार्टनर के लिये घर पर खाना तैयार करके इस स्थिति से बच सकते हैं।''

# भारत का स्कोर 39/1, जीत के लिए आखिरी दिन बनाने होंगे 381 रन

**चेन्नई।** भारत और इंग्लैंड के बीच चेन्नई में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने भारत को 420 रन का टारगेट दिया। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने 1 विकेट खोकर 39 रन बना लिए हैं। चेतेश्वर पुजारा 12 रन और शुभमन गिल 15 रन बनाकर नॉटआउट हैं। जीत के लिए भारत को आखिरी दिन 381 रन बनाने होंगे। रोहित शर्मा 12 रन बनाकर आउट हुए। जैक लीच ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। टेस्ट के चौथे दिन 297 रन बने और 15 विकेट गिरे। इसमें भारत के 5 विकेट और इंग्लैंड के 10 विकेट शामिल हैं। इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 178 रन पर ऑलआउट हो गई। रविचंद्रन अश्विन ने 6 विकेट लिए। उन्होंने रॉरी बर्न्स, डॉमनिक सिबली, बेन स्टोक्स, डॉम बेस, जोफ्रा आर्चर और जेम्स एंडरसन को आउट किया। उनके अलावा शाहबाज नदीम ने 2 विकेट लिए। वहीं, इशांत शर्मा और जसप्रीत बुमराह को 1-1 विकेट मिला। इंग्लैंड ने पहली पारी में 578 रन बनाए थे। जबकि, टीम इंडिया ने पहली पारी में 337 रन बनाए थे। **भारत को रिकॉर्ड टारगेट चेज करना होगा:** भारत को यह टेस्ट जीतने के लिए रिकॉर्ड टारगेट चेज करना होगा। सबसे बड़ा टारगेट चेज करने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम है। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2003 में 418 रन का टारगेट चेज किया था। भारत ने टेस्ट में सबसे बड़ा लक्ष्य 406 रन का हासिल किया है। टीम ने 1976 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था। भारत में चौथी पारी में सबसे बड़े टारगेट को चेज करने का रिकॉर्ड 387 रन का है। टीम इंडिया ने ही 2008 में इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में 4 विकेट पर 387 रन बनाकर मैच जीता था। **दूसरी पारी की पहली बॉल पर आउट हुए बर्न्स:** दूसरी पारी में इंग्लैंड की शुरूआत खराब



रही। टीम ने पारी की पहली ही बॉल पर बर्न्स का विकेट गंवाया। अश्विन ने उन्हें शून्य पर स्लिप में अजिंक्य रहाणे के हाथों कैच कराया। वहीं, सिबली 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अश्विन ने शॉर्ट गली में चेतेश्वर पुजारा के हाथों कैच कराया। इसके बाद डैनियल लॉरेंस भी कुछ खास नहीं कर सके। वे 18 रन बनाकर इशांत के शिकार बने। **रूट और पोप के बीच 30 रन की पार्टनरशिप:** स्टोक्स को अश्विन ने अपना तीसरा शिकार बनाया। वे 7 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रूट 40 रन (32 बॉल) बनाकर आउट हुए। उन्हें बुमराह ने छ्इह किया। नदीम ने ऑली पोप (28 रन) को रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। रूट और पोप के बीच 30 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद नदीम ने जोस बटलर को स्टंप कराया। वे 24 रन बनाकर आउट हुए। अश्विन ने आर्चर और एंडरसन को आउट कर इंग्लैंड की पारी को 178 रन पर समेट दिया। अश्विन ने 28वीं बार पारी में पांच विकेट अपने नाम किए। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने चौथी बार एक पारी में पांच विकेट लिए। जबकि, चेन्नई में उनका यह तीसरा 5 विकेट हॉल है। **300 विकेट लेने वाले भारत के छठे गेंदबाज बने इशांत:** लॉरेंस के विकेट के साथ इशांत के टेस्ट करियर में 300 विकेट पूरे हो गए। वे ऐसा करने वाले भारत के छठे गेंदबाज बने। इशांत, कपिल देव और जहीर खान के बाद 300 विकेट लेने वाले भारत के तीसरे तेज गेंदबाज भी हैं। **भारत ने 2 रिव्यू बर्बाद किए:** भारत ने पहला रिव्यू पारी के 7वें ओवर में लिया था। उस वक्त गेंदबाजी कर रहे अश्विन ने लॉरेंस के खिलाफ छ्इह की अपील की। जिसे फील्ड अंपायर ने नकार दिया। इसके बाद भारतीय कप्तान कोहली ने रिव्यू लिया। गेंद स्टंप को मिस कर रही थी। टीवी अंपायर ने भी रिव्यू को रद्द कर दिया। इसके बाद 22वें ओवर में बुमराह ने रूट के खिलाफ छ्इह की अपील की। इसे भी फील्ड अंपायर ने नकार दिया। रिव्यू में भी गेंद स्टंप को मिस कर रही थी। टीवी अंपायर ने एकबार फिर रिव्यू रद्द कर दिया। इस तरह भारत ने दो ऊफर गंवा दिए। **अश्विन ने 114 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की:** अश्विन पारी की पहली बॉल पर विकेट लेने वाले दुनिया के तीसरे स्पिनर बन गए। उन्होंने 114 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की। इससे पहले साउथ अफ्रीका के बर्ट वोग्लर ने 1907 में इंग्लैंड के टॉम हेवर्ड को पारी की पहली बॉल पर आउट किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएसएल में एससी ईस्ट बंगाल को मिली पहली जीत

अबुधाबी। यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूनार्मेंट के एक मुकाबले में एससी ईस्ट बंगाल ने जमशेदपुर एफसी को 2-1 से हराकर पहली जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही एससी ईस्ट बंगाल की टीम 16 अंकों के साथ ही अंक तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई है। इससे जमशेदपुर एफसी की प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। अब टीम सातवें स्थान पर है और शीर्ष चार टीमों में जगह बनाने के लिए उसे चार अंकों की और जरुरत है। वहीं ईस्ट बंगाल की ओर से मेटी स्टीनमैन ने छठे मिनट और एंथोनी पिलकिंगटन ने 68वें मिनट में गोल किये जबकि जमशेदपुर की टीम की ओर से 83वें मिनट में एकमात्र गोल पीटर हर्टले ने किया।

### ओपेरा यूरो रैपिड शतरंज में कार्लसन को बढ़त

नॉर्वे। विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मेगनस कार्लसन को ओपेरा यूरो रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के तीसरे दौर में बढ़त मिल गयी है। पहले दिन के खेल के बाद कार्लसन ने 4 अंक बनाते हुए एकल बढ़त हासिल कर ली हालांकि कार्लसन को पहले ही मुकाबले मे अमेरिका के वेसली सो के हाथो शिकस्त झेलनी पड़ी। उसके बाद उन्होने लगातार चार मुकाबलों में अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन, जर्मनी के मेथिअस ब्लूबम, अमेरिका के सैम शंकलंद और दोमिंगेज पेरेज को हराकर शानदार वापसी करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं भारत के विदित गुजराती की शुरूआत अच्छी नहीं हुई। उन्हें पहले ही दौर में शंकलंद के हाथों हार का सामना करना पड़ा हालांकि अगले ही दौर में दोमिंगेज को हराकर उन्होने अपना खाता खोला। इसके बाद उन्होने पोलैंड के जान डुड़ा और रूस के अलेक्जेंडर ग्रीसचुक से ड्रॉ खेला पर दिन के अंतिम दौर में नीदरलैंड के अनीश गिरि ने उन्हें हरा दिया।

### मैदान में आई बिल्ली, पाक विकेटकीपर बोला पकड़ना मत बायोबबल में हैं हम

रावलपिंडी। कोरोना महामारी के बाद से ही क्रिकेट मुकाबले के दौरान सभी खिलाड़ियों को बायो बबल (जैव सुरक्षा घेरे) में रहना पड़ रहा है। पाकिस्तान और द.अफ्रीका के बीच हुए मुकाबले के दौरान एक ऐसा वाकया हुआ कि सभी हंस पड़े। दरअसल द.अफ्रीका की दूसरी पारी के 21वें ओवर के दौरान अचानक ही मैदान में एक बिल्ली आ गई। इसे देखकर पाक टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान अजहर अली बिल्ली के पीछे दौड़े। इस दौरान जब अजहर बिल्ली को मैदान से भगाने के लिए दौड़ रहे थे तभी विकेट के पीछे खड़े रिजवान ने ऐसी बात कही कि कमेंटेटर भी हंसने लगे। जब अजहर बिल्ली के पीछे भाग रहे तो रिजवान ने कहा कि अज्जू भाई इसकी कोरोना जांच नहीं हुई है यह बिल्ली बायो बबल में भी नहीं है, इसलिए इसे पकड़ना मत। रिजवान का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। लोग रिजवान की इस कमेंट्री के मजे लेने के साथ ही वीडियो को भी जमकर साझा कर रहें हैं। द. अफ्रीका के खिलाफ रिजवान ने शानदार पारी खेलते हुए अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया। उन्होंने नाबाद 115 रन बनाये।

### बिंद्रा की बायोपिक बंद

नई दिल्ली। ओलंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा पर बनने वाली बायॉपिक (फिल्म) फिलहाल बंद हो गयी है। बिंद्रा पर बनने वाली इस बायॉपिक को डायरेक्टर कन्नन अय्यर बनाने वाले थे। इसमें अनिल कपूर और उनके बेटे हर्षवर्धन को मुख्य भूमिकाएं मिली थीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में हर्षवर्धन कपूर अभिनव बिंद्रा जबकि अनिल कपूर उनके पिता की भूमिका निभाने जा रहे थे। इस बायोपिक को लेकर कई तरह की परेशानियां आ रही थीं। इसलिए यह प्रोजेक्ट अभी रुका है। अनिल कपूर और हर्षवर्धन इस समय फातिमा सना शेख के साथ फिल्म 'थार' की शूटिंग कर रहे हैं जिसका डायरेक्शन राज सिंह चौधरी कर रहे हैं।

### इंडियन वुमैन्स लीग मई में होगी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार हीरो इंडियन वुमैन्स लीग टूनार्मेंट मई में होगा। एआईएफएफ के अनुसार वुमैन्स लीग कैलेंडर का अहम हिस्सा रहेगा। यह इस साल सात मई से होने की संभावनाएं हैं। एआईएफएफ के सीनियर उपाध्यक्ष और लीग समित के चेयरमैन सुब्रत दत्ता ने वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की। एआईएफएफ कहा, हालांकि समिति को यह भी लगता है कि महामारी के हालात के कारण हीरो इंडियन वुमैन्स लीग 2020-21 में भाग लेने की इच्छा रखने वाली टीमों के लिए हिस्सेदारी के नियमों में राहत भी दी जाएगी। उन्होंने कहा, लीग ने 2020-21 चरण की मेजबानी में रुचि रखने वाले राज्य संघों के साथ बातचीत की शुरूआत कर दी है।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन: नागल को शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी से मुकाबले की उम्मीद

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के अनुसार ऑस्ट्रेलिया ओपन में उन्हें शीर्ष दस खिलाड़ियों में से किसी एक से खेलना पड़ सकता है। नागल को इस हार्ड कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट के लिए वाइल्ड कार्ड के जरिये प्रवेश मिला है और ड्रॉ निकलने के बाद उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी का पता चलेगा। इससे पहले अमेरिकी ओपन 2019 के मुख्य ड्रॉ में पदार्पण करते हुए नागल ने स्विटजरलैंड के अनुभवी खिलाड़ी रोजर फेडरर के खिलाफ एक सेट जीतकर सबका ध्यान खींचा था। नागल ने कहा, ''मैंने अपने कोच से कहा है कि मुझे शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी से भिड़ना होगा। यह अहसास है मुझे पिछले कुछ समय से हो रहा है। अब देखते हैं क्या होता है। वहीं यह पूछने पर कि क्या वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं तो इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह बड़े खिलाड़ियों से सीखते हैं।

स्व. आलोक माहेश्वरी स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट

## आर.सी.सी. बनखेड़ी, इन्डो राइडर गुजरात, ए.बी. आजम-11, मनीष-11 भीलाई अगले दौर में पहुचे

**भोपाल।** स्व.आलोक माहेश्वरी स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट में प्रथम मैचमें इन्डो राइडर गुजरात वर्सेस ए.बी. आजम-11 के बीच खेला गया जिसमे ए.बी.आजम-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर मे90 रन बनाये जिसके जबाव में इन्डो राइडर गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुये लक्ष्य प्राप्त कर लिया और मैच जीत लिया। जिसमें अजीत मोहिते को बेहतर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया।दूसरेमैच में मनीष-11 भीलाई वर्सेस आरसीसी वनखेडी-11 के बीच खेला गया जिसमें मनीष-11भीलाई ने 8 ओवर में मात्र 24 रनोंका स्कोर बनाया जिसके



जबाव में आरसीसी वनखेडी लक्ष्य का पीछा करते हुये 2 ओवर में ही मैच जीत लिया। जिसमें मैन आफ द मैच इरफान को उनकी शानदार गेंद बाजी चलते दिया गया।तीसरामैच जो कि ए.बी. आजम-11 वर्सेस मनीष-11भीलाई के बीच खेला गया जिसमें ए.बी आजम-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 121 रन बनाये, जिसके जबाव में मनीष-11 भीलाईलक्ष्य प्राप्त नही कर पाई। और मैच हार गया। इसमें मैन आफ द मेच वसीम को बेहतरीन बल्लेबाजी के चलते दिया गया चैथामैच आर.सी.सी. बनखेडीवर्सेसए.बी.आजम के बीच खेला गया जिसमें आर.सी.सी. बनखेडी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 104 रन बनाये और ए.बी.आजम 72 रन ही बना पाई एवं मैच हार गई। मैन आफ दा मैच जीशान को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के चलते दिया गया। स्व. आलोक माहेश्वरी टेनिस गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता में माननीय पुर्व मंत्री और दक्षिण पश्चिम विधायक श्रीपी.सी.शर्मा जी, पार्षद गुड्डु चैहान जी का मुख्य आतिथ्य प्राप्त हुआ।

## खेल से नए समाज का निर्माण-भूपेंद्र शुक्ल

**अमेठी।** व्यापार कर के कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ल ने कहा कि खेल से नए समाज का निर्माण होता है। खेल युवाओं को तनावमुक्त जीवन देता है। जिससे सभी को खेल में रुचि रखना चाहिए। ताकि नशामुक्त बनें। गौरीगंज के पूरवगांव में नागेंद्र मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन पर भूपेंद्र शुक्ल ने कहा कि युवाओं को नशे की लत छोड़कर खुद को चुस्त-दुरुस्त और फिट रखना चाहिए।सदर विधायक राकेश सिंह ने कहा कि जैसे खिलाड़ियों में भेदभाव नहीं होता है। वैसे समाज में भेदभाव नहीं होना चाहिए। खेल समाज के भेदभाव को समाप्त करता है। इससे फिटनेस बढ़ती है। उमेश सिंह ने



कहा कि खेल से मस्तिष्क का विकास होता है। ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल शुक्ल ने कहा कि खेल के मैदान से युवाओं को नई दिशा मिलती है। टूनार्मेंट के आयोजक भूपेंद्र शुक्ल ने विजेता टीम को 21हजार उप विजेता टीम को 15 हजार और फाइनल मैच की दोनों टीमों को टैकशूट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हजारों की भीड़ जमा थी।

## अंकिता को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा में जगह मिली

**मेलबर्न।** भारत की अंकिता रैना ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाली तीसरी भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई है। अंकिता को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के महिला युगल के ड्रा में जगह मिली है।वर्ष का पहला ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट सोमवार से शुरू होगा। अंकिता महिला एकल के मुख्य ड्रा में जगह नहीं बना पाई लेकिन उनके पास पहले दौर के मैच समाप्त होने से पहले तक 'लकी लूजर' के तौर पर क्वालीफाई करने का अवसर रहेगा। इस खिलाड़ी ने हालांकि रोमानिया की मिहेला बुजारनेकु के साथ जोड़ी बनायी है और उन्हें महिला युगल में सीधा प्रवेश मिला है। इससे पहले केवल सानिया मिर्जा और निरुपमा वैद्यनाथन ही भारत की तरफ से ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में जगह बना पायी थी। सानिया के बाद अंकिता दूसरी भारतीय हैं जो ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट के महिला युगल में भाग लेंगी। निरुपमा ने सबसे पहले 1998 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में ही मुख्य ड्रा में जगह बनायी



थी। अंकिता ने कहा, 'यह ग्रैंडस्लैम का मेरा पहला मुख्य ड्रा है इसलिए यह एकल है या युगल मैं इससे खुश हूं। कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद मैं यहां तक पहुंची हूं। केवल कड़ी मेहनत ही नहीं बल्कि लोगों के सहयोग और आशीर्वाद से भी मैं यहां पहुंच पाई हूं। मैं इसे नहीं भूल सकती।'

## मेजबान भोपाल सर्किल की धमाकेदार जीत

### अ.भा. एसबीआई इंटर सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता

**भोपाल।** मेजबान भोपाल ने नार्थ ईस्ट सर्किल को 121 रनों के विशान अन्तर से हराकर अभा एसबीआई इंटर सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता में धमाकेदार जीत दर्ज की। आज खेले गए अन्य मुकाबलों में केरल, चंडीगढ, भुबनेश्वर, लखनऊ व हैदराबाद की टीमों ने भी अपने पहले मुकाबले जीते। प्रतियोगिता का आयोजन एसबीआई भोपाल सर्किल द्वारा ओल्ड कैम्पियन मैदान और फेथ क्रिकेट क्लब मैदान, रातीबढ में किया जा रहा है। ओल्ड कैम्पियन मैदान पर अपने पहले लीग मैच में मेजबान भोपाल सर्किल ने पहले खेलते हुए 5 विकेट खोकर 235 रन का पहाड सा स्कोर खडा किया। उदघाटक जोडीदार रंजी खिलाडी जतिन सक्सैना (98) और एंथोनी लुईस (81) ने पहले विकेट के लिए रिकार्ड 165 रनों की साझेदारी कर जीत की आधारशिला रखी। जतिन ने 16 चौके, 3 छक्के और एंथोनी ने 10 चौके, 5 छक्के अपनी पारी में लगाए। हर्ष गवली ने 42 नाबाद रनों की आकर्षक पारी खेली। नार्थ ईस्ट



सर्किल की ओर से के. देबरॉय ने 2 तथा एम भोराली और उमेश कुमार ने 1-1 विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलते उतरी नार्थ ईस्ट टीम 8 विकेट पर 114 रन ही बना सकी। मनोरंजन ने सर्वाधिक 37, बिकाश रॉय और उमेश कुमार ने 16-16 रन का योगदान दिया। विजेता टीम से मैन ऑफ द मैच एंथोनी लुईस ने 3, अंकित वाणी, देवेन्द्र कठैत, संजय पाण्डेय व मनीष मजीठिया ने 1-1 विकेट चटकाया। अन्य मैचों के संक्षिप्त परिणाम :- :: ओल्ड कैम्पियन मैदान :: केरल 157/7 (रफी 76, जगदीश 30, केविन 21 नाबाद, विनोद 15 रन, दिल्ली-विजय मिश्रा 2, प्रतीक-राहुल 1-1 विकेट) दिल्ली 105/7 (अमर सिंह 24, वैभव यादव 23, मनोज माकर 16 नाबाद, केरल-जगदीश, रफी, शाहिद, केविन, विनोद व अनिल 1-1 विकेट) :: फेथ क्रिकेट क्लब मैदान :: पटना 80/10 (सुनील कुमार 12 रन, चंडीगढ मुकेश शर्मा-सर्वजीत 3-3 विकेट, चंडीगढ-81/0 7.1 ओवर्स, रविन्द्र सिंह 57 नाबाद, विश्वास भल्ला 21 नाबाद) भुबनेश्वर 161/4 (सनातन 34, दीपक 33, राजकिशोर 32, दीपक 27 रन, जयपुर-टी कृष्णन 2, युनुस अली-मो. असलम 1-1 विकेट) जयपुर 159/5 (रवि वर्मा 52, अनिल कुमार 22, विजय मीणा-ओपी सिंह 21-21 रन, भुबनेश्वर-धनन्जय 2, अभिषेक कुजूर-अमित कुमार 1-1 विकेट) चेन्नई 89/10 (के शिवकुमार 26 नाबाद, पीसी नरेश 14, एसके कार्तिकियन 10 रन, लखनऊ-सतीश केशरवानी-जसमीर सिंह 3-3, ज्ञान पाण्डेय 2 विकेट) लखनऊ 93/1 10.5 ओवर्स (अंकुर मालवीय 29, अमित कुमार 28 नाबाद, माजिद खलील 18 नाबाद) हैदराबाद-183/4, टी सुमन 107, अनिरूद्ध सिंह 29, डी प्रिंस 21 रन, अहमदाबाद-संदीप 2, धर्मेन्द्र-हंसमुख 1-1 विकेट) अहमदाबाद 151/4 (राकेश 58, तेजस वषार्नी 29, हंसमुख 28 नाबाद, हैदराबाद-अहमद कादरी 3, विशाल 1 विकेट) :: सोमवार के मुकाबले :: ओल्ड कैम्पियन मैदान : सुबह 9 बजे भुबनेश्वर विरूद्ध दिल्ली व दोपहर 1 बजे कोलकाता विरूद्ध अमरावती फेथ क्रिकेट मैदान -1 : सुबह 9 बजे बैंगलौर विरूद्ध मुंबई व दोपहर 1 बजे भोपाल विरूद्ध लखनऊ फेथ क्रिकेट मैदान -2 : सुबह 9 बजे जयपुर विरूद्ध केरल व दोपहर 1 बजे नार्थ ईस्ट विरूद्ध चेन्नई।

## जगदाले, सुथार, खान व सक्सेना लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**इन्दौर।** क्रिकेट और क्रिकेटरों की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व क्रिकेटर संजय जगदाले व सागर के फारूख खान तथा भगवानदास सुथार व सुबोध सक्सेना को म.प्र. क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। इन्हें 5-5 लाख रुपए की राशि व स्मृतिचिन्ह प्रदान किये गए। रविवार को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में एमपीसीए के पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दो वर्षों (वर्ष 2018-19 व 2019-20) के वार्षिक पुरस्कार प्रदान किये। संजय जगदाले व फारूख खान को क्रमशः वर्ष 2018-19 व 2019-20 के लिए माधवराव सिंधयिा अवार्ड तथा भगवानदास सुथार व सुबोध सक्सेना को क्रमशः वर्ष 2018-19 व 2019-20 के लिए सी.टी. सरवटे अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में एमपीसीए ने अपने खिलाड़ियों को वर्ष 2018-19 के लिए 1.40 करोड़ व वर्ष 2019-20 के लिए 1.46 करोड़ रुपए की राशि से पुरस्कृत किया। इस मौके पर एमपीसीए के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर व सचिव संजीव राव भी उपस्थित थे। समारोह में क्रिकेटर विक्रांत भदौरिया को भारतीय टीम




(अंडर-19) में चयन पर 5 लाख रू. की राशि भेंटकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण से पहले पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर व एमपीसीए की आजीवन सदस्य सुश्री मिनोती देसाई द्वारा लिखति एक पुस्तक 'रौ ळौं उॠ'ीइी१' का अतिथियों ने विमोचन किया। समारोह में पूर्व अम्पायर संजीव दुआ व सुधीर असनानी को विशेष रूप से सम्मान किया गया। संजीव की अनुपस्थिति में उनके भाई राजीव दुआ ने स्मृति चिन्ह प्राप्त किया। प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2018-19 के लिए इन्दौर संभाग प्रथम व ग्वालियर व सागर संभाग संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं वर्ष 2019-20 के लिए इन्दौर संभाग प्रथम व नर्मदापुरम् संभाग द्वितीय स्थान पर रहा। दोनों वर्षों के लिए इन संभागों को क्रमशः 7.50 लाख व 5 लाख रू. का पुरस्कार दिया गया। सीनियर क्रिकेटर रजत पाटीदार व आवेश खान को क्रमशः वर्ष 2018-19 व 2019-20 के लिए माधवराव सिंधयिा अवार्ड दिया गया। जूयिनर क्रिकेटर अक्षत रघुवंशी को वर्ष 2018-19 व अखलि यादव व अंकुश त्यागी को संयुक्त रूप से वर्ष 2019-20 के लिए माधवराव सिंधयिा अवार्ड पुरस्कृत किया गया। वर्ष 2018-19 व 2019-20 के लिए क्रमशः युवराज नीमा व सोम्य पांडे को बेस्ट जूनियर स्पिन गेंदबाज तथा सुशांत नागर व आर्यन पांडे को बेस्ट तेज गेंदबाज का पुरस्कार मिला।

प्रंकेश राय व अधीरप्रताप सिंह को नरेंद्र हिरवानी अवार्ड तथा दोनों वर्षों के लिए ईशान अफरीदी को अशोक जगदाले अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। बेस्ट सीनियर वुमन क्रिकेटर का अवार्ड क्रमशः वर्षा चौधरी व सलोनी डांगोरे, बेस्ट जूनियर वुमन क्रिकेटर का अवार्ड सोनिया शर्मा व सोम्या तिवारी को दिया गया। राहुल चन्द्रोल व अजय रोहेरा (2018-19) तथा गौरव यादव को परफॉरमेंस रिकॉगनाइजेशन रिवार्ड प्रदान किया गया।

## बुमराह पर कम करें बोझ: गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिये जाने की जरुरत है। गंभीर के अनुसार टीम प्रबंधन को बुमराह पर बोझ कम कर उन्हें तरोजाता होने का समय देना चाहिये। इसका कारण यह है कि भारत को इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट, पांच टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों के बाद आईपीएल भी खेलना है। ऐसे में उन मैचों को देखते हुए बुमराह की फिटनेस का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि अगर दूसरे टेस्ट मैच में बुमराह को आराम दिया जाए तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गंभीर ने कहा, बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम देकर अहमदाबाद में होने वाले डे-



नाइट टेस्ट में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा, '100 फीसदी ऐसा होना चाहिए। मुझे नहीं लगता है कि दूसरे टेस्ट मैच के लिए बुमराह का चयन होगा। भारत को उन्हें गुलाबी गेंद से होने वाले टेस्ट मैच के लिए बचाकर रखना चाहिए। बुमराह इस सीरीज में (विशेष) एक्स फैक्टर गेंदबाज हैं।'बुमराह सभी प्रारूपों में भारत के नंबर 1 स्ट्राइक गेंदबाज हैं। वह पेट में खिंचाव के कारण ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टेस्ट नहीं खेल पाये थे हालांकि उन्होंने चेन्नई टेस्ट में वापसी की थी। बुमराह को आराम देने से भारत को कुछ फायदा हो सकता है। भारत को इस साल इंग्लैंड के दौरे पर भी जाना है और टी20 विश्व कप भी खेलना है। गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम बुमराह को खोने का खतरा मौल नहीं ले सकती है। उन्होंने कहा, 'बुमराह से ज्यादा गेंदबाजी कराना ठीक नहीं है।'




लीवरपूल में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर सिटी के फिल फोडन व कई अन्य खिलाड़ी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org





# टेलीविजन के बदलते हुए हालातों से काफी खुश : शुभवी चौकसी

मुंबई। 'कसौटी जिंदगी के' में प्रेरणा की सास का करिदार नभा चुकी अभिनेत्री शुभवी चौकसी इंडियन टेलीवजिन के बदलते हुए हालातों से काफी खुश हैं। शुभवी एक दशक के करीब टेलीवजिन और फल्मि इंडस्ट्री का हिस्सा रही हैं। इसके बाद टेलीविजन में हो रहे बदलावों को शुभवी काफी पॉजेटिव मानती हैं। शुभवी मानती हैं कि अब टेलीविजन में भी अभिनेत्रियों को भारी-भारी जेवर पहनने की जरूरत नहीं है, वहां सुबह बनि मेकअप के उठती हुई दखिाई जाती हैं। शुभवी का कहना है, मुझे खुशी है कि टेलीविजन में समय विकसित हो रहा है। महिला पात्रों (या तो मुख्य भूमिका या सहायक भूमिका में) को भारी मेकअप और आभूषण पहनने की जरूरत नहीं होती है, खास कर तब, जब वे नींद से उठती है, या रात को सोने जा रही होती है। सुबह एक भी बाल यहां से वहां हुए बगैर उठना नामुमकिन सी बात है। शुभवी का कहना है, कि अभिनय के लिहाज से भी हम अब अधिक वास्तविक बन चुके है जो की एक बहुत अच्छी बात है। न केवल इन पहलुओं पर, लेकिन तकनीकी रूप से भी टेलीविजन आज बहुत आगे बढ़ रहा है। मुझे याद है कि जब मैं 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' शो कर रही थी, सेट पर एसी को साउंड डिस्टर्बेंस के कारण टेक के दौरान बंद करना पड़ा था और चूंकि मुझे बहुत पसीना आता था,यह बहुत असुविधाजनक हुआ करता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। कसौटी...' खत्म होने के बाद शुभवी अब एक उस प्रोजेक्ट की प्रतीक्षा कर रही है, जो स्क्रीन पर उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में उन्हें सक्रियता प्रदान कर सकेगी।



# 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' से मिला खुद को चुनौती देने का मौका: परिणीति चोपड़ा



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा मनोवैज्ञानिक सस्पेंस ड्रामा 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, जो उन्हें खुदको चुनौती देने का मौका देती है। परिणीति का कहना है कि 'फिल्म ह्यद गर्ल ऑन द ट्रेन' मेरे लिए पूरी तरह से अलग अनुभव था, क्योंकि मैंने पहले कभी इस तरह की भूमिका नहीं निभाई है। मीरा कपूर के चरित्र में उतरना और उसे जीवंत करने के लिए (निर्देशक) रिभु (दासगुप्ता) के साथ मिलकर काम करना, मेरे लिए सीखने का एक बहुत बड़ा अनुभव था।' उन्होंने कहा कि 'एक अभिनेत्री के रूप में, मैं हमेशा खुद को और अधिक चुनौती देना चाहती हूं और इस भूमिका ने मुझे ऐसा करने का अवसर दिया है।' बता दें कि फिल्म हॉलीवुड थ्रिलर 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' की एक आधिकारिक हिंदी रीमेक है, जो इसी नाम की पाउला हॉकिन्स की 2015 बेस्टसेलर पर आधारित है। यह फिल्म पहले मई 2020 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसे आगे बढ़ा दिया गया था।

## ऐक्ट्रेस साक्षी मलिक ने शेयर कीं मालदीव वकेशन की तस्वीरें

# फैंस से पूछा- फिर मालदीव जाएं या यूरोप के खुलने का इंतजार करें

मुंबई। ऐक्ट्रेस-मॉडल साक्षी मलिक फिल्म 'सोनू के टीटू की स्वीटी' के सॉन्ग 'बोम डिगी डिगी' के लिए जानी जाती हैं। इसके साथ ही वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अपनी ग्लैमरस फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। साक्षी मलिक ने एक बार फिर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तीन तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये थ्रोबैक तस्वीरें मालदीव वकेशन की हैं। इसके साथ ही साक्षी मलिक ने फैंस से अपने अगले हॉलिडे डेस्टिनेशन को लेकर राय मांगी है।



साक्षी मलिक ने अपनी तस्वीरों के साथ के साथ लिखा, 'क्या मुझे फिर से मालदीव जाना चाहिए या यूरोप के फिर से खुलने का इंतजार करना चाहिए?' बताते चलें कि साक्षी मलिक के इंस्टाग्राम पर करीब 6 मिलियन फॉलोवर हैं। साक्षी मलिक ने जो तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। पहली और दूसरी तस्वीर में वह स्विमसूट में नजर आ रही हैं। तीसरी तस्वीर में साक्षी मलिक अपने बॉयफ्रेंड सांतुल कटहरा के साथ बैठी हुई हैं। साक्षी मलिक को फिल्म 'सोनू के टीटू की स्वीटी' के सॉन्ग से लोकप्रियता मिली थी। इस गाने से उन्होंने लोगों को इम्प्रेस किया था।

# समाज के लिए मार्मिक एवं संवेदनशील संदेश देती लघु फिल्म द मास्टर पीस



**नई दिल्ली ।** राइट क्लिक प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म द मास्टर पीस एक मार्मिक ,संवेदनशील एवं समाज को जागरूक करने वाली लघु फिल्म है । जिसकी दर्शक खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं । इस फिल्म के माध्यम से परिवार के अबोध बच्चों की सुरक्षा एवं सतर्कता के प्रति जीवंत संदेश दिया गया है । हमारी छोटी चुक बड़ी घटना का कारण बन जाती है । हम बच्चों के प्रति लापरवाह बने रहते हैं जिस कारण मासूम बच्चियों के साथ अनहोनी हो जाती है, जिसकी हम कल्पना भी नहीं करते । लघु फिल्म के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि हम अपने अबोध बच्चों को अंधेरे में खेलने नहीं जाने दे तथा परिवार से करीबी संबंध रखने वाले लोगों पर भी आंख मूंदकर भरोसा नहीं करें । छोटी बच्चियों के अंदर यह भावना विकसित करें कि वह समूह में रहे और ग्रुप में ही खेले कूदे, क्योंकि अकेला होने का फायदा उठाकर विकृत मानसिकता के लोग बच्चियों के साथ छेड़छाड़ एवं दुराचार की घटना को अंजाम देते हैं । मास्टर पीस फिल्म एम एक्स प्लेयर जैसे बड़े प्लेटफार्म पर उपलब्ध है ।




इसका निर्देशन वी कुमार ने किया है, खलनायक की भूमिका में अमित सागर ने बड़ा ही प्रेरक अभिनय प्रस्तुत किया है । वही पुलिस की भूमिका में मनिंदर चौधरी एवं थानादार की भूमिका में हेमेंद्र शर्मा ने लोगों की काफी सराहना बटोरी है । इस फिल्म की केंद्रीय भूमिका अनवी नागपाल नामक बालिका है जिसने अभिनय के क्षेत्र में काफी नाम कमाया है । पटकथा संवाद एवं जज की भूमिका में शिक्षाविद डॉ अलोक प्रकाश ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है । इनकी 42 पुस्तकें अभी तक प्रकाशित हो चुकी है जो विभिन्न महाविद्यालयों में छात्रों को पढ़ाया जा रहा है । पेंटर की भूमिका में टीवी जगत की मशहूर हस्ती मानव मेहरा ने कमाल की भूमिका की है । चर्चित सीरियल कलाकार चंद्रानी बैध ने महिला कलाकार की केंद्रीय भूमिका में शानदार प्रदर्शन कर काफी प्रशंसा बटोरी है ।


# किसान आंदोलन को लेकर प्रियंका चोपड़ा की चुप्पी पर मिया खलीफा ने उठाया सवाल

भारत में चल रहे किसान आंदोलन पर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की चुप्पी पर पूर्व एडल्ट स्टार मिया खलीफा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रियंका को ताना मारते हुए लिखा है, 'क्या मिसेज जोनास कुछ बोलने वाली हैं? मैं उत्सुक हूं। यह मुझे वैसे ही लग रहा है, जैसा बेरूत की तबाही के दौरान शकीरा को देख कर लग रहा था। चुप्पी।'

### बेरूत तबाही के दौरान शकीरा ने क्या किया था?

अगस्त 2020 में लेबनान की राजधानी बेरूत के बंदरगाह पर बड़ा विस्फोट हुआ था , जिसमें 180 से ज्यादा लोग मारे गए थे और 6000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। तब म्यूजिशियन शकीरा ने लेबनान बेस्ड फैशन डिजाइनर ज़ुहैर मुराद के साथ मिलकर विस्पोट के पीड़ितों के लिए फंड इकठ्ठा करने का ऐलान किया था। मिया खलीफा ने उस वक्त इसे शकीरा का सबसे कम योगदान बताया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था कि





शकीरा को और बड़ी मदद करनी चाहिए, क्योंकि उनके पूर्वज लेबनान से ही थे।

### दो महीने पहले प्रियंका ने किया था आंदोंलन का समर्थन

दो महीने पहले प्रियंका चोपड़ा ने किसानों के समर्थन में सोशल मीडिया पोस्ट की थी। उन्होंने लिखा था, 'हमारे किसान भारत के भोजन सैनिक हैं। उनके डर को दूर करने की जरूरत है। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की जरूरत है। सम्पन्न लोकतंत्र होने के नाते जरूरी है कि हम इस संकट को जल्द से जल्द खत्म कर दें।' प्रियंका ने दिलजीत दोसांझ की एक पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए यह लिखा था।

इसके बाद एक्ट्रेस कंगना रनोट ने दिलजीत और प्रियंका को जमकर खरी-खोटी सुनाई थीं। कंगना ने पीएम मोदी की एक पोस्ट शेयर की थी, जिसमें वे संदेश दे रहे थे। कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा था, 'प्रिय दिलजीत, प्रियंका, अगर सच में किसानों की चिंता है, अगर सच में अपनी माताओं का आदर सम्मान करते हो तो सुन तो लो आखिर फार्मर्स बिल है क्या! या सिर्फ अपनी माताओं, बहनों और किसानों का इस्तेमाल करके देशद्रोहियों कि गुड बुक्स में आना चाहते हो? वाह रे दुनिया वाह।'







# शाहिद कपूर ने अपनी मिरर सेल्फी की शेयर



बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने जिम से अपनी विशेष मिरर सेल्फी शेयर की। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर यह तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में वह अपने बाइसेप्स को दिखा रहे हैं। शेयर तस्वीर को उन्होंने कैप्शन देते हुए लिखा कि 'गुड मॉर्निंग।' वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहिद जल्द ही फिल्म 'जर्सी' में नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए वह अपने फिटनेस पर काफी ध्यान दे रहे हैं। जर्सी इसी नाम से बनी तेलुगू फिल्म की हिंदी रीमेक है। इस वर्जन को भी गौतम तिन्नानुरी ही निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म 5 नवंबर को रिलीज होने को तैयार है।







